आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 38°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

निजीकरण के विरोध में बिजलीकर्मी 29 मई को देश भर में करेंगे प्रदर्शन

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 20 मई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 215 | www.janexpresslive.com/epaper



ममता बनर्जी ने औद्योगिक विकास पर दिया... 12

## सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी की याचिका खारिज की, कहा

# भारत कोई धर्मशाला नहीं है

## श्रीलंकाई नागरिक की याचिका खारिज, भारत छोड़ने के आदेश को दी थी चुनौती

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई शरणार्थी से जुड़े एक मामले में सोमवार को कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। दुनियाभर से आए शरणार्थियों को भारत में शरण क्यों दें? हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। हम हर जगह से आए शरणार्थियों को शरण नहीं दे सकते। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने यह टिप्पणी श्रीलंकाई तमिल नागरिक की शरण याचिका खारिज करते हुए की। दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने श्रीलंकाई नागरिक को यूएपीए मामले में 7 साल की सजा पूरी होते ही तुरंत भारत छोड़ देने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ उसने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर हस्तक्षेप करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की तरफ से आर. सुधाकरन, एस. प्रभु रामसुब्रमण्यम और वैरावन एएस ने कोर्ट में दलील दी।



> यह अनुच्छेद 21 का उल्लंघन नहीं है क्योंकि याचिकाकर्ता की स्वतंत्रता कानून के तहत ली गई थी। अनुच्छेद 19 के अनुसार भारत में बसने का मौलिक अधिकार केवल नागरिकों को ही उपलब्ध है।
>
> -जस्टिस दत्ता, सुप्रीम कोर्ट जज

### समझें पूरा मामला

यह केस एक श्रीलंकाई तमिल नागरिक का है, जिसे 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम से जुड़े होने के शक में तमिलनाडु पुलिस की क्यू ब्रांच ने दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया था। एलटीटीई पहले श्रीलंका में सक्रिय एक आतंकी संगठन था। 2018 में एक निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत 10 साल की सजा सुनाई थी। 2022 में मद्रास हाई कोर्ट ने सजा को सात साल कर दिया और कहा कि सजा पूरी होने के बाद उसे देश छोड़ना होगा और निर्वासन से पहले शरणार्थी कैंप में रहना होगा।

### याचिकाकर्ता श्रीलंका में वांटेड व्यक्ति घोषित

याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह वीजा लेकर भारत आया है। श्रीलंका में उसकी जान को खतरा है। उसकी पत्नी और बच्चे भारत में बसे हैं, और वह तीन साल से हिरासत में है, लेकिन निर्वासन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। याचिकाकर्ता ने बताया कि वह 2009 में श्रीलंकाई युद्ध में एलटीटीई के सदस्य के रूप में लड़ा था, इसलिए श्रीलंका में उसे ब्लैक-गजटेड (वांटेड) घोषित किया गया है। अगर उसे वापस भेजा गया, तो उसे गिरफ्तारी और यातना का सामना करना पड़ सकता है। उसने यह भी कहा कि उसकी पत्नी कई बीमारियों से पीड़ित है और उसका बेटा जन्मजात हृदय रोग से जूझ रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने रोहिंग्या शरणार्थियों के डिपोर्टेशन में भी हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था।

### कोर्ट रूम लाइव

**सुप्रीम कोर्ट:** क्या भारत को दुनिया भर के शरणार्थियों को रखना चाहिए? हमारे पास 140 करोड़ लोग हैं, यह कोई धर्मशाला नहीं है कि हम हर विदेशी को जगह दें।

**याचिकाकर्ता:** संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा) और अनुच्छेद 19 (मौलिक अधिकार, जैसे बोलने और घूमने की आजादी) के तहत दलील दी।

**जस्टिस दत्ता:** उसकी हिरासत अनुच्छेद 21 का उल्लंघन नहीं करती, क्योंकि उसे कानून के तहत हिरासत में लिया गया। कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 19 केवल भारतीय नागरिकों के लिए है।

**सुप्रीम कोर्ट:** आपका यहां बसने का क्या अधिकार है? वकील ने कहा कि वह शरणार्थी है और श्रीलंका में उसकी जान को खतरा है, तो कोर्ट ने सुझाव दिया कि वह किसी और देश में जाए।

### यह है मामला

याचिकाकर्ता को 2015 में दो अन्य लोगों के साथ एलटीटीई कार्यकर्ता होने के शक में गिरफ्तार किया गया था। उसे यूएपीए के तहत ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराया और 10 साल की सजा सुनाई थी। मद्रास हाईकोर्ट ने उसकी सजा घटाकर तीन साल कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि सजा पूरी होने के बाद उसको देश छोड़ना होगा। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता 2009 में एलटीटीई के पूर्व सदस्य के रूप में श्रीलंका में युद्ध लड़ चुका है और उसे वहां से निकाला गया है। अगर उसे वापस भेजा जाता है तो उसकी जान को खतरा होगा। उसने कहा कि उसकी पत्नी और बेटा कई बीमारियों से पीड़ित हैं।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल जामा मस्जिद सर्वे को सही ठहराया

### मुस्लिम पक्ष की अपील खारिज, शहर में फ्लैगमार्च



**जन एक्सप्रेस। संभल**

संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर चल रहे विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए ट्रायल कोर्ट के दिए गए सर्वे आदेश को पूरी तरह वैध ठहराया है। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के इस फैसले से मस्जिद कमेटी को झटका लगा है। हिंदू पक्ष ने इसे जीत बताया है। वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि यह इलाहाबाद हाईकोर्ट का बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय है। जो लोग यह कह रहे थे कि 19 नवंबर को ट्रायल कोर्ट द्वारा नियुक्त सर्वे कमिश्नर की नियुक्ति गलत थी और मस्जिद पक्ष को सुने बिना नियुक्त किया गया था, उनकी सभी दलीलों को कोर्ट ने सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 26 (नियम 9 और 10) के तहत कोर्ट को सर्वे कमिश्नर नियुक्त करने का पूरा अधिकार है। उस समय किसी पक्ष को सुना जाना आवश्यक नहीं होता। केवल सर्वे के समय दोनों पक्षों की उपस्थिति जरूरी होती है, जिसे 19 और 24 नवंबर दोनों ही दिनों में निभाया गया।

### अब तक 85 आरोपी गिरफ्तार

जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी और 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। हिंसा में शामिल करीब तीन सौ लोगों को आरोपी बनाया गया है। जिनमें से 85 को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने 74 उपद्रवियों के पोस्टर भी जारी किए थे और उनकी पहचान बताने वाले को इनाम देने की घोषणा की थी।

# दुर्घटना नहीं, साजिश है यह मौत!

## एंबुलेंस चालक विशाल यादव की संदिग्ध मौत पर उठे कई सवाल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

**काकोरी।** सड़क पर घायल युवक पड़ा था, पर कहानी सड़क हादसे से कहीं ज्यादा गहरी है। दो महीने पहले ही शादी के बंधन में बंधा ऐंबुलेंस चालक विशाल यादव अब इस दुनिया में नहीं रहा - लेकिन उसकी मौत को महज़ दुर्घटना कहना सच्चाई से मुँह मोड़ना है।

### मौत या हत्या?

विशाल यादव की जान उस वक्त गई जब वह पेट्रोल पंप पर हुए विवाद के बाद कुछ हमलावरों से बचकर भाग रहा था। जान बचाने की कोशिश में सड़क पार करते हुए वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। सवाल उठता है - क्या ये दुर्घटना थी या जान-बूझकर की गई साजिश?

### दुबग्गा में पार्टी, फिर विवाद

घटना दुबग्गा क्षेत्र के घैला पुल के पास की है। विशाल अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था, जिसके बाद एक पेट्रोल पंप पर पैसे को लेकर विवाद हुआ। 500 रुपये दिए गए, लेकिन सिर्फ 200 रुपये का पेट्रोल डाला गया। बचे हुए 300 रुपये को लेकर बहस इतनी बढ़ी कि मारपीट तक पहुँच गई।



### पीछा कर हमला और फिर दुर्घटना

गवाहों के मुताबिक, विवाद के बाद हमलावरों ने विशाल का पीछा किया। वह अपनी जान बचाने के लिए सड़क पार कर रहा था कि तभी एक तेज़ रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। मौत मौके पर ही हो गई।

### परिवार का आरोप- हत्या हुई है

विशाल की माँ ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कराया है। परिवार का साफ कहना है - यह एक्सीडेंट नहीं, सुनियोजित हत्या है। अब तक किसी की गिरफ्तारी न होना पुलिस की नाकामी का सबूत है।

### पुलिस जाँच सवालों के घेरे में

शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिसिया जांच की रफ्तार पर जनता सवाल उठा रही है।

### विशाल: एक मेहनतकश जीवन की दर्दनाक समाप्ति

करीमगंज, सआदतगंज निवासी विशाल यादव एक निजी अस्पताल में ऐंबुलेंस चलाता था। पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। परिवार की जिम्मेदारी उसके कंधों पर थी। दो महीने पहले ही शादी हुई थी।



### सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन, न्याय की पुकार

परिजनों और स्थानीय लोगों ने ठाकुरगंज बॉर्डर पर शव रखकर प्रदर्शन किया। हत्यारों को गिरफ्तार करो, हमारा बेटा लौटा दो, जैसे नारों से इलाका गूंज उठा। प्रशासन के आश्वासन के बाद ही प्रदर्शन खत्म हुआ- पर जनता का आक्रोश अब भी कायम है। विशाल की मौत महज़ हादसा नहीं, एक गहरी लापरवाही, साजिश और पुलिसिया शिथिलता का मिला-जुला परिणाम है। अगर दोषियों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला पूरे शहर की कानून व्यवस्था पर बदनुमा दाग बन जाएगा।

### अब जनता पूछ रही है

क्या गरीब का बेटा कभी इंसाफ पाएगा?

# रेप केस में उम्रकैद काट रहे सपा नेता गायत्री प्रसाद प्रजापति को वीआईपी ट्रीटमेंट! बलरामपुर अस्पताल में 6 महीने से 'बीमारी' की आड़ में आराम



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की जेलें क्या अब रसूखदार कैदियों के लिए आरामगाह बन चुकी हैं? एक बार फिर यह सवाल गरम है। कारण- समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति, जिन्हें नाबालिग से बलात्कार जैसे जघन्य अपराध में उम्रकैद की सजा मिली है, बीते छह महीनों से जेल नहीं, बल्कि बलरामपुर अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में विशेष देखभाल में रह रहे हैं।

### 2017 में गिरफ्तार, 2021 में उम्रकैद, पर जेल में कब हैं?

मार्च 2017 में गिरफ्तार और नवंबर 2021 में कोर्ट द्वारा उम्रकैद की सजा पाने के बावजूद प्रजापति लगातार बीमारियों की आड़ में अस्पतालों में शिफ्ट होते रहे हैं। ये बीमारियाँ ऐसी हैं जिनका इलाज न तो जेल अस्पताल में संभव है और न ही इनकी रिपोर्टें सार्वजनिक होती हैं। सवाल है-क्या सचमुच बीमारी है या फिर रसूख का खेल?उठाया गया।

### केजीएमयू में 1 साल और अब बलरामपुर में 6 महीने

साल 2022 में प्रजापति केजीएमयू में लगभग पूरे एक साल भर्ती रहे। सूत्रों के अनुसार उस समय भी उन्हें वीआईपी ट्रीटमेंट दिया गया - अलग वार्ड, नियमित विज़िटर और तमाम सुविधाएं। अब दिसंबर 2024 से वह बलरामपुर अस्पताल की नई बिल्डिंग के प्राइवेट वार्ड नंबर 15 में इलाज के नाम पर रुके हुए हैं। यहां भी उनके कमरे में टीवी, पंखा, विशेष भोजन और मिलने-जुलने वालों की नियमित आवाजाही जारी है। अस्पताल स्टाफ और जेल सुरक्षाकर्मियों की मिलीभगत की भी चर्चाएं हैं।

### सबसे बड़ा सवाल: मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट कहां है?

अगर प्रजापति वास्तव में गंभीर रूप से बीमार हैं, तो फिर मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जाती? जेल मैनुअल के अनुसार किसी कैदी को जेल अस्पताल से बाहर शिफ्ट करने के लिए गंभीर मेडिकल आधार जरूरी होता है, जिसकी प्रमाणिकता और जांच भी आवश्यक होती है।

### क्या आम कैदी को ऐसी सुविधा मिलती है?

यह मामला न सिर्फ जेल प्रशासन बल्कि चिकित्सा विभाग और राज्य सरकार की कार्यशैली पर भी गहरी चोट करता है। क्या एक सजायाफ्ता, गंभीर अपराधी को इतनी छूट देना न्याय के साथ खिलवाड़ नहीं? क्या आम कैदी को भी ऐसी सुविधाएं मिलती हैं?

### जनता, न्यायपालिका और मीडिया को चाहिए हस्तक्षेप

यह मामला सिर्फ एक अस्पताल या एक कैदी का नहीं, बल्कि व्यवस्था की गिरती साख और कानून के दोहरे मापदंडों की कहानी है। अब समय आ गया है कि...

- मेडिकल बोर्ड की स्वतंत्र जांच कराई जाए।
- पूरी भर्ती अवधि के दस्तावेज और विज़िटर रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएं।
- अगर नियमों का उल्लंघन हुआ है, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो।

### जेलर से पूछा तो गोलमोल जवाब, अधीक्षक के नंबर बंद

इस मामले की पुष्टि के लिए जब लखनऊ जिला जेल के अधीक्षक के ष्त्र नम्बर 9454418237 पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो नंबर बंद मिला। जिला जेल कार्यालय का नम्बर 9454418239 भी लगातार बंद मिला। जेलर के सीयूजी नम्बर 9454418238 पर बात होने पर उन्होंने सिर्फ इतना बताया कि गायत्री प्रसाद प्रजापति का अस्पताल में इलाज चल रहा है, लेकिन कब से भर्ती हैं- इस पर उन्होंने अनभिज्ञता जताई। हालांकि, करीब 10 मिनट बाद जेलर ने जन एक्सप्रेस को पुनः कॉल कर जिला जेल अधीक्षक का दूसरा नम्बर उपलब्ध कराया और कहा कि किसी भी प्रकार का वर्जन देने का अधिकार केवल जेल अधीक्षक को ही है। साथ ही यह भी जोड़ा कि जेल परिसर में बीएसएनएल नेटवर्क काम नहीं करता, इसलिए दूसरे नम्बर पर कॉल करें। जन एक्सप्रेस संवाददाता द्वारा उक्त वैकल्पिक नम्बर पर दो बार कॉल किया गया, लेकिन फोन नहीं

# सीएम धामी ने 16 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढिया व अन्य सदस्यों के साथ की बैठक

## मुख्यमंत्री धामी ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष रखा उत्तराखंड का पक्ष, पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति और विशेष अनुदान की उठाई मांग

- वित्तीय चुनौतियों और विकास आवश्यकताओं पर मुख्यमंत्री धामी की विस्तृत प्रस्तुति

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

सचिवालय में आयोजित एक विशेष बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और अन्य सदस्यों के समक्ष उत्तराखंड राज्य की वित्तीय स्थिति, संरचनात्मक चुनौतियों और विकास आवश्यकताओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

### इनवॉयरमेंटल फेडरलिज्म के अनुरूप क्षतिपूर्ति की मांग

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की ''ईको सर्विस लागत'' को ध्यान में रखते हुए पर्यावरणीय संघवाद की भावना के अनुरूप उपयुक्त क्षतिपूर्ति की आवश्यकता जताई। उन्होंने कर-हस्तांतरण में वन आच्छादन हेतु निर्धारित भार को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने का सुझाव भी दिया।

### जल विद्युत परियोजनाओं की सीमित संभावनाओं पर चिंता

गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने के कारण उत्तराखंड में जल विद्युत परियोजनाओं की संभावनाएँ सीमित हो गई हैं। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परियोजनाओं की क्षतिपूर्ति हेतु एक समुचित मैकेनिज्म तैयार करने का सुझाव दिया।






### राज्य की वित्तीय प्रगति और एसडीजी रिपोर्ट में उपलब्धियां

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 25 वर्षों में उत्तराखंड ने वित्तीय प्रबंधन सहित अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2023-24 की नीति आयोग की एसडीजी इंडेक्स रिपोर्ट में राज्य देश के अग्रणी राज्यों में रहा है। प्रति व्यक्ति आय में 11.33त्न की वृद्धि और बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की रिकॉर्ड कमी दर्ज की गई है।

### वन संरक्षण के लिए विशेष अनुदान की आवश्यकता

राज्य के 70त्न से अधिक भूभाग के वनों से आच्छादित होने के कारण विकास गतिविधियाँ सीमित हैं और संरक्षण पर अधिक खर्च करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने वन प्रबंधन और संरक्षण हेतु विशेष अनुदान दिए जाने का अनुरोध किया।

### औद्योगिक रियायत पैकेज समाप्ति के बाद की चुनौतियां

मुख्यमंत्री ने 2010 में समाप्त हुए इंडस्ट्रियल कन्सेसनल पैकेज का हवाला देते हुए कहा कि राज्य लोकेशनल डिसएडवांटेज से जूझ रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में निजी निवेश कम होने से विशेष बजटीय प्रावधान आवश्यक हो गए हैं।



### आपदा प्रबंधन और जल संरक्षण के लिए सहयोग की माँग

उत्तराखंड की आपदा-संवेदनशीलता को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए सतत आर्थिक सहयोग की आवश्यकता बताई। जल स्रोतों के संरक्षण हेतु शुरू किए गए ''सारा'' संस्थान और ''भागीरथ ऐप'' जैसे प्रयासों के लिए विशेष अनुदान की मांग की गई।

### तीर्थ स्थलों की फ्लोटिंग पापुलेशन से अतिरिक्त दबाव

राज्य में आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए परिवहन, स्वास्थ्य, कचरा प्रबंधन और पेयजल जैसे क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढाँचे की आवश्यकता पर बल दिया गया।

### राजस्व अनुदान प्रणाली में सुधार का सुझाव

मुख्यमंत्री ने ''राजकोषीय अनुशासन'' को कर-हस्तांतरण मानदंडों में शामिल करने और ''रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट'' के स्थान पर ''रेवन्यू नीड ग्रांट'' लागू करने का सुझाव दिया। उन्होंने पूंजीगत व्यय और अनुरक्षण लागत की अधिकता की ओर भी आयोग का ध्यान दिलाया।

### वित्त आयोग अध्यक्ष का उत्तराखंड दौरे पर सराहना

डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने राज्य की वित्तीय और सामाजिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड सहित अन्य पर्वतीय राज्यों की भौगोलिक चुनौतियों का समाधान व्यापक विचार-विमर्श के साथ किया जाएगा। आयोग 31 अक्टूबर 2025 तक केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा।

### बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों की भागीदारी

इस अवसर पर वित्त सचिव दिलीप जावलकर द्वारा राज्य की चुनौतियों पर प्रस्तुति दी गई। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, एल. फैनई, आर. मीनाक्षी सुंदरम सहित सचिवगण और अपर सचिवगण भी बैठक में उपस्थित रहे।

# मिट्टी खनन के खेल में गई ट्रैक्टर चालक की जान, आक्रोशित परिजनों ने लगाया जाम

**जन एक्सप्रेस । उरई**



कोतवाली क्षेत्र में चर्मसीमा पार कर चुके मिट्टी खनन के खेल में एक और ट्रैक्टर चालक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। जिसका शव चुर्खी रोड स्थित ग्राम चकजगदेवपुर के समीप सड़क किनारे झाड़ियों में जख्मी हालत में मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों ने मिट्टी माफियाओं पर हत्या का आरोप लगाते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची सीओ व कोतवाल ने जाम लगाए लोगों को कारवाई का भरोसा दिलाया। जब कहीं जाकर आक्रोशित लोगों ने जाम हटाया।

बता दें कि शहर कोतवाली क्षेत्र के चक जगदेवपुर निवासी सोनू कुमार 25 वर्ष गांव के ही एक व्यक्ति का ट्रैक्टर ट्राली चलाकर मिट्टी खनन का काम करता था। रविवार की रात को भी वह ठेकेदार के साथ मिट्टी खनन के लिए गया था। सोमवार की सुबह जब सोनू का शव ग्राम चक जगदेवपुर के समीप खड़े मिट्टी लदे ट्रेक्टर ट्राली से करीब दो सौ मीटर दूर सड़क किनारे झाड़ियां में जख्मी हालत में पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। खबर फैलते ही परिजनों के अलावा ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। संदिग्ध हालत में पड़ा युवक का शव देखकर परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने उरई चुर्खी रोड पर जाम लगा दिया। घटना की खबर मिलते ही क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह कोतवाल अरुण कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने जाम लगे लोगों को समझने का प्रयास किया। लेकिन ज्वालामुखी की तरह आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने उसकी हत्याकर शव फेंकने का आरोप लगाते हुए मिट्टी खनन माफियाओं पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों में उबाल देखकर मामला तूल न पकड़े सीओ ने उन्हें कार्रवाई करने का पूरा भरोसा दिलाया। सीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया, जिससे आगे पीछे लंबी कतारों में खड़े वाहन एक बार फिर सुचारू रूप से निकल सके।

### ठेकेदार एक जेसीबी 4 ट्रैक्टर ट्राली चलवाकर करता मिट्टी खनन

**उरई।** शहर कोतवाली की चुर्खी रोड़ स्थित चकजगदेवपुर के पास सड़क किनारे जख्मी हालत में मिले ट्रैक्टर चालक के शव के मामले में गांव में मिट्टी खनन माफियाओं की प्रति ग्रामीणों में भारी उबाल देखा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दबंग ठेकेदार एक जेसीबी 4 ट्रैक्टर ट्राली चलवाकर मिट्टी खनन का खेल खुलेआम खेलता है। लेकिन कोई भी संबंधित अधिकारी इन पर हाथ डालने की जुर्रत भी नहीं करता। जिससे हौसले बुलंद मिट्टी खनन माफियाओं के खेल में एक और ट्रैक्टर चालक की जान चली गई।

### पुलिस पर भी हजारों रुपए लेकर ट्रैक्टर निकलवाने का लगा आरोप

**उरई।** घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस पर भी सवालिया निशान खड़े कर दिए। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस मिट्टी खनन माफिया से मोटी रकम लेकर उन्हें आजादी से मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्राली निकलवाने में कोर कसर नहीं छोड़ रही है। जिसको लेकर आजाद मिट्टी माफिया धड़ल्ले से मिट्टी खनन करने में लगे हुए हैं।

# आकांक्षा समिति की प्रदेश अध्यक्ष ने किया तुलसीदास द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस के दर्शन

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**




उत्तर प्रदेश आकांक्षा समिति की प्रदेश अध्यक्ष रश्मि सिंह ने बीती शाम समिति की अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर में उनके द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस का दर्शन किया। साथ ही माँ कालिंदी की आरती में भी शामिल हुईं।

राजापुर पहुंची उत्तर प्रदेश आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ रश्मि सिंह ने कहा कि एक अध्यात्म क्षेत्र से जुड़े होने के कारण तुलसी जन्मस्थली का एक विशेष महत्व है। यहाँ आने पर उन्हें अध्यात्म की अनुभूति भी हुई। कहा कि माँ कालिन्दी की आरती, श्रीरामचरितमानस के दर्शन उनकी अंतरात्मा का शांति मिली है। बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा चित्रकूट जनपद को आकांक्षी जनपद घोषित गया किया है, जहां महिलाओं को शिक्षित, स्वावलम्बी बनाने एवं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की योजना सरकार द्वारा चलाई जा रही है। कहा कि महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पुरुष समाज के भी सहयोग की आवश्यकता है।

राजापुर के उपजिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने बताया कि उत्तर प्रदेश की आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ रश्मि सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य महिला सशक्तिकरण व सामाजिक क्षेत्र में परिवर्तनकारी कार्य कर रहीं हैं। बताया कि इस क्षेत्र में योगदान के उन्हें सम्मानित भी किया गया है। इस दौरान उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने उन्हें अंगवस्त्र, श्रीरामचरितमानस ग्रन्थ व गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा भेंट की। इस मौके पर जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष तनुषा टीआर, तहसीलदार भारत प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार पारुल सिंह परिहार, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम, उद्योग व्यापार मण्डल नगर इकाई राजापुर के शिवपूजन गुप्ता, सतीशचन्द्र मिश्रा, सुभाषचन्द्र अग्रवाल, सभासद शंकरदयाल जायसवाल, चमनलाल रैकवार, राजेश केशरवानी, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह, थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीपीआई के जिला सम्मेलन में अमित को सचिव व संदीप को चुना गया सहायक सचिव



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा जिला सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों द्वारा पूर्व कार्यकारिणी को यथावत रखने का निर्णय लेते हुए अमित यादव को जिला सचिव, संदीप पाण्डेय को सहायक सचिव व राजेन्द्र कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया।

कार्यक्रम में सीपीआई के जिला सचिव अमित यादव ने राजनैतिक रिपोर्ट व सहसचिव संदीप पाण्डेय ने सांगठनिक रिपोर्ट पेश की। जिस पर सभी प्रतिनिधियों ने चर्चा व विमर्श में हिस्सा लेते हुए पूर्व कार्यकारिणी को यथावत रखने का निर्णय लिया। जिसमें का. अमित यादव को जिला सचिव , का. संदीप पाण्डेय को सहायक सचिव तथा का. राजेन्द्र कुमार को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही साथ ही पांच सदस्यीय सचिव मंडलीय समिति भी गठित की गई। इस दौरान सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वह पार्टी की सदस्यता बढ़ाकर गांव-गांव में जनजागरण अभियान चलाकर सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा भाजपा के झूठ को सामने लाकर मेहनतकश वर्ग को जगाने का काम करेंगे।

इस मौके पर का. रामप्रसाद सिंह, का. महेंद्र प्रताप, का. चुनकू विश्वकर्मा, का. रामकृपाल पांडेय, का. रामचन्द्र सरस, संदीप पाण्डेय, रविकरन, सुशील सिंह, राजेन्द्र कुमार, रणधीर, कमलेश, रामबरन, मनभूषण पाल, शिवमंगल, शिवनरेश, रमाशंकर आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार में डूबे है कर्वी नगर पालिका के ईओ गौतम



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भीम आर्मी पदाधिकारियों ने सोमवार को सफाई से सम्बन्धित ज्ञापन देने के लिए जब नगर पालिका पहुंचे को नगर पालिका अध्यक्ष सहित अधिशासी अधिकारी कार्यालय छोड़कर भाग गए।

भीम आर्मी के जिला संयोजक एसके गौतम ने कहा कि जिला मुख्यालय में नगर पालिका ने साफ-सफाई के नाम पर खूब लूट मचा रखी है। साथ ही नगर वासियों के प्रार्थना पत्रों का भी कोई निस्तारण नहीं किया जाता है। बताया कि सोमवार को वह जब भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष रामनाथ वर्मा द्वारा विद्या नगर के नगरवासियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने के लिए नगर पालिका पहुंचे तो नगर पालिका अध्यक्ष सहित अधिशासी अधिकारी ज्ञापन न लेने के बहाने से कार्यालय छोड़कर भाग गए। कहा कि ऐसे कार्य से आम जनता पर गलत प्रभाव पड़ता है तथा सरकार की छवि धूमिल होती है। इस मौके पर भीम आर्मी के जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति, जिला प्रवक्ता विनोद वर्मा, नगर अध्यक्ष रामनाथ वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की बिगड़ी हालत, मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुशील नगर निवासी पिछड़ा वर्ग कार्यालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की हालत बिगड़ने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुशील नगर निवासी प्रेमचंद्र साहू 52 पिछड़ा वर्ग कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में तैनात था। रविवार की रात अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। हालत बिगड़ते देख परिवार के लोग घबरा गए और उन्होंने उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने जांच पड़ताल के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि उनके दो बच्चे हैं, और वह करीब 15 वर्ष से कार्यालय में तैनात थे। उनकी मौत से पत्नी शशि सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार राय ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह पता चलेगी।

## रासेयो ने दी डिफेंस वारियर कार्यक्रम की जानकारी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा डिफेंस वारियर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों व स्वयं सेविकाओं को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उनका पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी एसपी मिश्रा ने बताया कि खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार और राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में वालिंटियर व डिफेंस वारियर का पंजीकरण कराया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को माय भारत के अंतर्गत डिफेंस वारियर का पंजीकरण किया जाना है। जिसकी जानकारी स्वयं सेवकों व स्वयं सेविकाओं को देते हुए मोबाइल फोन के माध्यम से पंजीकरण भी कराया गया। साथ ही उन्हें देश सेवा में तत्पर रहने के लिए भी जागरूक किया गया। इस मौके पर डॉ आनंद कुमार, एसपी मिश्रा, डॉ रीना पांडेय, डॉ भविया माथुर, डॉ रमा सोनी, ओमप्रकाश, जितेन्द्र सिंह, डॉ शान्त कुमार चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## इम्प्रूवमेंट व कर्म्टमेंट परीक्षा के लिए करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित की गई वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में इम्प्रूवमेन्ट व कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिए परीक्षार्थी विभाग की वेबसाइट पर 19 मई से 10 जून की मध्यरात्रि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव से देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया अधिक सशक्त, सुव्यवस्थित बन सकेगी : प्रकाश पाल

**जन एक्सप्रेस । उरई**



भाजपा के कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सोमवार को एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के अंतर्गत सोमवार को ठंडेश्वरी मंदिर परिसर में साधु-संत संवाद विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की परिकल्पना देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने बताया कि बार-बार चुनाव कराए जाने से जहां सरकारी खर्च में अत्यधिक वृद्धि होती है, वहीं समय की बर्बादी और प्रशासनिक बाधाएं भी उत्पन्न होती हैं। अगर देश में लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ कराए जाएं, तो इससे देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया अधिक सशक्त, सुव्यवस्थित और लागत प्रभावी बन सकेगी।उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होने से सार्वजनिक सेवाओं में सुधार, सामाजिक तनाव में कमी, तथा रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। इस अवसर पर उपस्थित साधु-संतों ने भी इस राष्ट्रीय विषय पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनमानस तक इस अभियान को पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर महंत श्री 1008 जमुना दास महाराज बनखंडी धाम, कालपी और महंत श्री 1008 सिद्धरामदास महाराज सिद्धपीठ ठड़ेश्वरी मंदिर ने की।अन्य प्रमुख उपस्थित संतों में मोहनदास, गोपालदास, सानंद दास, राघव दास, रामकिशोर दास, अटल दास, श्याम दास, महेश दास, मोनी महाराज, कमलेश दास, नीनू महाराज, अशोक दुबे सहित सैकड़ों संत-महात्मा मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी के लिए करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला समाज कलयाण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संचालित निःशुल्क कोचिंग में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नवीन अभ्यर्थियों के चयन के लिए आवेदन कर सकते है। बताया कि अभ्यर्थी मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग केन्द्र जिला पुस्तकालय में या या जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में आगामी 10 जून तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 से सायं पांच बजे तक कर सकते है। साथ ही आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट पर भी प्राप्त व जमा किए जा सकते है। बताया कि प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा मध्य जून तक कराई जाएगी, जिसकी सूचना पृथक से दी जाएगी। बताया कि प्रवेशित अभ्यर्थियों की निःशुल्क कक्षाएं एक जुलाई से प्रारंभ होगी।

बताया कि प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जेईई, नीट के लिए शैक्षिक अर्हता कक्षा 11 कक्षा 12 में अध्यनरत अथवा उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र पात्र होंगे। साथ ही सिविल सेवा व पीसीएस परीक्षा के लिए स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र व स्नातक उत्तीर्ण छात्र अर्ह होंगे। साथ ही एनडीए, सीडीएस, बैंकिंग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग के लिए योग्यता सम्बन्धित प्रतियोगी परीक्षा के अनुरूप होगी।

### विषय विशेषज्ञ करें आवेदन

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जनपद में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग केन्द्र कर्वी में अध्यापन कार्य के लिए अनुभवी एवं कुशल विषय विशेषज्ञों का चयन जनपद स्तरीय चयन समिति के द्वारा साक्षात्कार व ट्रायल लेक्चर के माध्यम से किया जायेगा। बताया कि अध्यापन कार्य के लिए आवेदन करने के लिए विषय विशेषज्ञ सम्बन्धित अभिलेख संलग्न करते हुए आगामी पांच जून तक मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग केन्द्र कर्वी में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से उपलब्ध करा सकते है। बताया कि सम्बन्धित विषयों में अध्यापन का अनुभव व एकदिवसीय परीक्षा की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने वाले एवं साक्षात्कार देने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से त्रस्त विद्युत विभाग ने नया फरमान किया जारी

## विभाग ने अवर अभियंताओं पर तय की ट्रांसफार्मर संचालन की जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह 'बादशाह'**

**उरई।** विद्युत विभाग के आला अधिकारियों के लिए आए दिन ट्रांसफार्मर फुकने की घटनाओं ने उन्हें इस कदर त्रस्त कर दिया है कि अब उनके समक्ष अपने ही विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी को सुनिश्चित करने और लापरवाही के दौरान उन्हें जिम्मेदार मानते हुए उन पर ट्रांसफार्मर के मरम्मत कराए जाने में आने वाले खर्च की वसूली का फरमान भी जारी करने की नौबत आ गई है अधीक्षण अभियंता की माने तो अब जहां भी ट्रांसफार्मर जल्दी फुकने की घटना होगी। वहां ट्रांसफार्मर की मरम्मत में आने वाला खर्च संबंधित क्षेत्र के जेई से वसूला जाएगा।



बताते चलें कि पिछले लंबे समय से जनपद मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में आए दिन ट्रांसफार्मर फुकने की घटनाएं तेजी के साथ बढ़ती जा रही थी। अब इसके पीछे मुख्य वजह क्या रही यह तो जिम्मेदार लोग ही जानते होंगे लेकिन जिस तरह से एक ही स्थान पर स्थापित ट्रांसफार्मर एक बार दुरुस्त होने के बाद फिर से फुकने की स्थिति में पहुंचने लगे तो फिर विभागीय जिम्मेदारों के लिए यह कम परेशानी का सबब नहीं था। फिलहाल अब विद्युत विभाग के आला अधिकारियों ने लगातार जल्दी-जल्दी फूकने वाले ट्रांसफार्मर को लेकर विभागीय जिम्मेदारों की ही जिम्मेदारियां तय की है अधीक्षण अभियंता विद्युत नंदलाल ने बताया कि इस संबंध में यह सुनिश्चित किया गया है कि यदि किसी स्थान का ट्रांसफार्मर निश्चित समय से पूर्व फुक रहा है तो इसके लिए अब अगर अभियंता ही जिम्मेदार होंगे उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने आदेश जारी कर दिए हैं कि अब ट्रांसफार्मर फुकता है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के अवर अभियंता की होगी वही इसे दुरुस्त कराएगा और इसमें आने वाले खर्च को भी अवर अभियंता से ही वसूला जाएगा। फिलहाल जो भी हो लेकिन इतना तय है कि विभागीय आला अधिकारी यह मानकर चलते हैं कि जल्दी-जल्दी ट्रांसफार्मर पकाने की घटनाओं के पीछे यदि सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारण कोई है तो वह जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की शिथिलता यही वजह रही की अब विभागीय आला अधिकारियों को इस समस्या से निजात पाने के लिए नए फरमान में अवर अभियंताओं की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है।

## डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को कलेक्टरेट स्थित चैंबर में जनसुनवाई का आयोजन कर फरियादियों की समस्याएं सुनी। साथ ही निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान डीएम ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि जमीन से सम्बन्धित समस्याओं में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निष्पक्ष निस्तारण कराएं। कहा कि जनसुनवाई के दौरानी जो भी समस्याएं प्राप्त हो रही है, उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं। साथ ही समस्या निस्तारण से सम्बन्धित व्यक्ति को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। इस मौके पर अपर उपजिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# किशोर की तालाब में गिरकर डूबने से मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोंच कोतवाली क्षेत्र के दिरावटी में संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में डूबने से किशोर की मौत हो गई।

नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दिरावटी निवासी नरेंद्र अहिरवार का 12 वर्षीय पुत्र रंजीत सोमवार की सुबह शौच के लिए घर से निकला था।बताया गया कि वह गांव के बाहर स्थित तालाब के पास गया और वहां पानी लेने के लिए तालाब में उतर गया। इसी दौरान उसका अचानक पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने किशोर को डूबते देखा, और वह तुरंत बाहर निकालकर परिजनों को खबर देने के बाद उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।आसपास मौजूद ग्रामीणों ने किशोर को डूबते देखा, और वह तुरंत बाहर निकालकर परिजनों को खबर देने के बाद उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पुलिस द्वारा मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल की जा रही है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को विधायक ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़**

सीबीएसई बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा का परिणाम आने के बाद लिटिल एंजेल्स एजुकेशन सेंटर ने सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर मेधावियों को सम्मानित किया गया। साथ ही उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक का मूलचंद निरंजन ने मेधावियों को सम्मानित करते हुए कहा कि लिटिल एंजेल्स एजुकेशन सेंटर के छात्र व छात्राएं प्रतिदिन नए-नए कीर्तिमान रच रहे हैं। इसी तरह विद्यालय की एक नही अनेक छात्राओं ने एक बार फिर 90 प्रतिशत सें ज्यादा अंक लाकर कीर्तिमान रच स्कूल का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सीबीएससी बोर्ड में 90 प्रतिशत अंक लाना किसी चुनौती से कम नहीं है। वही मेधावी छात्रा आंनया, गौरी गुप्ता, काम्या,श्रेया, योगिता, राजप्रताप सिंह, दीपिका व शुभी तिवारी ने भी जूनियर छात्र-छात्राओं को सफलता के टिप्स दिए। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह, जिलाध्यक्ष प्रधान संघ विनय प्रताप सिंह, मंडल महामंत्री सोनू तोमर व प्रिंस द्विवेदी ने विद्यार्थियों का




उत्साहवर्धन किया। साथ उनके उज्वल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम में आये हुये अतिथियों का विद्यालय के संरक्षक संजय गुप्ता, अजीत गुप्ता, प्रबंधिका अनामिका गुप्ता व उप प्रबन्धक मुकेश गुप्ता ने फूलमाला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने आये हुये अभिवावको का आभार जताया। इस मौके पर शिक्षक सुशील गुप्ता, निधि सिंह, विष्णु दुबे, दिलीप सर, कमल, राकेश सर, मानवेन्द्र सर, संतोष सर आदि शिक्षक मौजूद रहे।



### ‘नागरिकों के अनुकूल नया ओसीआई पोर्टल...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बेहतर कार्यक्षमता वाला ओसीआई पोर्टल नागरिकों के अनुकूल डिजिटल शासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए ओसीआई पोर्टल को लॉन्च किया। इसमें ऐसा इंटरफेस है... पढ़ें पेज 12 पर...

# प्राइमरी स्कूलों में शुरू हुईं गर्मियों की छुट्टियां

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



प्रदेश के 1.33 लाख परिषदीय विद्यालयों में मंगलवार से गर्मी की छुट्टी शुरू होगी। सोमवार को स्कूलों में पढ़ाई के बाद छुट्टी घोषित की गई। हालांकि उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में 21 मई से 10 जून तक समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। समर कैंप के आयोजन को लेकर बेसिक शिक्षा निदेशालय की ओर से सोमवार को भी बैठक कर सभी जिलों को दिशा निर्देश दिए गए। गर्मी की छुट्टी में नियमित शिक्षकों को स्कूल नहीं आना होगा। समर कैंप का आयोजन शिक्षामित्र व अनुदेशक कराएंगे। इसके लिए उन्हें निर्धारित मानदेय दिया जाएगा। जबकि 16 जून से फिर से नियमित पढ़ाई शुरू होगी। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में मंगलवार को पढ़ाई के बाद बुधवार 21 मई से 30 जून तक गर्मी की छुट्टी होगी। माध्यमिक के अशासकीय सहायता प्राप्त व स्ववित्तपोषित कॉलेजों को समर कैंप से राहत दी गई थी। किंतु जिलों में जिला प्रशासन यहां भी 21 मई से समर कैंप के आयोजन को लेकर बैठकें करके निर्देश जारी कर रहे हैं। इसे लेकर शिक्षकों में नाराजगी है।

### एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले के लिए पेयरिंग शुरू

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले के लिए जोड़ा बनाने (पेयरिंग) की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। शिक्षक ओटीपी शेयर कर 26 मई तक पेयर बना सकेंगे। जबकि 28 मई को तबादला आदेश जारी होगा। परिषदीय विद्यालयों में तबादले की प्रक्रिया दो महीने से ज्यादा से चल रही है। इसके लिए कई बार आवेदन की तिथि और कई बार आवेदन सत्यापन की तिथि बढ़ाई गई। इसे लेकर शिक्षकों में नाराजगी बढ़ रही थी। अंत में बेसिक शिक्षा निदेशक द्वारा 24 बीएसए को नोटिस जारी करने के बाद सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हुई है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि एक से दूसरे जिले के लिए जोड़ा बनाने की प्रक्रिया 19 से 26 मई तक होगी। तबादला आदेश 28 मई को जारी होगा और 29 मई से पांच जून के बीच कार्यभार ग्रहण व कार्य मुक्त किया जाएगा। इसी क्रम में जिले के अंदर परस्पर तबादले के लिए जोड़ा 29 मई से 06 जून तक ओटीपी शेयर कर बनाया जाएगा। 09 जून को तबादला आदेश जारी किया जाएगा। जबकि कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण 10 जून से 15 जून तक किया जाएगा। बता दें कि जिले के अंदर परस्पर तबादले के लिए 39 हजार से अधिक, वहीं एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले के लिए 31 हजार से अधिक शिक्षक आवेदक हैं।

# निजीकरण के विरोध में बिजलीकर्मी 29 मई को देश भर में करेंगे प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने सोमवार को एलान किया है कि 29 मई को निजीकरण के विरोध में देशभर में प्रदर्शन किया जाएगा। 20 मई को प्रदेश के सभी जिलों और परियोजनाओं पर व्यापक विरोध प्रदर्शन होंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की कोर कमेटी की ऑनलाइन हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए 29 मई को देशभर में प्रदर्शन होगा। करीब 27 लाख बिजलीकर्मी उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों के साथ अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने चेतावनी दी है कि यदि शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे प्रदेश के बिजलीकर्मियों पर कोई भी दमनात्मक कार्यवाही की गई तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया होगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। इसी क्रम में 14 मई से चल रहा वर्क टू रूल सोमवार को भी जारी रहा। वर्क टू रूल आंदोलन के दौरान बिजली कर्मियों ने कार्य के निर्धारित घंटों में ही कार्य किया। निर्धारित घंटों के बाद प्रबंधन से पूरी तरह असहयोग किया गया। 20 मई को 42 जनपदों के निजीकरण के विरोध में प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। लखनऊ में 20 मई को लखनऊ के सभी कार्यालयों के बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी और अभियंता शक्ति भवन मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### निजी घरानों के लिए लेखा-जोखा में फर्जीवाड़ा: दुबे

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि पॉवर कॉरपोरेशन की ओर से 30 फीसदी बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया है। यह निजीकरण की झांकी मात्र है। निजीकरण होने के बाद यह मनमानी बढ़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया है कि पॉवर कॉरपोरेशन प्रबंधन बैलेंस शीट में फर्जीवाड़ा कर रहा हैं। बढ़ा चढ़ा कर घाटा दिखा रहे हैं, जिससे निजीकरण के बाद कार्पोरेट घरानों को फायदा हो सके।

# हैट्रिक की तैयारी में जुटी बीजेपी

## यूपी में विधायकों का होगा रिपोर्ट कार्ड ऑडिट, टिकट से पहले तय होगी परफॉर्मेंस की कसौटी!

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने अभी से मिशन मोड में काम शुरू कर दिया है। दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार बना चुकी भारतीय जनता पार्टी अब तीसरी बार सत्ता में वापसी यानी हैट्रिक की तैयारी में जुट गई है। इस बार पार्टी ने अपने विधायकों की परफॉर्मेंस पर फोकस करते हुए बड़ा कदम उठाया है - विधायकों का रिपोर्ट कार्ड ऑडिट।

### हर विधायक के कामकाज पर होगी निगरानी

पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट कर दिया है कि टिकट अब प्रदर्शन के आधार पर मिलेगा, पहचान के नहीं। इसके लिए सरकार स्तर पर एक सर्वे कराया जा रहा है, जिसमें हर विधायक के क्षेत्र में जनता से फीडबैक लिया जा रहा है - उनके विकास कार्य, जनसंपर्क, क्षेत्रीय लोकप्रियता और संगठन से निष्ठा की गहन समीक्षा की जा रही है।

### क्यों जरूरी है यह कदम?

बीजेपी नेतृत्व को यह एहसास है कि तीसरी बार जनता का विश्वास जीतने के लिए केवल संगठन नहीं, मैदान में काम करने वाले प्रतिनिधियों का ट्रैक रिकॉर्ड भी मजबूत होना चाहिए। पिछली बार जिन सीटों पर हार हुई थी, वहाँ विशेष ध्यान दिया जा रहा है, और जहाँ एंटी-इनकम्बेंसी के संकेत मिले हैं, वहाँ बदलाव तय माना जा रहा है।

### नए चेहरों को मिल सकता है मौका

सूत्रों के मुताबिक, जिन विधायकों की रिपोर्ट कमजोर पाई जाएगी, उनके स्थान पर नई, स्वच्छ छवि वाले और जमीनी कार्यकर्ताओं को टिकट देने की योजना है। इससे पार्टी युवाओं, महिलाओं और सामाजिक रूप से प्रभावी चेहरों को भी मौका देने की रणनीति पर काम कर रही है।

### संघ की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका

बताया जा रहा है कि सर्वे रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के इनपुट भी लिए जा सकते हैं, ताकि जमीनी स्तर पर प्रभावशाली नेतृत्व उभरकर सामने आए। बीजेपी अब जीत की गारंटी सिर्फ नाम और चेहरे पर नहीं, बल्कि कार्य और परिणामों के आधार पर तय करेगी। विधायकों के इस ऑडिट से न केवल संगठन की जवाबदेही बढ़ेगी, बल्कि कार्यकर्ताओं और जनता में भी एक सकारात्मक संदेश जाएगा कि काम करेंगे तभी टिकट मिलेगा!

### सरकार को सौंपा गया ऑडिट का जिम्मा

इस विशेष ऑडिट की जिम्मेदारी सीधे सरकार को सौंपी गई है, ताकि यह कवायद किसी भी सियासी पूर्वग्रह से मुक्त और पारदर्शी रहे। इसमें प्रशासनिक फीडबैक, स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स और संगठन के इनपुट को भी जोड़ा जाएगा।

### पत्नी से विवाद के बाद किसान ने लगाई फांसी

**जन एक्सप्रेस। मलिहाबाद।** लखनऊ पत्नी से विवाद के बाद पति ने बैग में जाकर एक रस्सी के सहारे फांसी के फंदे से झूल गया पड़ोस के बाग में खेल रहे बग्चों ने मृतक के घर में सूचना दी ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि सूरज यादव 45 वर्ष पुत्र मैकू यादव निवासी नारायणपुर मजरा उमरावल थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ जो किसान थे और अपने बाग की आम की फसल की रखवाली कर रहे थे सोमवार को दोपहर में वह अपने घर खाना खाने गए बताया गया कि इस बीच सूरज की उनकी पत्नी प्रभुदेई से किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई पत्नी से विवाद के बाद सूरज तनाव में आ गए।

# उत्तर प्रदेश के 558 राज्यानुदानित मदरसों में घोटाले की सुगबुगाहट तेज

- एनएचआरसी ने दिए गहन जाँच के निर्देश ईओडब्ल्यू करेगी खुलासा!

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश के राज्यानुदानित 558 मदरसों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े और अनियमितताओं की परतें खुलने लगी हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आर सने इन मदरसों में फर्जी प्रबंध समितियों, अवैध नियुक्तियों, संदिग्ध फंडिंग, और बिना मानकों के चलाए जा रहे छात्रावासों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत जाँच के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार की संस्तुति पर अब इस मामले की कमान उत्तर प्रदेश आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू ने सँभाल ली है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, इन मदरसों में कई वर्षों से फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर सरकारी सहायता ली जा रही थी, जबकि न तो प्रबंध समितियाँ मान्य थीं और न ही शिक्षक-स्टाफ की नियुक्तियाँ वैध थीं।

### क्या है मामला?

सूत्रों के अनुसार, कुछ मदरसों में ऐसे छात्रों को भी नामांकित दिखाया गया जो या तो अस्तित्व में नहीं हैं या दूसरे संस्थानों में पढ़ रहे हैं। इसके साथ ही छात्रावासों में बिना किसी आधारभूत सुविधा और मानकों के बच्चों को ठहराने के प्रमाण मिले हैं। फंडिंग के स्रोतों और उपयोग को लेकर भी कई अनियमितताएँ उजागर हुई हैं।

### एनएचआरसी की सक्रियता और सरकार की सख्ती

एनएचआरसी ने यह स्पष्ट किया है कि बच्चों के शैक्षणिक अधिकारों और जीवन स्तर से समझौता नहीं किया जा सकता। आयोग ने सरकार को निर्देशित किया है कि सभी मदरसों की कार्यप्रणाली की गहराई से जाँच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### ईओडब्ल्यू की भूमिका में तेजी

ईओडब्ल्यू ने संबंधित दस्तावेज़ों और अकाउंट्स की जाँच शुरू कर दी है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इस घोटाले की तह तक जाकर व्यापक कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर आपराधिक धाराओं में मुकदमे दर्ज होंगे।

### आगे की राह

प्रदेश सरकार ने संकेत दिए हैं कि दोषी पाए जाने वाले मदरसों की मान्यता रद्द की जा सकती है और सरकारी सहायता बंद की जा सकती है। साथ ही, एक नया निगरानी तंत्र विकसित किया जाएगा ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर अंकुश लगाया जा सके। यह मामला न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सरकारी धन और मानवाधिकारों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अब ज्यादा गंभीर है। यदि जाँच निष्पक्ष रही, तो यह कार्रवाई आने वाले समय में अन्य संस्थानों के लिए भी चेतावनी बन सकती है।

# क्रिकेट प्रेमियों को योगी का तोहफा, गोरखपुर में बनेगा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, 30 हजार होगी क्षमता

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण व विकास कार्यों को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया तेज हो गई है। नियोजन विभाग ने इसका विस्तृत खाका तैयार किया है। कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236.40 करोड़ रुपये से 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। गोरखपुर में बनने वाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा जबकि पांच एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा। स्टेडियम एयरपोर्ट से 23.6 किमी, रासीनगर बस अड्डे से 22 किमी तथा गोरखपुर जंक्शन से 20.8 किमी की दूरी पर होगा। साथ ही कनेक्टिविटी को और बेहतर करने के लिए इसे गोखपुर-वाराणसी हाइवे (एनएच-24) से जोड़ने की तैयारी है। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इस दो मंजिला क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें सात मुख्य पिच व चार प्रैक्टिस पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा। यह स्टेडियम मल्टीपर्पज यूज मॉड्यूल पर बनेगा, यानी यहां इंटरनेशनल क्रिकेट इवेंट्स के साथ ही अन्य बड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा सकेगा।

### ये सुविधाएं मिलेंगी

- साउथ पवेलियन में मैच ऑफिशियल्स लाउंज, एंपायर-रेफरी बॉक्स, एंटी करप्शन बॉक्स, स्कोरर बॉक्स, 5 वीआईपी कॉर्पोरेट बॉक्स, वीआईपी लाउंज व डाइनिंग एरिया
- स्टेडियम में प्रेसिडेंशियल सूइट, कॉर्पोरेट बॉक्स, व वीआईपी लाउंज
- स्टेडियम परिसर में अंडरग्राउंड वॉटर टैंक, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, इंटरनल रोड्स, ड्राइव-वे, कार पार्किंग, तूफान जल निकासी प्रणाली तथा वॉक इन पाथ-वे उपलब्ध होगा।

# लोन चुकाने के बाद भी पुलिस प्रताड़ना! हरदोई के युवक ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

हरदोई जनपद के एक युवक ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक का कहना है कि उसने चारपहिया वाहन के लिए बैंक लोन की बकाया 94000 राशि पूरी तरह चुका दी है, फिर भी उसे पुलिस वसूली और प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। युवक ने बताया कि बैंक द्वारा एनओसी (नो ड्यूज सर्टिफिकेट) भी जारी कर दिया गया है, जिसकी प्रति उसके पास सुरक्षित है। बावजूद इसके, पुलिसकर्मी उसके घर आकर पूछताछ और प्रताड़ना कर रहे हैं।

### 2019 में वाहन खरीद पर लिया था लोन

अपूर्व मिश्रा निवासी वावन, हरदोई ने वर्ष 2019 में एक चारपहिया वाहन खरीदा था। वाहन की खरीद के लिए HDFC बैंक से 2,40,000 का लोन लिया गया था।

### केवल 94,000 की बकाया राशि रह गई थी

किसी कारणवश युवक 94,000 की अंतिम किश्त समय से जमा नहीं कर पाया। बैंक ने उसे नोटिस जारी किया, जिसके बाद उसने यह राशि भी बैंक में जमा कर दी।

### बुजुर्ग माता-पिता पर मानसिक दबाव

शिकायतकर्ता का कहना है कि पुलिस के बार-बार आने से उसके वृद्ध माता-पिता मानसिक तनाव में हैं। उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता, ऐसे में यह स्थिति और भी कष्टदायक बन जाती है।

### पुलिस और बैंक की मिलीभगत का अंदेशा

युवक ने आरोप लगाया कि पूरा पैसा जमा होने के बावजूद पुलिसिया दबाव कहीं न कहीं बैंक और पुलिस की मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

### पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग

युवक ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पत्रकारिता की मांग

यदि किसी व्यक्ति ने कानूनी रूप से अपने दायित्व पूरे कर दिए हैं, फिर भी उसे पुलिस प्रताड़ना का सामना करना पड़े, तो यह साफ तौर पर तंत्र की विफलता है। इस मामले में यदि पुलिस और बैंक के बीच कोई अनैतिक गठजोड़ सामने आता है, तो इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होना आवश्यक है।

# शादी समारोह में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, एक दर्जन से अधिक घायल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

**रहीमाबाद।** रहीमाबाद क्षेत्र के केसरीपुर गांव में रविवार रात एक शादी समारोह उस समय रणभूमि में बदल गया जब लड़की पक्ष और गांव के कुछ लोगों के बीच कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। लाठी-डंडों और पत्थरबाजी में दोनों पक्षों के एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रहीमाबाद पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम सभा ससपन मजरे केसरीपुर निवासी रामविलास की पुत्री गुड़िया की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान गांव के पुत्तू, गनेशी, बराती लाल, लल्लू, सोना, रामप्रसाद, कन्हैयालाल, रामभजन, सुंदर और बिनोद कुमार नशे की हालत में डीजे पर डांस करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और खाना बना रहे कारीगरों से अभद्रता करने लगे। आरोप है कि पुत्तू ने जानबूझकर खाने के भगोने में पानी डाल दिया। जब इसका विरोध किया गया तो वे लोग लाठी-डंडों से कारीगरों पर टूट पड़े। इस हमले में रोहित, सरवन, सुशील कुमार, दिलीप कुमार, अभिषेक (निवासी लहूरवान, थाना अटरिया, सीतापुर) सहित कई कारीगर घायल हो गए। वहीं, दूसरी ओर लड़की के चचेरे भाई सुनील कुमार ने तहरीर में आरोप लगाया है कि रामचंद्र, साजन, सरवन, शुकरू, रामविलास, बलराम समेत कई लोग कार्यक्रम में गाली-गलौज और बदसलूकी करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडे और पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे सोनू, रामप्रसाद, बराती लाल और कन्हैयालाल समेत कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। इस पूरे घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए इंस्पेक्टर रहीमाबाद आनंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घायलों का प्राथमिक उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया है और मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पति-पत्नी में विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी, मौत से गांव में मातम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

पत्नी से मामूली कहासुनी के बाद नारायणपुर मजरा उमरावल निवासी एक व्यक्ति ने आम के बाग में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। यह घटना सोमवार दोपहर की है, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, सूरज यादव (45) अपने आम के बाग की रखवाली कर रहे थे। सोमवार दोपहर वह घर पर खाना खाने आए थे, इसी दौरान किसी बात को लेकर उनकी पत्नी प्रभु देई से कहासुनी हो गई। विवाद के बाद सूरज काफी तनाव में आ गए और घर से रस्सी लेकर अपने आम के बाग की ओर चले गए। बाग में पहुंचकर उन्होंने आम के पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पास के बाग में खेल रहे बच्चों की नजर जब पेड़ पर लटकते शव पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और रहीमाबाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूरज यादव की मौत से घर में कोहराम मच गया। पत्नी प्रभु देई, बेटा संजय यादव, शैलेंद्र यादव और बेटी शिखा का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### महिगवां पुलिस ने डकैती करने वाले 3 लुटेरों को किया गिरफ़्तार, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के महिगवां पुलिस टीम व सर्विलांस सेल डीसीपी उत्तरी टीम के सहयोग से महिगवां थाना प्रभारी ने तीन शातिर लुटेरे को गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों के कब्जे से 2 मोबाइल को बरामद किया और घटना में प्रयुक्त किये गये 2 वाहन (मोटरसाइकिल) को बरामद कर धारा 207 एम0वी0 एक्ट में सीज किया हैं। वहीं महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने बताया कि, वादी मुकदमा बब्लू पुत्र सुकरू निवासी लालपुर थाना महिगवां लखनऊ द्वारा दिये गये लिखित प्रार्थना पत्र बावत दिनांक 22.04.2025 को वादी मुकदमा द्वारा प्रातः 4 बजे कैटरिंग का काम करके अपने साथी राज पुत्र सुरेन्द्र के साथ वापस घर आना तभी सिंहपुर नहर पुलिया के पास अचानक पीछे से 02 मोटरसाइकिल से करीब 04 सवार लोग अज्ञात का आना तथा वादी मुकदमा व उनके साथी से रास्ता पूछने के बहाने ऊपर की जेब में रखे 3 मोबाइल छीनकर भाग जाना के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 60/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। वहीं पकडे गये लुटेरे लकी बंसल पुत्र कमलेश उम्र-22 वर्ष नि0 ग्राम गंगौली थाना कुर्सी बाराबंकी,अमन पुत्र अशोक रावत नि0 ग्राम मदारपुर थाना कुर्सी बाराबंकी, रितेश बाल्मीकि उर्फ मुन्ना पुत्र स्व0 अलादीन नि0 ग्राम अहलादपुर थाना सैरपुर लखनऊ को महिगवां पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

# अवैध खनन पर कार्रवाई, एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर सीज, खनन माफिया के खिलाफ पुलिस एक्शन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- जिले के कई क्षेत्रों में खनन विभाग के मानकों को ताक पर रखकर किया जाता है मिट्टी खनन



लखनऊ कमिश्नरेट के मोहनलालगंज पुलिस ने सिसेंडी रायपुर कोडरा क्षेत्र में चल रहे अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ कार्रवाई की है। बता दें कि पुलिस को मिली सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर को पकड़ा। वहीं मौके पर पहुंचे खनन अधिकारी ने जेसीबी और ट्रैक्टरों को सीज कर दिया। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक मोहनलालगंज क्षेत्र में खनन माफिया पूरी तरह से सक्रिय है और यहां लगातार अवैध खनन का कारोबार चल रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन ने इस मामले में सख्त रुख अपनाया है। लखनऊ अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मोहनलालगंज पुलिस ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकें। लखनऊ जिले के मलिहाबाद तहसील, बीकेटी तहसील और सदर तहसील इन क्षेत्रों में अवैध तरीके से रात के अंधेरे में मिट्टी खनन किया जाता है। स्थानीय सूत्रों की माने तो, ट्रैक्टर ट्राली से अवैध तरीके से मिट्टी खनन किया जाता है, और कई जगह जेसीबी व डंपरों से भी मिट्टी खनन कर मिट्टी महंगे दामों पर बेची जा रही है, लेकिन स्थानीय तहसील प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देता है। सूत्र बताते हैं कि मिट्टी का कारोबार इन क्षेत्रों में धड़ल्ले से जारी है, क्योंकि इन क्षेत्रों में तेजी से हो रही प्लाटिंग व मकान के निर्माणो के लिए मिट्टी की आवश्यकता पड़ती है, जिस कारण मिट्टी का खनन क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी है।

### मिट्टी खनन विभाग के मानकों को ताक पर रखकर किया जाता है मिट्टी खनन

खनन विभाग के मानकों के अनुरूप इन क्षेत्रों में मिट्टी खाना लगातार जारी रहता है, लेकिन खनन विभाग के जिले के अधिकारी व कर्मचारी ध्यान नहीं देते हैं। दर्जनों की तादात में डंपरों से मिट्टी खनन कर मिट्टी महंगे दामों पर निर्माणाधीन मकानों प्लाटिंग और आवासीय प्लानिंग अन्य जगहों पर महंगे दामों पर बेची जाती हैं। परमिशन के नाम पर मानकों को ताक पर रखकर खनन किया जाता हैं, इन क्षेत्रों में खनन होने से कई घटनाएं भी हो चुकी हैं।

### पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने गोमती नदी में कूदकर दी जान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में सोमवार दोपहर एक हृदयविदारक घटना सामने आई। 25 वर्षीय आशीष कश्यप नामक युवक ने अपनी पत्नी से विवाद के बाद गोमती नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक मौलवीगंज का निवासी था और पूर्व में फिनिक्स पलासियो मॉल में कार्यरत था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने आशीष को पुल पर अपनी स्कूटी खड़ी करते और फिर नदी में कूदते हुए देखा। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया गया। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और निजी गोताखोरों की टीम ने लगभग दो घंटे तक नदी में खोजबीन की, जिसके बाद आशीष के शव को बरामद कर लिया गया।

# उत्तर प्रदेश में नदी जोड़ो परियोजना से सिंचाई व पेयजल से क्षेत्रीय लोग हो रहे है लाभान्वित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

नदियों को आपस में जोड़ने की राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य देश की प्रमुख नदियों को आपस में जोड़ कर एक जल नेटवर्क तैयार करना है। यह परियोजना अधिशेष जल वाले क्षेत्रों से जल को संकटग्रस्त क्षेत्रों में स्थानान्तरित करके बाढ़ और सूखें के प्रभाव को कम किया जाता है। नदी जोड़ों परियोजना से जल संसाधनों का संरक्षण, फसल उत्पादकता में सुधार, स्वास्थ्य लाभ, जल मार्गों का उपयोग एवं गरीबी में कमी लाने जैसे अनेक लाभ है।

नदी जोड़ो परियोजना एक बड़े पैमाने पर प्रस्तावित सिविल इंजीनियरिंग परियोजना है, जिसका उद्देश्य नदियों को जलाशयों और नहरों के माध्यम से आपस में जोड़ना है, जिससे बाढ़ या पानी की कमी की समस्या को दूर किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में आज़ादी के बाद कई नदियों पर अन्तर्वेसिन जल प्रवाह के माध्यम से सिंचाई सुविधा पेय जलापूर्ति हेतु जल उपलब्ध कराया जा रहा है। ।

उत्तराखण्ड के हरिद्वार में स्थित भीमगौड़ा बैराज से गंगा नदी का पानी ऊपरी गंगा कैनाल के माध्यम से हिण्डन नदी जो जनपद गाज़ियाबाद से होते हुए यमुना नदी में मिलती है, जिसकी जल प्रवाह की निरन्तरता को बनाये रखने हेतु 1800 क्यूसेक जल जानी स्केप के माध्यम से हिण्डन नदी में डाला जाता है तथा उस जल का उपयोग यमुना नदी के ओखला बैराज से निकली आगरा नहर के माध्यम से कृषकों को सिंचाई सुविधा हेतु उपलब्ध करायी जाती है। कोट स्केप व हरनौल स्केप के माध्यम से गंगा नदी का 150 क्यूसेक पानी यमुना नदी में जल प्रवाह हेतु प्रवाहित किया जाता है।

रामगंगा नदी का उद्गम जनपद चमोली उत्तराखण्ड के हिमालय क्षेत्र से हुआ है। यह नदी विनॉव नदी, गगास नदी, मंदाल नदी तथा सोना नदी का समावेश करते हुए 158 कि0मी0 पर्वतमालाओं से होती हुई एवं 300 कि0मी0 मैदानी क्षेत्र से बहने के पश्चात् जिला फर्रूखाबाद में गंगा नदी में मिलती है। रामगंगा नदी का पानी हरेवली बैराज से एक फीडर के माध्यम से खो नदी में मिलता है, खो नदी से यह पानी खो बैराज पर एकत्रित हो कर 72 कि0मी0 लम्बाई और 5100 क्यूसेक की मुख्य फीडर चौनल के माध्यम से गढ़मुक्तेश्वर के पास गंगा नदी में पहुंचता है तथा नरौरा बैराज से निचली गंगा नहर प्रणाली में पानी पहुंचता है। इस प्रकार सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा 50 वर्ष पूर्व से अन्तर्वेसिन जल प्रवाह द्वारा सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाना परिकल्पित है। इससे किसानों को फसल सिंचाई व पेयजल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 5 नदी क्रमशः घाघरा, सरयू, राप्ती, बानगंगा व रोहिन नदी को जोड़ते हुए 9 जनपदों यथा बहराइच, श्रावस्ती, गोण्डा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीरनगर, महाराजगंज व गोरखपुर जनपदों में 14.04 लाख हेक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित करते हुए सरयू नहर परियोजना के माध्यम से कृषको को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

बाण सागर परियोजना के द्वारा मध्य प्रदेश बाण सागर बांध का पानी विभिन्न नहरों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अदवा डैम, मेजा डेम, जरगों डैम में लाया जाता है जिससे मिर्जापुर एवं प्रयागराज के कृषकों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाता है।

## कृष्ण-सुदामा मिलन ने श्रोताओं को किया भाव विभोर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के लालपुर गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन सोमवार को भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज ने अंतिम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रोताओं को अध्यात्म और भक्ति के सागर में डुबो दिया।आचार्य ने कथा के दौरान माता देवकी के छह पुत्रों की वापसी का प्रसंग सुनाया और सुभद्रा हरण की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा के मुख्य आकर्षण के रूप में सुदामा चरित्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें बताया गया कि कैसे निर्धन ब्राह्मण सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर द्वारका में अपने बचपन के मित्र श्रीकृष्ण से मिलने पहुंचे।जब सुदामा ने द्वारपालों को अपना परिचय दिया, तो श्रीकृष्ण स्वयं दौड़कर आए और सुदामा को गले लगा लिया। इस भावुक मिलन के दृश्य ने पंडाल में उपस्थित श्रोताओं की आंखें नम कर दीं। कृष्ण-सुदामा की जीवंत झांकी पर पुष्पवर्षा कर वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया गया।समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं, और क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों ने इस भव्य आयोजन में भाग लिया।सप्ताह भर चली इस कथा श्रृंखला के अंतिम दिन प्रद्युम्न और सम्प्रासुर की कथा का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। द्वारकाधीश श्रीकृष्ण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।इस अवसर पर क्षेत्र के पूर्व मंत्री और अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही, जिन्हें आचार्य शांतनु महाराज ने विशेष आशीर्वाद प्रदान किया।श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण के दौरान गहन भक्ति का अनुभव किया।लालपुर में आयोजित यह धार्मिक आयोजन समाज में धार्मिक चेतना और अध्यात्मिक जागरूकता का संदेश लेकर आया।

## पदम श्री-अर्जुन अवार्डी ओलंपियन सुधा सिंह ने जिलास्तरीय डांस स्पोर्ट चैम्पियनशिप-2025 का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में आयोजित पहली बार जिलास्तरीय डांस स्पोर्ट चैम्पियनशिप 2025 में रायबरेली जिले के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला डांस स्पोर्ट एसोसिएशन, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयाम राष्ट्रीय कला मंच और श्री हरि सेवा संस्थान के द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पदम श्री एवं अर्जुन अवार्डी सुधा सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ मनीष सिंह चौहान और गौरव अवस्थी ने किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में क्लासिकल, सेमी क्लासिकल, फ्री स्टाइल और बॉलीवुड कैटेगरी में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। सेमी क्लासिकल अंडर 14 वर्ग में दिव्यांशी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि क्लासिकल अंडर 10 वर्ग में अन्वी सिंह और बॉलीवुड अंडर 10 वर्ग में जीविका मौर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों का सम्मान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी, एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल साहू, उपाध्यक्ष प्रवेश नारायण सिंह और डॉ अजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। एसोसिएशन की सचिव अर्चना सिंह ने बताया कि रायबरेली में डांस स्पोर्ट में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस समय-समय पर उन्हें निखारने की आवश्यकता है। विजेता खिलाड़ी भविष्य में प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन संयुक्त सचिव अमित सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अजय वर्मा, अजय सिंह चंदेल, राजेश कुमार सिंह, भगवत प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश तिवारी और अनुपमा रावत आदि मौजूद रहे।

# बाढ़, अतिवृष्टि, सूखा से बचाव और राहत तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़,अतिवृष्ट और सूखा से बचाव व राहत की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़,अतिवृष्टि,सूखा से बचाव व राहत को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।एवं जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि अमेठी जनपद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र नहीं है। तहसील मुसाफिरखाना क्षेत्र के कुछ गांव गोमती नदी के किनारे आते हैं। वहां पर भी बाढ़ की समस्या नहीं है, अपितु कहीं-कहीं तेज बहाव के कारण कटान की समस्या आती है। जिसको लेकर हमारी तैयारी पूर्ण है। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्षा को नापने के लिए 25 ऑटोमेटिक रेन गेज एवं चार ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन रहे राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा स्थापित किए गए हैं। जो पूर्णतया संचालित हैं।इसके अतिरिक्त अमेठी ब्लाक में मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा पूर्व में एक ऑटोमेटिक रेन गेज स्थापित है। बैठक में डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों को नगर निकायों के अंतर्गत पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी नालों, नालियों की सफाई मानसून से पहले पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिससे कहीं पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए।ग्रामीण क्षेत्रों में नालों,नालियों की सफाई के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया।विद्युत विभाग को ढीले तारों तथा जर्जर खभों की मरम्मत कराने को कहा ताकि आंधी, तूफान के कारण पेड़ की डाल गिरने से खंभे एवं तारों के टूटने की घटनाएं ना हो,मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बाढ़ संभावित ग्रामों में निवास करने वाली गर्भवती महिलाओं,पांच साल से छोटे बच्चों एवं दिव्यांगों की गणना करते हुए ग्रामवार सूची तैयार करने का निर्देश दिया।जिससे प्राथमिकता के आधार पर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके।साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जीवन रक्षक दावों, एंटी स्नेक वेनम आदि की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा।सिंचाई विभाग को नियमित रूप से गोमती नदी के जल स्तर की सूचना आपदा प्रबंधन कार्यालय तथा तहसील को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।खाद एवं रसद विभाग को सूखे के संभावित आशंका के दृष्टिगत समस्त पेट्रोल पंप पर डीजल की आपूर्ति का भंडारण सुनिश्चित करने को कहा।जिससे निजी नलकूप से सिंचाई करने वाले कृषकों को समस्या का सामना न करना पड़े।बाढ़ की तैयारियों के दृष्टिगत प्रभावित क्षेत्रों में वितरण हेतु खाद्यान्न की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा।अधिशासी अभियंता नलकूप को सभी सरकारी नलकूप सक्रिय रखने का निर्देश दिया।जिससे कृषकों को सूखे के दौरान समस्या का सामना न करना पड़े।कृषि विभाग को कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की जानकारी किसानों को देने को कहा। तथा ऐसे बीजों को कृषि क्रय केंद्रों पर उपलब्ध कराना करने का भी निर्देश दिया।इसके साथ ही उन्होंने सूखे के दौरान पशुओं,गोवंशों के बचाव हेतु यथासंभव सभी गौशालाओं में हरा चार,भूसा तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया।साथ ही सभी सरकारी भवनों,विद्यालयों, पंचायत भवनों,शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन द्वारा स्थापित पानी की टंकियों पर लाइटिंग अरेस्टर अनिवार्य रूप से लगाया जाए।जिससे उसके आसपास के नागरिकों एवं पशुओं को होने वाली जनहानि से बचाया जा सके। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने गोमती नदी के किनारे बाढ़ चौकियों को संचालित करने का निर्देश दिया।तथा नाव, नाविकों की लिस्ट भी तैयार कर उसका वेरिफिकेशन कराने को कहा।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह,जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, डीपीआरओ मनोज त्यागी,बीएसए संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## CFTUI से संबद्ध होकर कोचिंग व आंगनबाड़ी संगठनों को मिला राष्ट्रीय पहचान का मंच

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



कोचिंग एंड प्राइवेट एजुकेटर संगठन एवं आंगनबाड़ी कर्मचारी जन कल्याण संगठन के संयुक्त तत्वावधान में रायबरेली में एक संगठनात्मक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों संगठनों को कन्फेडरेशन ऑफ फ्री ट्रेड यूनियंस ऑफ इंडिया से औपचारिक रूप से जोड़ा गया। इस संबद्धता के माध्यम से संगठनों को अब राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने का मंच और सहयोग प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में वाराणसी से पधारे टैक्स इंस्पेक्टर एवं CFTUI के राष्ट्रीय महासचिव श्री मनोज कुमार का विशेष सम्मान किया गया। साथ ही ष्टस्नञ्जढ्ढ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माया पांडे एवं सरस्वती मिश्रा सहित संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।आंगनबाड़ी कर्मचारी जन कल्याण संगठन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष इंदू वर्मा, प्रदेश महामंत्री उषा मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरिता सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष बबिता सिंह, अमेठी जिला अध्यक्ष आशा बौद्ध, प्रदेश प्रभारी हरिकेश बहादुर सिंह, रायबरेली जिला अध्यक्ष बीना सिंह, महामंत्री स्नेहा सिंह और कोषाध्यक्ष प्रियंका सिंह सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे वहीं, कोचिंग एंड प्राइवेट एजुकेटर संगठन रायबरेली की ओर से जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह ने अपनी टीम के साथ ष्टस्नञ्जढ्ढ से जुड़ाव की घोषणा की। उनकी टीम में संरक्षक आलोक सिंह, शक्तिधर वाजपेई, दीपेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सचिन, विमलेश सोनकर, कोषाध्यक्ष विनय त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी उमेश श्रीवास्तव, म्यूजिक एंड डांस प्रभारी कीर्ति श्रीवास्तव, संगठन मंत्री सत्य प्रकाश गुप्ता, ऊंचाहार प्रभारी नरेंद्र गुप्ता एवं कॉम्पिटेटिव एजुकेशन प्रभारी एस.के. त्रिवेदी मौजूद रहे सभा को संबोधित करते हुए मनोज कुमार, माया पांडे, बीना सिंह, विक्रम सिंह और अन्य वक्ताओं ने संगठनात्मक एकता, सामाजिक दायित्व और राष्ट्रहित में समर्पित कार्य प्रणाली पर ज़ोर दिया। साथ ही, आगामी योजनाओं और रणनीतियों की रूपरेखा साझा की गई कोचिंग एंड प्राइवेट एजुकेटर संगठन रायबरेली के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा, ÷यह जुड़ाव हमारे लिए केवल एक संगठनात्मक उपलब्धि नहीं, बल्कि शिक्षकों और कोचिंग संचालकों को राष्ट्रीय मंच पर अपनी बात रखने का अवसर भी है। ष्टस्नञ्जढ्ढ से जुड़कर हम शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों को प्रभावी ढंग से उठाने में सक्षम होंगे। मैं सभी सहयोगियों व आगंतुकों का आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने इस अवसर को सफल बनाया।÷आंगनबाड़ी संगठन रायबरेली की अध्यक्ष बीना सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा, ÷आज का दिन हमारे संगठन के लिए गौरव का दिन है। ष्टस्नञ्जढ्ढ से संबंध स्थापित होना हमारी वर्षों की मेहनत का प्रतिफल है। इससे हम अपने हितों की रक्षा करने और समाज के लिए बेहतर कार्य करने में अधिक सक्षम होंगे। मैं सभी सम्मानित उपस्थितजनों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हूँकार्यक्रम का समापन परस्पर सहयोग और संगठनात्मक मजबूती के संकल्प के साथ हुआ।

## जनपद के पेंशनर कोषागार को तत्काल दे सूचनाः भावना श्रीवास्तव

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** वरिष्ठ कोषाधिकारी भावना श्रीवास्तव ने जनपद के समस्त पेंशनरों को सूचित किया है कि यथा स्थिति पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना सम्बन्धित कोषागार को तत्काल प्रदान की जाये। यह पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का भौतिक एवं विधिक कर्तव्य है। यह भी ध्यान रहे कि ऐसे किसी भी प्रकरण में अनियमित भुगतान की धनराशि अनाधिकृत है, जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा जिलाधिकारी द्वारा भू-राजस्व बकाये की भांति की जायेगी। उन्होंने बताया है कि विगत् तीन माह से जीवन प्रमाण पत्र के अभाव में पेंशन का भुगतान प्राप्त न करने वाले पेंशनरों की जानकारी देते हुए बताया है कि जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग- हीरा देवी, राम रतन दीक्षित, राम प्रसाद मौर्य, शिव लाल गुप्ता, शिव बहादुर सिंह, कमला देवी, प्रेमवती, भीकन देवी, चन्द्रकली, धनीराम वर्मा, पुष्पा श्रीवास्तव, राजदेई पेंशनर है।

### प्रधान के घर वालों ने शिकायतकर्ता को रिवाल्वर लगा कर पीटा

# प्रधान द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत करना पड़ा भारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



देश के लोकतंत्र में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के काम की आलोचना की जा सकती है,लेकिन ग्राम प्रधान की शिकायत जानलेवा हो सकती है। ऐसा ही एक मामला जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र से सामने आया है।जहां एक जागरूक ग्रामीण द्वारा ग्राम प्रधान पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की लगातार शिकायत की जाती रही है।शिकायतकर्ता की उन शिकायतों का जिम्मेदार अधिकारियों ने कितना संज्ञान लिया यह तो कोई नहीं जानता !लेकिन शिकायतकर्ता से खार खाए प्रधान के परिजनो ने उसकी जमकर पिटाई कर दी है।प्रकरण थाना संग्रामपुर के करौंदी ग्राम पंचायत का है।जहां के निवासी अशोक तिवारी पुत्र सीताराम तिवारी ने थाना संग्रामपुर में ग्राम प्रधान के ससुर शिवशंकर यादव,उनके भाई व प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर यादव और राम अंजोर यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।पीड़ित ग्रामीण अशोक तिवारी ने अपनी तहरीर में बताया है, कि वे बीती पंद्रह मई की सुबह गांव निवासी अपने मित्र श्यामलाल पाल के घर गये थे?।जहां अचानक ही शिवशंकर यादव,हरिशंकर यादव और राम अजोर यादव आ गये।और उसे गाली देने लगे।गाली देने से रोकने पर शिवशंकर यादव हाथ में रिवाल्वर लहराते हुए अन्य नामजद आरोपी उसे लाठी और डंडे से पीटने लगे।हल्ला गुहार सुनकर पीड़ित की पत्नी और अन्य ग्रामीणों के आने पर प्रधान के परिजन धमकी देते हुए चले गये।पीड़ित अशोक तिवारी की तहरीर पर थाना संग्रामपुर पर प्रधान प्रतिनिधि सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। अब देखना यह है कि प्रशासन द्वारा न्याय संगत कार्यवाही की जाती है, कि मामले को रफा दफा कर दिया जाता है!

# रोजगार मेले में 73 प्रतिभागी चयनित



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के तत्वावधान में जनता इण्टर कॉलेज, गूढ़ा, शिवगढ़, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें शिवशक्ति बायोटेक्नॉलाजी लि0, पुखराज हेल्थ केयर ,वर्धमान टेक्सटाइल्स लि0, स्किलसोर्स लर्निंग एण्ड टेक्नोलॉजीज प्रा0 लि0 एवं कानपुर प्लास्टिपैक लि0 द्वारा विभिन्न पदों हेतु उपस्थित प्रतिभागियों का साक्षात्कार किया गया जिसमें से 73 प्रतिभागियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया। रोजगार मेले में आनन्द कुमार गुप्ता, प्राचार्य, एवं सुश्री तनुजा यादव प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। सर्वप्रथम मेले का शुभारम्भ करते हुए प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के उद्देश्य एवं प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से बताया गया तथा प्रतिभाग करने वाली कम्पनी के पदों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। प्राचार्य द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के प्रयास की सराहना की गयी और यह आशा व्यक्त की गयी कि कार्यालय द्वारा भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जाते रहेंगे जिससे विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो सके।

महाविद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार गुप्ता द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली एवं कम्पनी के प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। महाविद्यालय के उदय भान सिंह, राम कैलाश, एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के धीरेन्द्र कुमार, उमेश कुमार, रामेन्द्र कुमार पाण्डेय (वाई0पी0) द्वारा मेले के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।

# जल जीवन मिशन अधर में लटका, दो साल से टंकी निर्माण अधूरा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



सरकार की बहुचर्चित जल जीवन मिशन योजना का लाभ अब तक कुकहा रामपुर ग्राम पंचायत को नहीं मिल पाया है।दो साल पहले शुरू हुआ पानी की टंकी का निर्माण कार्य आज भी अधूरा पड़ा है,जिससे ग्रामीण भीषण जल संकट झेलने को मजबूर हैं।जानकारी के अनुसार, योजना के तहत ग्राम पंचायत में टंकी निर्माण और पाइपलाइन बिछाने का कार्य निर्धारित समय में पूरा होना था, लेकिन निर्माण कार्य धीमी गति और अनियमितता की भेंट चढ़ गया है।स्थानीय लोग बताते हैं कि महीने में एक बार ही कुछ मजदूर काम करने आते हैं, जिससे प्रगति लगभग ठप है।स्थानीय निवासी पवन सिंह ने बताया, ÷कुकहा रामपुर में सरकारी योजनाएं शुरू तो होती हैं, लेकिन पूरी नहीं होतीं।वहीं मिर्जागढ़ निवासी शिव नारायण ने बताया कि ÷हैंडपंप योजना भी रद्द कर दी गई है, जिससे स्थिति और खराब हो गई है।गर्मियों में जल स्तर गिरने से हालात और गंभीर हो जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार मवेशियों को भी पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं पास की अन्य ग्राम पंचायतों में टंकियां बन चुकी हैं और वहां नियमित जल आपूर्ति हो रही है।ग्रामीणों ने जल निगम व प्रशासन से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने और नियमित जल आपूर्ति की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

## बाइक सवार को बचाने में ट्राला घुसा कॉम्प्लेक्स में, कई दुकानें हुईं क्षतिग्रस्त

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले के जामो थाना क्षेत्र अंतर्गत देवनगर चौराहे पर सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया।तेज रफ्तार ट्राला अनियंत्रित होकर देवमणि तिवारी के कॉम्प्लेक्स में जा घुसा,जिससे परिसर की कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्राला चालक सामने अचानक आए एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधा कॉम्प्लेक्स में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दीवारें और दुकानों के शटर चकनाचूर हो गए।हादसे में ट्राला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, बाइक सवार को भी गहरी चोटें आई हैं।जामो पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।कॉम्प्लेक्स में रोजाना बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है,लेकिन घटना सुबह के समय हुई,जब अधिकतर दुकानें बंद थीं। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस लेते हुए बताया कि अगर यह हादसा दिन के समय हुआ होता तो बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता था।घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने ट्राला हटवाकर यातायात सुचारू कराया और क्षतिग्रस्त दुकानों का मौका मुआयना कर रिपोर्ट दर्ज की। हादसे की जांच की जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप-मुख्य अभियंता/नि0, अयोध्या / उत्तर रेलवे, लखनऊ, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **ई-निविदाएँ सिंगल पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे पर लखनऊ मंडल के बाराबंकी – अकबरपुर (161 किमी) के दोहरीकरण के संबंध में अयोध्या कैंट मे उप मुख्य अभियंता/नि0. अयोध्या के कार्यालय और 08 यूनिट-प्रकार-II, 4 यूनिट प्रकार-III और 8 यूनिट प्रकार-IV, स्टाफ क्वार्टर के निर्माण का कार्य । | | | | |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह | कार्य की अनुमानित लागत | रू0 919.50 लाख | धरोहर राशि | रू0 6,09,800.00 |
| ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाँक 16.06.2025 को 11.30 बजे तक आई.आर.ई.पी. एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 16.06.2025 को समय 11.30 बजे खोली जाएगी। | | | | |
| विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 26.05.2025 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनाँक 02.06.2025 से 16.06.2025 तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है। | | | | |

संख्या 251-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि0-अयोध्या/उ0रे0/लखनऊ दिनाँकः 17.05.2025

1459/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**बस्ती जिले में विद्युत विभाग में करोड़ों का...**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जीरो टॉलरेंस भ्रष्टाचार मुक्त को लेकर भले ही लाख दावे करते हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है...

▶ शेष पेज 10 पर...

# संक्रमण पर नियंत्रण के लिए आईवीआरआई की टीम को बुलाया





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में बर्ड फ्लू के फैलने की आशंका पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। चिड़ियाघर में वन्य जीवों के साथ ही बाहरी पक्षियों पर संक्रमण के खतरे पर नियंत्रण के लिए इंडियन वेटेरिनरी रिसर्च इंटीट्यूट (आईवीआरआई) को बुलाया गया है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने संस्थान के निदेशक को पत्र लिखा है। टीम मंगलवार को चिड़ियाघर के वन्य जीवों और पोल्ट्री फार्म के मुर्गा-मुर्गियों की जांच करने शहर आ सकती है।

इसके साथ ही पशुपालन विभाग ने सोमवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण कर कुल 70 पक्षियों के नमूने जांच के लिए बरेली के आईवीआरआई लैब भेजे हैं। रविवार को 200 पक्षियों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। पोल्ट्री फार्मों में बर्ड फ्लू की रैंडम जांच के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 10 तथा शहरी क्षेत्रों में तीन कुल 13 टीमें लगातार जांच कर रही हैं। मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ.आईडीएन चतुर्वेदी ने बताया कि अब तक कहीं भी अस्वाभाविक रूप से पक्षियों की मृत्यु तथा असामान्य स्थिति नहीं पाई गई है। चिड़ियाघर के आसपास एक किलोमीटर के दायरे में मीट की दुकानें बंद कराई गई हैं।

### वन विभाग ने गठित की चार टीमें

बर्ड फ्लू के संक्रमण को देखते हुए अब वन विभाग भी सतर्क हो गया है। जिला वन अधिकारी दिव्या ने जंगल और झील क्षेत्रों में पक्षियों की निगरानी के लिए चार टीमें गठित कर दीं हैं। यह टीमें अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगी। सभी वन कर्मियों के सतर्क रहने के निर्देश हैं। मृत पक्षी मिलने पर तुरंत सूचित करने को कहा गया है। खुले क्षेत्रों में अगर मृत पक्षी मिलते है तो माना जाएगा कि बर्ड फ्लू का विस्तार हो रहा है, इसका प्रकोप बढ़ रहा है।

## औरंगपुर सांभी गांव में छत पर बिस्तर समेटते समय युवक का फिसला पैर नीचे गिरने से मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के औरंगपुर सांभी गांव में उस समय चीख-पुकार मच गई जब रात्रि लगभग 10 बजे मोहित सिंह पुत्र शिवपाल सिंह उम्र 32 वर्षीय जो छत पर दरी समान समेटते समय फिसल कर छत से नीचे गिर गए। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए आनन-फानन में परिजन बिल्हौर सीएचसी लेकर पहुंचे जहां पर जांचोपरांत डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जिसकी सूचना मृतक के सगे भाई देवेंद्र सिंह पुत्र शिवपाल ने डायल 112 पर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई तो पता चला तीसरी मंजिल की छत ढलवाई गई थी, मृतक मोहित सिंह जो पानी, अन्य बिखरे समान समेटते समय फिसल गये थे जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आईं। मृतक पत्नी एवम् बच्चे पिता का रो रोकर बुरा हाल है परिजनों की मौजूदगी में पंचायत नामा की कार्यवाही कर शव को मोर्चरी हैलेट भेजा गया है। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया परिजनो ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। घटना की जांच गहनता से की जा रही है।

# बिल्हौर कस्बे में ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिला अध्यक्ष की अगुवाई में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर विधानसभा में आयोजित हुआ विशाल तिरंगा यात्रा भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आज बिल्हौर विधानसभा में ऑपरेशन सिंदूर के तहत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कानपुर ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष उपेंद्र पासवान विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने किया, जिसमें हजारों की संख्या में राष्ट्रभक्त नागरिकों ने भाग लिया। यह यात्रा सैनिकों के अद्भुत शौर्य और बलिदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

तिरंगा यात्रा का मुख्य आकर्षण सैनिकों के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करना था। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सैनिकों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह का उत्साह और देशभक्ति के जज्बे में और भी वृद्धि हुई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उपेंद्र पासवान जी ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए उपस्थित लोगों को सैनिकों के अद्वितीय साहस और शौर्य की गाथाएँ सुनाई। उनके शब्दों में, हमारे सैनिकों का बलिदान हमारे देश की ताकत है, और हम हमेशा उनका सम्मान करेंगे। प्रमुख रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में जिला पंचायत अध्यक्ष स्वनिल वरुण, भाजपा नेता कौशल अवस्थी, रवि दीक्षित, ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, शुभम बाजपेई, डां राजेंद्र कटियार, संतोष बाजपेई, गोपाल दीक्षित, राजू दुबे, अनुरुद्ध शुक्ला, अंशुल बाजपेई, मोहित शुक्ला, नवले मिश्रा, जेपी कटियार, रवि बाजपेई, गुड्डू सिंह, शुभ्रांशु कटियार, सौरभ शर्मा, नीलकमल पाल, अमिताभ त्रिपाठी, अनुराग शुक्ला, सूर्य ब्रह्मदेव, रविन्द्र चौहान, नंदलाल पाल, मुन्ना अग्निहोत्री आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान, प्रत्येक स्थान पर सैनिकों के गौरवमयी कार्यों और उनके साहस को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। यह यात्रा न केवल देशभक्ति के भाव को प्रकट करने वाली थी, बल्कि हमारे सैनिकों के योगदान को याद करने का एक सशक्त तरीका भी था। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन द्वारा किया गया और यह यात्रा आज़ादी के 75 वर्षों की यात्रा को याद करते हुए देश के वीर जवानों के अद्वितीय बलिदान और उनके नायकत्व को सम्मानित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास साबित हुआ।

# सबने छोड़ा साथ, सात घंटे की रिमांड पर हुई पूछताछ

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बसपा नेता पिंटू सेंगर हत्याकांड में जेल में बंद दीनू उपाध्याय को सोमवार सुबह कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की। इसके बाद उसे नवाबगंज के रैना मार्केट स्थित कार्यालय और आवास ले गई। इस दौरान दीनू अपने कर्मों को याद कर फूट फूट कर रोया। हालांकि पुलिस रिमांड के दौरान न तो दीनू का मोबाइल बरामद कर सकी न ही केस से संबंधित कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज। दोपहर करीब चार बजे पुलिस मेडिकल के बाद दीनू को जेल में दाखिल कर दिया। एसीपी कोतवाली अभिषेक कुमार, एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय और टीबी सिंह चार थानों की फोर्स संग दीनू को रिमांड पर लेने के लिए सुबह सात बजे ही जिला जेल पहुंच गए। कागजी कार्रवाई के बाद उसे जेल से सुपुर्दगी में लिया गया। उर्सला में मेडिकल के बाद दीनू को कैंट थाने ले जाया गया। जहां दीनू आस पास किसी अधिवक्ता को न देख फूट फूट कर रोने लगा। उसने कहा कि एक समय था कि मेरे साथ अधिवक्ताओं की फौज चलती थी। आज यह समय है कि मेरे साथ कोई नहीं है। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता समेत अन्य अधिकारियों ने जब पिंटू सेंगर हत्याकांड से जुड़े सवाल किए तो पहले उसने भटकाने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने जब उसके सामने साक्ष्य रखकर पूछताछ की तो हत्याकांड से जुड़ी सारी जानकारी दी। वहीं महफूज, सऊद अक्तर और पप्पू स्मार्ट से संबंधों के बारे में भी बताया। साथ ही ये भी बताया कि उसने किस तरह से इस हत्या में शामिल दूसरे लोगों से संपर्क किया। इसके साथ ही उसने अपने संपत्तियों और साथियों के नाम भी बताए। जिसका पुलिस सत्यापन करने में जुटी है।

# कन्नौज में दुष्कर्म का आरोपी नवाब सिंह साढ़े चार घंटे चकेरी थाने में रहा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कन्नौज में किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव सोमवार को साढ़े चार घंटे तक चकेरी थाने में रहा। कारण, बांदा जेल से कन्नौज कोर्ट में पेशी पर जाते समय जेल की गाड़ी रामादेवी चौराहे के पास खराब हो गई। गाड़ी ठीक होने पर पुलिस उसे लेकर बांदा जेल लौट गई। बता दें, कन्नौज में अगस्त 2024 में 15 वर्षीय किशोरी ने सपा नेता पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने नवाब सिंह और उसके भाई नीलू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कुछ माह पहले ही नवाब को बांदा जेल और नीलू को कौशांबी जेल में शिफ्ट किया गया था। सोमवार को वाहन खराब होने पर चकेरी थाने में नवाब के रुकने की सूचना पर सपाई जुटने लगे। हालांकि पुलिस ने सुरक्षा के चलते गेट बंद कर दिया। शाम करीब पांच बजे गाड़ी ठीक होने के बाद पुलिस आरोपी को लेकर रवाना हुई। इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि गाड़ी खराब होने के कारण नवाब सिंह को थाने लाया गया था। बाद में उसे वापस ले जाया गया।

## ककवन के नदिया चौकी पुलिस ने 29 देशी शराब क्वाटर के साथ व्यक्ति को पकड़कर जेल भेजा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

तहसील क्षेत्र के ककवन थाना प्रभारी को मिली बड़ी सफलता 29 देशी शराब क्वाटर के साथ व्यक्ति को पकड़ा दरअसल पूरा मामला ककवन थाना क्षेत्र के नदिया चौकी का है जब मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि काफी दिनों से व्यक्ति देशी शराब क्वाटर बिक्री कर बेच रहा है

वहीं बिल्हौर सहायक पुलिस आयुक्त के दिशा-निर्देश पर ककवन थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार गुप्ता नदिया चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार यादव ने चेकिंग अभियान के दौरान सुरेश पुत्र विशुन दयाल निवासी ग्राम जरैलापुरवा को 29 देशी शराब क्वाटर के साथ घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया विधिक करवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया एसीपी अमरनाथ यादव ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी संबंधित सूचनाएं मिल रही हैं

उन पर गहन छानबीन की जा रही है पकड़े जाने पर सीधे जेल भेजा जा रहा है।

# कैरी बैग निर्माता के चार प्रतिष्ठानों पर सीजीएसटी का छापा




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

केंद्रीय माल एवं सेवाकर (सीजीएसटी) की टीमों ने सोमवार को कैरी बैग निर्माता कंपनी के चार प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। पनकी, दादानगर फैक्टरी, तिलकनगर स्थित शिवरतन अपार्टमेंट और फजलगंज कार्यालय में एक साथ कार्रवाई की गई। शुरुआती जांच में करोड़ों की कर चोरी के दस्तावेज मिले हैं। 20 अफसरों की पांच टीमें देर रात तक जांच-पड़ताल करती रहीं। बड़े पैमाने पर दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

बताया गया कि कैरी बैग निर्माता का कारोबार काफी फैला है। कारोबार अच्छा होने के बाद भी लंबे समय से कारोबार कम दिखाकर रिटर्न भरे जा रहे थे। टीमों ने छापा मारने से पहले सभी प्रतिष्ठानों की रेकी की। डाटा एनालिसिस और एआई के जरिये रिर्टनों, आईटीसी आदि की जानकारी जुटाई। कार्रवाई के दौरान तैयार और कच्चे माल में बड़े पैमाने पर अंतर मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। दस्तावेजों का मिलान किया जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि कारोबारी के निवास पर कारोबारी गतिविधियां संचालित होने के प्रमाण मिलने के बाद कार्रवाई की गई। जांच में नकदी भी मिली है, लेकिन उसका खुलासा नहीं किया गया है। फैक्टरी, निवास और कार्यालय में मिले लैपटॉप, कंप्यूटरों की हार्ड डिस्क की भी टीमें जांच कर रही हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अस्पताल के रजिस्ट्रेशन का झांसा देकर 4.62 लाख ठगे

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** अस्पताल के रजिस्ट्रेशन का झांसा देकर विधवा महिला के खाते से साइबर ठगों ने 4.62 लाख रुपये पार कर मोबाइल नंबर बंद करवा दिया। सिम चालू करने पर खाते से रुपये निकलने का मैसेज आया तो पीड़िता ने किदवईनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। किदवईनगर एच टू ब्लॉक निवासी एकता गुप्ता सास और दो बच्चों के साथ रहती हैं। पति का वर्ष 2021 में निधन हो चुका है। बताया कि उनका बैंक खाता इंडियन बैंक किदवईनगर शाखा में है। बीमा की रकम खाते में जमा थी, जिससे मिलने वाले ब्याज से वह परिवार का पालन पोषण करती थीं। 20 मार्च 2025 को एक महिला की कॉल आई, जिसने अस्पताल के रजिस्ट्रेशन का फार्म ऑनलाइन भरवाने के नाम पर ओटीपी हासिल किया। 22 मार्च 2025 को उनका सिम भी बंद करवा दिया। इस दौरान ठगों ने 20 मार्च से लेकर 14 अप्रैल 2025 के बीच उनके खाते में जमा चार लाख 62 हजार रुपये पार कर दिए। सिम दोबारा चालू होने पर घटना की जानकारी हुई। किदवईनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### कलक्टरगंज अग्निकांड में एक और मजदूर की सांसें थमीं

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कलक्टरगंज गल्लामंडी में हुए भीषण अग्निकांड में गंभीर रूप से झुलसे पीएसी मोड़ सैदुल्लापुर निवासी संजय कुमार (33) की रविवार को मौत हो गई। उनका उर्सला अस्पताल में इलाज चल रहा था। कलक्टरगंज गल्लामंडी में मंगलवार को केमिकल गोदाम में आग लग गई थी। वहां काम कर रहे उन्नाव के जैतीपुर रामसराय निवासी कमलेश, पीएसी मोड़ सैदुल्लापुर निवासी संजय कुमार, शुक्लागंज नेहरू नगर निवासी दीपक, बाबूपुरवा कालोनी निवासी लाजवंती देवी, जूही निवासी ललिता देवी बुरी तरह से आग लगने से झुलस गई थी। रविवार शाम संजय कुमार की सांसें थम गईं। पत्नी अंजलि का रो-रोकर बुरा हाल है। आग में शुक्लागंज के मिश्रा कालोनी निवासी गयाप्रसाद विश्वकर्मा का कंकाल मिला था।

### खाकी वर्दी पहनकर वसूली करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** खाकी वर्दी पहनकर वसूली करने वाले पांच शातिरों को डीसीपी की स्वाट टीम ने यूपी स्पेशल टास्क फोर्स एसटीएफ के साथ मिलकर दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। शातिर बिठूर, पनकी, कल्याणपुर में कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। टीमें अभी भी सरगना समेत कई साथियों की तलाश में जुटी हैं। इसी वजह से अभी आरोपियों के नामों को सार्वजनिक नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार शातिर ऐसी जगह छापा मारते थे, जहां सेक्स रैकेट चलता था। उनके गैंग में कई ऐसे भी लोग शामिल हैं जो सूचना दिया करते थे। पुलिस कर्मी बनकर दबिश देने के बाद छोड़ने के लिए मोटी रकम वसूली जाती थी। जानकारी के बाद डीसीपी के आदेश पर हरकत में आई स्वाट टीम ने शुक्रवार रात रावतपुर में पुलिस का लोगो लगी कार को रोकने का प्रयास किया तो शातिर भागने लगे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।


| | | | |
|---|---|---|---|
| ई–निविदा सूचना सं. | 1170–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 16.05.2025 | | |
| कार्य का नाम | लखनऊ मण्डल के व्यासनगर, शिवपुर और चौखंडी गुड्स शेड के विकास के संबंध में विद्युत कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹65,12,434.22 (रु० पैंसठ लाख बारह हजार चार सौ चौंतीस एवं बाईस पैसा मात्र) | | |
| बयाना राशि | ₹1,30,300/- (रु० एक लाख तीस हजार तीन सौ मात्र) | | |
| ई–निविदा की कीमत | शून्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 10.06.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। | | |
| प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन | | |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है | | |

सूचना सं.: 1170–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक 16.05.2025 1460/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्रेमी से मिलकर आई मां ने मासूम को मार डाला, लाश को ससुर के पास लिटाया





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

यूपी के कानपुर से दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक महिला ने प्रेमी के पास से लौटने के बाद अपने चार साल के बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को ससुर के पास लिटा दिया। पति ने पूछा तो उससे कहा कि वो सो रहा है, उसे मत जगाओ। कानपुर के नरवल में प्रेमी के साथ भागने के बाद कुछ दिन पहले घर लौटी महिला ने अपने चार साल के बेटे अनिरुद्ध का गला उसके पहने हुए काले धागे से कस दिया। रविवार रात वारदात के बाद मासूम के शव को ससुर के पास लिटा दिया। पिता बेटे को खाने के लिए जगाने गया तो उसका शव मिला। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि महिला ने हत्या करने की बात स्वीकार की है। प्रतापपुर गांव निवासी सुशील सिंह यादव खेती करते हैं। सुशील ने बताया कि वह पिता फूल सिंह, पत्नी मनीषा यादव और चार साल के बेटे अनिरुद्ध के साथ रहते थे। रविवार शाम को वह भैंस का दूध निकालने गया था, तब बेटा खेल रहा था। दूध लेकर रात में लौटा तो पत्नी आंगन में बर्तन धो रही थी। घर पहुंचते ही पत्नी ने कहा कि कोल्ड ड्रिंक पीने का मन है, ले आओ जाकर। इस पर उसने पूछा कि बेटा अनिरुद्ध कहां है, तो बोली पिता जी (ससुर) के पास ऊपर लेटा है। उसने कहा, पहले बेटे को दूध पिला दो, भूखा होगा। वह बोली उसे सोने दो मत जगाओ। सुशील नहीं माना और बेटे को दूध पिलाने के लिए लेने ऊपर चला गया। देखा, कि बेटे की आंखें खुली हुई थी और वह मृत अवस्था में पड़ा हुआ था।

लोगों के समझाने के बाद वह साथ में रहने को तैयार हुई थी। तब से वह घर में रह रही थी। हालांकि उसका चाल चलन ठीक नहीं था। आरोप है कि प्रेमी के साथ मिलकर ही घटना को अंजाम दिया है।

### पत्नी ने कबूली हत्या की बात

आनन-फानन बेटे को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। सुशील के शक जताने पर पुलिस ने मनीषा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। हत्या की बात कबूल करने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पहले भी दो बच्चों की हुई है संदिग्ध मौत

परिजनों ने बताया कि डेढ़ साल पहले भी दो साल की बेटी और एक साल के बेटे अनुराग की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हुई है। उस वक्त मनीषा ने बताया था कि बच्चों की मौत कैसे हुई वह जान ही नहीं पाई है। तब सबने सर्दी लगने से मौत होने की बात मान ली थी।

### प्रेमी के साथ जाने के बाद 26 दिन पहले लौटी थी घर

सुशील के मुताबिक, उसकी शादी सात साल पहले फतेहपुर के गाजीपुर असोथर निवासी मनीषा से हुई थी। गांव में एक युवक से मनीषा के अवैध संबंध थे। 16 अप्रैल को वह बिना बताए प्रेमी के साथ घर से चली गई थी। काफी खोजबीन के बाद उसका पता चला तो 22 अप्रैल को थाने में समझौता हुआ।


# बिल्हौर तहसील क्षेत्र में सफाई कर्मचारी नदारत ग्रामीण खुद बजबजाती नालियों की सफाई करते

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में सफाई कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्र में लगे थे उनका कार्यालय से ही ड्यूटी करने से फुर्सत नहीं है अब ग्रामीण क्षेत्र में गांव वाले स्वयं अपनी अपनी सफाई करने को मजबूर हैं विकास खंड के ग्राम पंचायत मदारा राय गुमान, बदननिवादा, मदारा मान नेवादा, गडरियन पुर्वा भीकम पुर्वा, पडराहा, रामबक्स पूर्वा में सफाई कर्मियों की गैरमौजूदगी के कारण गांव में गंदगी पसरी हुई है नालियां चोक हो चुकी है और गलियों की सड़कों पर कूड़े के ढेर नज़र आ रहे हैं गांवों में सफाई न होने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है इस कारण ग्रामीण खुद नालियों और सड़कों की सफाई करने पर मजबूर है वहीं ग्रामीणों की माने तो लगभग पंद्रह साल बीत चुके हैं सफाई कर्मचारी गांव में झांकने नहीं आएं ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायतों के बावजूद सफाई करने गांव में नहीं आता है।

# कारोबारियों के अफ्रीकी देशों से बने संबंध, निर्यात में लगाई छलांग

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर के उद्यमियों और कारोबारियों ने अमेरिका, आस्ट्रेलिया के साथ ही अफ्रीकी देशों से रिश्ते मजबूत करते हुए निर्यात बढ़ाया है। इनमें केन्या और तंजानिया सबसे आगे हैं, जबकि नार्वे, बेल्जिमयम, इंडोनेशिया, मलयेशिया में निर्यात की और संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। इसी का नतीजा है कि पिछले साल के मुकाबले इस वित्तीय वर्ष (10 महीने) में 563 करोड़ रुपये का अधिक निर्यात हुआ। यह खुलासा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की रिपोर्ट में हुआ है। वित्तीय वर्ष अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के बीच शहर से 8553 करोड़ का निर्यात किया गया, जबकि अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक 7990 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था।

कानपुर से वर्ष 2023 से 2024 में कुल 8990 करोड़ का निर्यात हुआ था। वर्ष 2024 से 2025 की रिपोर्ट इसी महीने के अंत तक आएगी, जबकि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक 8553 करोड़ का निर्यात हो चुका है। इससे निर्यात का आंकड़ा और बढ़ने की उम्मीद है।

कुछ देशों के साथ चल रहे युद्ध का असर अब कम होने लगा है। इससे कानपुर की सैडलरी की मांग तेजी से बढ़ रही है। फुट वियर, शू अपर, सेफ्टी शूज की मांग में इजाफा हुआ है। युद्धों के चलते अन्य देशों में निर्यात को बढ़ावा देने का भी असर बाजार पर है। निर्यातक यूएई में पैठ बढ़ाने की कवायद तेजी से कर रहे हैं। चमड़ा और चमड़ा उत्पाद, फुटवियर, आयरन, स्टील, सैडलरी, हारनेस, प्रसंस्कृत मीट फ्रोजन, भैंस की खाल, तैयार चमड़ा, पशु आवरण, फैब्रिक्स, इंजीनियरिंग उत्पाद, मशीनरी, मोती, पत्थर, रेडीमेड गारमेंट, टेक्सटाइल, मुर्गी दाना, सिर के बालों का निर्यात किया गया है। इन सभी क्षेत्रों में निर्यात का सकारात्मक प्रभाव है।

शहर से सबसे अधिक निर्यात अफ्रीकी देशों में हो रहा है। अमेरिका, यूएई, इटली के साथ भी तेजी आई है। अमेरिका में 27.31 प्रतिशत, यूएई में 33.65 प्रतिशत, इटली में 11.4 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया में 74.16 प्रतिशत, तंजानिया रिपब्लिक में 87.2 प्रतिशत, केन्या में 132.44 प्रतिशत, नीदरलैंड में 6.14 प्रतिशत, यूके में 6.43 प्रतिशत, चाइना रिपब्लिक में 3.24 प्रतिशत, सिंगापुर में 3.03 प्रतिशत, सऊदी अरब में 2.56 प्रतिशत की ग्रोथ रही। नार्वे, बेल्जिमयम, इंडोनेशिया, मलयेशिया, ओमान, फ्रांस, चिली, जापान, मैक्सिको, पोलैंड, दक्षिण अफ्रीका को निर्यात बढ़ा है। बांग्लादेश में 2.44 प्रतिशत, जर्मनी में 2.38 प्रतिशत निर्यात घटा है। तुर्किए, स्पेन, थाईलैंड, इजिप्ट, इस्राइल, नाइजीरिया, वियतनाम, कोरिया रिपब्लिक को होने वाले निर्यात में कमी आई है।

### आलोक श्रीवास्तव, निदेशक, फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन फियो

कानपुर का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। उम्मीद है कि पिछले साल का रिकॉर्ड टूट जाएगा। अब सैडलरी का निर्यात बढ़ने लगा है। यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, यूएस में इसकी मांग बढ़ी है। यूएई में कारोबारी संभावनाएं तलाशी जा रही थीं। इसका असर देखने को मिल रहा है। यहां पर निर्यात बढ़ा है। कुछ देशों के साथ कारोबारी रिश्ते कम हुए हैं।

### यादवेंद्र सचान, चमड़ा उत्पाद निर्यातक

अफ्रीकी देशों में निर्यात वृद्धि बढ़ना सकारात्मक संकेत हैं। ये बिल्कुल नए बाजार हैं और निर्यात की बहुत अच्छी संभावनाएं हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय लगातार निर्यात बढ़ाने में सहयोग कर रहा है। सरकार का फोकस भी निर्यात को लेकर तेजी से बढ़ा है। नए-नए बाजार में पहुंच बढ़ाने के लिए सब्सिडी और आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रहे हैं।

 पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# रिश्वत लेकर सवाल पूछने का नेताओं काला इतिहास रहा है

**24 दिसंबर 2005 को संसद में वोटिंग के जरिए आरोपी सभी 11 सांसदों को निष्कासित कर दिया गया। लोकसभा में प्रणब मुखर्जी ने 10 सांसदों के निष्कासन का प्रस्ताव रखा था जबकि राज्यसभा में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने एक सांसद को निष्कासित करने का प्रस्ताव रखा था। वोटिंग के दौरान भाजपा वॉकआउट कर गई थी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष एलके आडवाणी ने कहा था कि सांसदों ने जो कुछ किया वह करप्शन कम, मूर्खता ज्यादा है। इसके लिए निष्कासन बहुत ही कठोर सजा होगी।**

*देश के नेताओं ने आजादी के बाद से भ्रष्टाचार के इतने काले कारनामे किए हैं कि यदि कोई नेता ईमानदारी से अच्छा भी काम करे तब भी उस पर सहज भरोसा करना मुश्किल होता है। देश के लोगों की याद से नेताओ के काले कारनामे की छाप मिटे, इससे पहले ही कोई न कोई नया कांड ऐसा सामने आता है और पूरे तंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो जाते हैं। नया मामला राजस्थान का है। भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के एक विधायक जयकृष्ण पटेल को राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने विधानसभा में सवाल पूछने के बदले 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। राजस्थान की इस क्षेत्रीय पार्टी के दो विधायक और एक सांसद हैं। आदिवासियों के उत्थान के आहवान के साथ इस पार्टी का गठन किया गया। इस पार्टी ने 2023 के विधानसभा चुनाव मे कुल चार सीटें जीती, तीन सीटें राजस्थान मे और एक सीट मध्यप्रदेश मे जीती। बीएपी की टिकट पर डूंगरपुर बांसवाड़ा संसदीय सीट जीतने वाले राजकुमार रोत लोकसभा से सांसद बने। रिश्वत लेने के आरोपी बीएपी विधायक पटेल ने विधानसभा में बीते सत्र के दौरान 11 जुलाई 2024 को अवैध खनन, फार्म हाउस, वन्य जीव और नशा तस्करी को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कुछ सवाल किये गए थे। विधानसभा में इन्हीं खनन से जुड़े सवालों को हटवाने को लेकर रिश्वत का खेल शुरु हुआ। बीएपी विधायक ने इन सवालों को हटाने के लिए 10 करोड़ की डिमांड की थी। अंततः 20 लाख में सौदा तय हुआ और विधायक पटेल को रंगे हाथों दबोच लिया गया। यह पहला मौका नहीं है जब किसी जनप्रतिनिधि ने सदन की पवित्रता को तार-तार किया है। इससे पहले भी मामले सामने आ चुके हैं, जब विधानसभा हो या लोकसभा में सवाल पूछने या नहीं पूछने के ऐवज में रिश्वत मांग कर समूचे लोकतंत्र को कलंकित करने का काम किया गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा का मामला अभी भी देश के लोगों की स्मृति से मिटा भी नहीं है। महुआ मोइत्रा ने रियल एस्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के व्यवसायिक हितों की रक्षा के लिए संसद में सवाल पूछे। आरोप था कि महुआ मोइत्रा ने हीरानंदानी के इशारे पर 61 सवालों में 50 में अंबानी और अडानी को टारगेट किया। दर्शन हीरानंदानी ने खुलासा किया कि महुआ मोइत्रा ने अपनी संसद लॉगिन और पासवर्ड उनके साथ साझा किया था। उन्होंने महुआ की ओर से सवाल पोस्ट किए थे। एथिक्स कमेटी ने 6-4 के बहुमत से महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता खत्म करने की सिफारिश कर दी। टीएमसी सांसद मोइत्रा से पहले भी जनप्रतिनिधियों के ऐसे कृत्यों से देश में राजनीतिक बवंडर उठ चुके हैं। वर्ष 2005 में ऐसे ही एक अन्य मामले में लोकसभा के 10 और राज्यसभा के एक सांसद की सदस्यता रद्द हुई थी। तब एक वेब पोर्टल ने स्टिंग ऑपरेशन किया था। स्टिंग में 11 सांसद सवाल के बदले में कैश का ऑफर स्वीकार करते दिखे थे। इनमें लोकसभा के 10 और राज्यसभा के 1 सदस्य को निष्कासित कर दिया गया था। तब केंद्र में डॉक्टर मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए-1 की सरकार थी। संसद की सदस्यता गंवाने वालों में 6 बीजेपी के थे, 3 बीएसपी के और 1-1 कांग्रेस के सांसद थे। स्टिंग में सबसे कम कैश 15000 रुपये की भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह लोढ़ा के सामने पेशकश की गई थी जबकि सबसे ज्यादा कैश 1,10,000 रुपये आरजेडी के सांसद मनोज कुमार को ऑफर की गई थी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**15 मई को केंद्र सरकार ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालती है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भी तुर्की से एकेडमिक समझौते रद्द कर दिये हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आईआईटी रुड़की और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शामिल हैं। भारत सरकार ने व्यापार के अलावा कूटनीति के मोर्चे पर भी तुर्किये को बड़ा सबक सिखाने का मन बना लिया है। तुर्किये में लगातार बढ़ रही मानवाधिकार हनन की घटनाओं को भारत यूनाइटेड नेशन्स के समक्ष रख सकता है।**

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना



**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**भारत इस मुद्दे के सहारे तुर्किये को सबक सिखा सकता है। येन-केन-प्रकारेण, तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने की भ्रांति पाल रखी है, इसलिए उसकी हेकड़ी तोड़ना अत्यावश्यक है। तुर्किए को सबक सिखाना इसलिए भी अहम है क्योंकि समूचे विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि भारत के शत्रु का जो भी साथ देगा, उसे भारत शत्रु की श्रेणी में ही रखेगा। व्यापार, हानिः लाभ और कूटनीति अपने स्थान पर है।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिन तक चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा। उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा समूचे विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने खुद ही तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है। तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी-2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे और इमारतें मलबा हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई । वह भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके बाद भी तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है। तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली (यूएनजीए) में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। चार मई को तुर्किये ने



**पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया। जिसके चलते कुछ ही समय में मालदीव के नेता घुटने टेकने के लिए विवश हो गए।**

नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया। तुर्किए द्वारा पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी हैं। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता , बल्कि एक भूकंप होता है। पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया। जिसके चलते कुछ ही समय में मालदीव के नेता घुटने टेकने के लिए विवश हो गए। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था। लिहाजा अब बारी तुर्की की है। पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घूमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गये थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था। लेकिन आपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारतीयों को अपने विरूद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है। पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है। सेब उत्पादन करने वाला संघ जो पहले से ही विदेशों से मंगाए जाने वाले सेब की वजह से नाराज रहता था। वह तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता रहता था वो अब प्रसन्न है। इस वित्त वर्ष में तुर्की से 1 लाख 60 हजार टन सेब खरीदे गये थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भारत तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने की तैयारी में हैं। भारत तुर्की से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी। लेकिन अब बदले वातावरण में यह संबंध पूर्णत समाप्त हो सकते हैं। 15 मई को केंद्र सरकार ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालती है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भी तुर्की से एकेडमिक समझौते रद्द कर दिये हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आईआईटी रुड़की और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शामिल हैं। भारत सरकार ने व्यापार के अलावा कूटनीति के मोर्चे पर भी तुर्किये को बड़ा सबक सिखाने का मन बना लिया है। तुर्किये में लगातार बढ़ रही मानवाधिकार हनन की घटनाओं को भारत यूनाइटेड नेशन्स के समक्ष रख सकता है। इसके अलावा 'साइप्रस का मुद्दा% तुर्किये की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। तुर्किए और साइप्रस के बीच की जंग दशकों पुरानी है, इसके बावजूद तुर्किये इसे समाप्त नहीं कर पा रहा। भारत इस मुद्दे के सहारे तुर्किये को सबक सिखा सकता है। येन-केन-प्रकारेण, तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने की भ्रांति पाल रखी है, इसलिए उसकी हेकड़ी तोड़ना अत्यावश्यक है। तुर्किए को सबक सिखाना इसलिए भी अहम है क्योंकि समूचे विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि भारत के शत्रु का जो भी साथ देगा, उसे भारत शत्रु की श्रेणी में ही रखेगा। व्यापार, हानिःलाभ और कूटनीति अपने स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों में कहा जाए तो हमारे दिल में नेशन फर्स्ट का भाव सर्वोच्च होना चाहिए।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे हैं, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 05:51 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 19:19 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | इंद्र, 26:39 |
| सूर्योदयः | 05:36 |
| सूर्यास्तः | 18:44 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 15:27-17:06 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:36 |

## जन एक्सप्रेस

**रहे उसी पर ध्यान !**

*जो मिला है काम ।*
*रहे उसी पर ध्यान ।।*
*इधर उधर भटकाने से ।*
*है गिरता सम्मान ।।*
*बन रहा समूह लगता ।*
*भ्रम का मायाजाल ।।*
*चेते ना अभी अगर ।*
*होगा बुरा हाल ।।*
*देखें अपना क्षेत्र ज़रा ।*
*कैसा पड़ा अकाल ।।*
*हर तरफ से आप पर ।*
*उठते हैं सवाल ।।*
*साथ साथ इस जोश के ।*
*होश को ठुकराया ।।*
*गुणा भाग ना कर जाए ।*
*पूरा ही सफाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# इस गर्मी में पेट की समस्याओं से राहत के लिए करें घरेलू उपाय

**गर्मियों** के मौसम में अक्सर लोग पेट से जुड़ी कई समस्याओं से परेशान रहते हैं। गर्मियों में मसालेदार, तले-भुने और जंक फूड का अधिक सेवन करने के कारण लोगों बहुत से लोगों को पेट में जलन होने, गर्मी होने, पेट दर्द होने, अपच और कब्ज जैसी पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में इन समस्याओं से बचने और पाचन को दुरुस्त करने के लिए कुछ उपायों को अपनाया जा सकता है।

**इसबगोल और दही का सेवन करें:** दही में अच्छी मात्रा में प्रोबायोटिक्स के गुण पाए जाते हैं, जिससे हेल्दी गट बैक्टीरिया को बढ़ावा देने, पेट को ठंडक देने और दस्त जैसी पाचन से जुड़ी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है और पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है।

**सौंफ खाएं:** सौंफ में डायजेस्टिव गुण पाए जाते हैं, साथ ही, इसकी तासीर ठंडी होती है। ऐसे में खाने के बाद सौंफ को चबाएं या रातभर पानी में भिगोई हुई सौंफ का सेवन सुबह के समय कर सकते हैं। इससे ब्लोटिंग, पेट गर्म और अपच जैसी पाचन से जुड़ी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

**चावल का पानी पिएं:** गर्मियों में पाचन की समस्याओं से राहत के लिए चावल का पानी पी सकते हैं। इससे कब्ज की समस्या से राहत देने, पेट को ठंडक देने, ब्लोटिंग से राहत



देने और शरीर को हाइड्रेट बनाए रखने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, दही के साथ खिचड़ी खाना भी फायदेमंद है।

**अजवाइन और काला नमक लें:** गर्मियों में पेट दर्द, गैस, ब्लोटिंग जैसी पाचन से जुड़ी समस्या से राहत के लिए आधा छोटी चम्मच अजवाइन को चुटकीभर काले नमक के साथ हल्के गुनगुने पानी के साथ इसका सेवन करें। इससे पेट दर्द, गैस, अपच और ब्लोटिंग जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है, साथ ही, अजवाइन से पाचन के लिए जरूरी एंजाइम्स को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। ध्यान रहे, गर्मियों में अजवाइन का सेवन सीमित मात्रा में करें।

**पुदीने की चाय पिएं:** गर्मियों में गैस और एसिडिटी जैसी पाचन से संबंधी समस्याओं से राहत के लिए पुदीने की चाय का सेवन किया जा सकता है। पुदीने में कूलिंग इफेक्ट होते हैं। ऐसे में इसको खाने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है।

**पानी युक्त फूड खाएं:** गर्मियों में पेट की गर्मी को कम करने, कब्ज से राहत देने और शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए नियमित रूप से ककड़ी, खीरा, तरबूज और खरबूज जैसे फूड्स को डाइट में शामिल करें। इससे पाचन की समस्याओं से राहत देने और पाचन को दुरुस्त बनाए रखने में मदद मिलती है।

**नारियल पानी पिएं:** नारियल पानी पाचन के लिए फायदेमंद है। इसमें अच्छी मात्रा में फाइबर और एंजाइम्स होते हैं। ऐसे में गर्मियों में इसका सेवन करने से कब्ज और अपच जैसी समस्याओं से राहत देने नें मदद मिलती है, साथ ही, इससे शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद मिलती है।

**छाछ या दही खाएं:** गर्मियों में पेट में ठंडक बनाए रखने के लिए छाछ या दही का सेवन करना फायदेमंद है। छाछ या दही का सेवन करने से पेट की गर्मी को शांत करने, कब्ज से राहत देने, अपच से राहत देने और पाचन को दुरुस्त करने में मदद मिलती है।

**निष्कर्ष:** गर्मियों के मौसम में अक्सर लोगों को कब्ज, अपच, गैस, पेट में जलन और पेट दर्द जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# डिजिटल युग में बचपन और रिश्तों का संकट



**प्रियंका सौरभ**

**परिवारों को चाहिए कि वे पारिवारिक मुलाकातों और वार्तालाप को प्राथमिकता दें। समाज में सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक खेल, त्योहार, मेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।**

**डिजिटल** युग ने जहां हमारी दुनिया को एक-दूसरे के बेहद करीब ला दिया है, वहीं इसके प्रभाव ने बच्चों के जीवन और पारिवारिक रिश्तों में गहरे बदलाव भी ला दिए हैं। आज के बच्चे आँगन की मिट्टी छोड़कर स्मार्टफोन, टैबलेट और गेमिंग की आभासी दुनिया में खोते जा रहे हैं। उनका बचपन अब स्क्रीन की चकाचौंध में डूबा है, जिससे न केवल पारिवारिक रिश्ते कमजोर हो रहे हैं, बल्कि उनकी मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक सेहत पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।कुछ दशक पहले का बचपन आज से बिलकुल अलग था। आँगन में कंचे खेलना, मिट्टी में खेलना, दौड़-भाग और गली-मोहल्ले में दोस्तों के साथ मस्ती करना, हर बच्चे की जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा था। बच्चे पसीने से तरबतर होकर घर आते थे। माँ की ममता भरी थपकी और दादी की कहानियाँ उनके दिन की खुशी का आधार हुआ करती थीं। उस वक्त डिजिटल उपकरणों का नामोनिशान भी नहीं था।आज का बचपन बदले हुए दौर की पहचान है। बच्चे मोबाइल फोन, टैबलेट और वीडियो गेम्स की दुनिया में उलझे रहते हैं। वे घंटों एक छोटी सी स्क्रीन के सामने बैठकर आभासी पात्रों के साथ लड़ते-झगड़ते हैं, लेकिन असली दुनिया से उनकी दूरी बढ़ती जा रही है। वे पारिवारिक संवाद

**बग्चों को प्राकृतिक खेलों, कला, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए ताकि उनका मानसिक विकास स्वस्थ हो।सांस्कृतिक और सामाजिक बदलाव की जरूरतयह समस्या केवल व्यक्तिगत स्तर की नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की भी मांग करती है। हमें समाज के रूप में यह स्वीकार करना होगा कि आभासी दुनिया कभी भी वास्तविक जीवन का विकल्प नहीं हो सकती।**

और वास्तविक सामाजिक मेलजोल से दूर हो रहे हैं।मनोवैज्ञानिक और शोधकर्ता इस बात पर सहमत हैं कि बच्चों में स्क्रीन टाइम का अत्यधिक उपयोग उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए नुकसानदायक है। राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 12-18 वर्ष के लगभग 75त्न बच्चे दिन में चार से छह घंटे तक मोबाइल या टैबलेट का उपयोग करते हैं, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक इस उम्र के बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम दो घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। अधिक देर तक स्क्रीन देखने से बच्चों की नींद प्रभावित होती है, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता घटती है और मानसिक तनाव बढ़ता है। इससे अवसाद, चिड़चिड़ापन और अकेलेपन जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। साथ ही शारीरिक रूप से भी वे सक्रिय नहीं रहते, जिससे मोटापा, दृष्टि की कमजोरी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ रही हैं।परिवार के सदस्य भी एक-दूसरे के साथ समय बिताने की बजाय अपने-अपने मोबाइल या डिजिटल उपकरणों में खोए रहते हैं। भोजन करते समय भी अधिकतर लोग फोन पर व्यस्त रहते हैं। बच्चों के साथ संवाद की कमी उनके और माता-पिता के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ा रही है। बच्चे अपने मन की बात कहने में संकोच करते हैं, जिससे उनका मनोबल कमजोर होता है। परिवार में संवाद की कमी से बच्चों की समझ और सहानुभूति विकसित नहीं हो पाती। वे अपनी भावनाओं को सही ढंग से अभिव्यक्त नहीं कर पाते, जो रिश्तों में दरार का कारण बनता है। इसका असर उनकी सामाजिक व्यवहार, दोस्ती और रिश्तों की गुणवत्ता पर भी पड़ता है।स्क्रीन के सामने बिताया गया अधिक समय बच्चों के सामाजिक कौशल को प्रभावित करता है। वे वास्तविक जीवन के संपर्क में कम आते हैं, जिससे उनकी संवाद क्षमता, सहनशीलता और टीम भावना कमजोर होती है। बच्चे जो जीवन के अनुभवों और अलग-अलग लोगों से मिलने-जुलने से सीखते हैं, वे अनुभव डिजिटल माध्यम से पूरी तरह से नहीं हो सकते। भावनात्मक विकास के लिए भी पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक मेलजोल की जरूरत होती है। बच्चे अपनी खुशियों, दुखों और परेशानियों को परिवार या करीबी दोस्तों के साथ बांटकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। परंतु डिजिटल युग में इस आदत का टूटना, बच्चों को अकेला और असहाय महसूस कराता है।आज के बच्चे अपनी दोस्ती को 'फॉलोअर्स', 'लाइक्स' और 'कमेंट्स' तक सीमित कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर जो मित्रता होती है, वह अक्सर सतही और अस्थायी होती है। आभासी मित्रों से मिलने वाली स्वीकार्यता अस्थायी संतुष्टि देती है, लेकिन असली जीवन के कठिन समय में वे समर्थन नहीं दे पाते। गेमिंग की दुनिया में बच्चे जीतने के लिए कई बार आपस में लड़ते हैं, झूठ बोलते हैं या अनैतिक रास्ते अपनाते हैं। यह उनकी नैतिकता और व्यवहार को प्रभावित करता है। खेलों की इस प्रतिस्पर्धा में बच्चों का आपसी प्रेम और सम्मान कम होता जा रहा है। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों के साथ समय बिताएं, उनकी रुचियों को समझें और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें। उन्हें चाहिए कि वे बच्चों के मोबाइल और इंटरनेट के उपयोग पर नजर रखें ।

# 38 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं में नवचयनित 38 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सोमवार को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। यह वितरण कार्यक्रम अमरिया, शहर, ललौरीखेड़ा और मरौरी परियोजनाओं के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला कल्याण विभाग की ओर से किया गया था। कार्यक्रम में गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री ने चयनित महिलाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें भविष्य में कर्तव्यों के प्रति सजग, समर्पित और संवेदनशील रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण के खिलाफ एक सशक्त माध्यम हैं, और इन कार्यकत्रियों की भूमिका समाज निर्माण में बेहद अहम है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह नियुक्तियाँ एक सकारात्मक कदम हैं। उन्होंने नव नियुक्त कार्यकत्रियों से आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर संचालन के लिए प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।

### कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को भी मिला लाभ

कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग द्वारा कन्या सुमंगला योजना के तहत दो लाभार्थी बच्चों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही पाँच बालिकाओं को हाईजीन किट भी प्रदान की गईं, जिससे बालिकाओं में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा।

### परिजन भी रहे शामिल, माहौल रहा उत्साहपूर्ण

कार्यक्रम में नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिलास्तरीय अधिकारी, जैसे जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारी भी मंचासीन रहे। पूरी प्रक्रिया के दौरान उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला।

### आंगनबाड़ी सेवाओं में गुणवत्ता लाने की अपील

समारोह के समापन पर अधिकारियों ने नव नियुक्त कार्यकत्रियों से आंगनबाड़ी सेवाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता लाने की अपील की और कहा कि अब उन्हें नौनिहालों और माताओं के पोषण व शिक्षा की ज़िम्मेदारी संभालनी है, जिसे वह ईमानदारी से निभाएं।

### कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को भी मिली सौगात



## सड़क पर बनी रैम्प से टकराई बाईक, चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज कस्बे में जल भराव की समस्या के चलते पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा जगह-जगह टुकड़ों में आरसीसी सड़क का निर्माण किए जाने से सड़क को लगभग 6 से 7 इंच ऊंची बनाकर जल भराव की समस्या से तो निजात दिला दी गई लेकिन रोजाना हो रहे हादसों में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। कस्बे में जल भराव की शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा मैगलगंज कस्बे में 4 से 5 जगह पर टुकड़ों में 100 से 200 मीटर आरसीसी रोड का निर्माण किया गया है इनमें रोड के दोनों छोरो को एकदम से ऊंचा कर दिया गया है अमूमन बाइक चालकों व कार चालकों को इस ऊंची सड़क का एहसास नहीं हो पता है और जब तक वह अपनी गाड़ी को कंट्रोल करते हैं तब तक वह किसी न किसी दुर्घटना का शिकार हो चुके होते हैं। बीती देर रात्रि भी हरदोई जिले के थाना पिहानी गांव निवासी सोनू गौतम घर वापस जा रहे थे इसी दौरान मंडी गेट के सामने एकाएक बनी रैंप से उनकी बाइक उछल गई और वह बाइक समेत डिवाइडर में जा टकराया। सर में गंभीर चोट होने के चलते चिकित्सकों तक अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। इससे पूर्व भी एक और घटना हो चुकी है। रोजाना हो रही घटनाओं से कस्बे में लोगों में विभाग के प्रति रोष व्याप्त है।

# स्वामी प्रवक्तानंद के सान्निध्य में बनी स्मृति अभियान की रूपरेखा

- रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर भाजपा 20 से 31 मई तक चलाएगी सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

मालवा की महान धर्मपरायण शासिका रानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 20 से 31 मई तक स्मृति अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की रणनीति बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद के आश्रम में आयोजित विशेष बैठक में तय की गई। बैठक में जिलेभर में आयोजित होने वाले विविध सांस्कृतिक, सामाजिक व जनजागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

बालिकाओं की दौड़ से होगी शुरुआत भाजपा द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की शुरुआत बालिकाओं की दौड़ प्रतियोगिता से होगी। इस आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और शारीरिक दक्षता का विकास करना बताया गया है। दौड़ प्रतियोगिता के माध्यम से समाज में बेटियों को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिला भाजपा कार्यालय पर रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन व व्यक्तित्व पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें शिक्षकों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों और समाज के अन्य प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया जाएगा। संगोष्ठी के दौरान रानी अहिल्याबाई के त्याग, सेवा और धर्म आधारित प्रशासन की चर्चा की जाएगी। साथ ही उनके जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिससे युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा मिल सके।

### रानी अहिल्याबाई का जीवन

### बना प्रेरणास्त्रोत

बैठक में वक्ताओं ने रानी अहिल्याबाई होलकर को भारतीय इतिहास की अद्वितीय शासिका बताया, जिनके प्रशासनिक कौशल, सामाजिक न्याय और धार्मिक सहिष्णुता के उदाहरण आज भी प्रासंगिक हैं।

वक्ताओं ने कहा कि यह स्मृति अभियान न केवल एक श्रद्धांजलि है, बल्कि यह उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम भी है।



### जिला संयोजक बनाए गए अमित अग्रवाल

अभियान के प्रभावी संचालन के लिए भाजपा जिला महामंत्री अमित अग्रवाल को अभियान का संयोजक नियुक्त किया गया है। उनके साथ रेखा सिंह परिहार, सुषमा देवी, मंगली प्रसाद वर्मा, अनुराग अग्निहोत्री, स्वतंत्र देवल, सुमित गंगवार, गीता मिश्रा, सतनाम सिंह, सत्यपाल वर्मा, अमनदीप मिश्रा, अभिनीत पांडेय और नीतीश अग्रवाल को सह-संयोजक बनाया गया है। ये सभी कार्यकर्ता जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान की गतिविधियों का समन्वय करेंगे। स्मृति अभियान के तहत जिले के सभी नगरों और ब्लॉकों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता जैसे विषयों को केंद्र में रखते हुए जनजागरूकता फैलाई जाएगी। कार्यक्रमों की श्रृंखला में वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और रचनात्मक कार्यशालाएं भी शामिल होंगी।

# शव विश्राम गृह के निर्माण को लेकर कांशीराम कॉलोनी में विवाद गहराया

- ईदगाह के पास नगर पंचायत की जमीन पर हो रहा था निर्माण, दूसरे समुदाय के लोगों पर अवरोध उत्पन्न करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

तराई के जनपद बांसुरी नगरी पीलीभीत के कांशीराम कॉलोनी स्थित ईदगाह के समीप नगर पंचायत द्वारा बनवाए जा रहे शव विश्राम गृह के निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि दूसरे समुदाय के कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर इस आवश्यक निर्माण में बाधा डाली जा रही है, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

### प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग

ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि निर्माण कार्य में बाधा डालने वालों की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए आवश्यक है कि प्रशासन बिना किसी दबाव के कार्यवाही करे और शव विश्राम गृह के निर्माण को अविलंब पूरा कराए।

इस मांग के समर्थन में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने एकजुट होकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में विशन स्वरूप, वीरेश, प्रियंका, विशेष चौहान, कृष्णा पाठक, प्रीति रानी, ममता देवी, विमला देवी, रूपा, राकेश कुमार, संतोषी, उषा देवी, शकुंतला देवी, खुशबू, ममता सक्सेना, मनोहर लाल, मीना देवी, पिंकी, उदय त्रिपाठी, अलका, वीरू गुप्ता, मंजू, सोमवती, लक्ष्मी देवी, कैलाश बाबू, सुदामा देवी, गौरव, दीपा, अंशिका, हेमंत वर्मा, अंशु, अर्जुन, राम बेटी, रमेश चंद्र, विनोद, हेमंत कुमार वर्मा, दीपाली, तिरुपति, आकाश, रामकिशन सोनकर, एन.सिंह, नानी देवी, अखिलेश सक्सेना समेत सैकड़ों नागरिकों के हस्ताक्षर भी किए गए।



### स्थायी व्यवस्था न होने से होती है असुविधा- सेवक विशाल

सोमवार को वार्ड प्रतिनिधि महंत सेवक विशाल के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया और ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए ताकि शवों के अस्थायी रखने की असुविधा से बचा जा सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि शवों को अंतिम संस्कार से पूर्व सुरक्षित रखने की कोई स्थायी व्यवस्था न होने से परिजनों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व रेलवे विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उक्त भूमि को रेलवे की बताते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया था। जबकि नागरिकों का कहना है कि यह भूमि नगर पंचायत की मान्यता प्राप्त भूमि है और वर्षों से स्थानीय उपयोग में है। ऐसे में रेलवे का दावा अनुचित और भ्रम पैदा करने वाला है।

### एसडीएम ने दिया जांच का आश्वासन

उपजिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि भूमि नगर पंचायत की है और निर्माण विधिसम्मत है, तो किसी को भी इसमें बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 68 पीड़ित परिवारों को मिलेगी राहत

- डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक, पात्र परिवारों को शीघ्र मिलेगी आर्थिक सहायता

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत जनपद पीलीभीत के 68 पात्र कृषक परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। सोमवार को गांधी सभागार में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में योजना के अंतर्गत प्राप्त 88 दावों की तहसीलवार समीक्षा की गई। इस दौरान पात्र पाए गए 68 परिवारों को आर्थिक सहायता दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

### भौतिक सत्यापन के निर्देश, पात्रों को जल्द मिलेगा लाभ

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनांतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए, ताकि किसी भी पात्र कृषक परिवार को सहायता से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि कृषकों की किसी दुर्घटना अथवा दिव्यांगता की स्थिति में उनके परिजनों को त्वरित सहायता दी जाए।

### 68 स्वीकृत, 5 निरस्त, 1 लंबित, 14 की दोबारा जांच

समीक्षा बैठक में सामने आया कि जनपद की पांचों तहसीलों से कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 68 को स्वीकृति दी गई। वहीं 5 आवेदन निरस्त किए गए, 1 को लंबित रखा गया और 14 आवेदनों को पुनः जांच के लिए भेजा गया है। जिलाधिकारी ने इन मामलों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), मुख्य चिकित्साधिकारी, सभी उप जिलाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे आवेदनों की जांच पूरी तत्परता से करें और योजना से संबंधित समस्त प्रक्रियाएं समयसीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य किसानों के कठिन समय में उनके परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता प्रदान की जाएगी।

## बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

**महोली।** कोतवाली इलाके में हाईवे पर रविवार देर शाम दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। ककरहिया निवासी सचिन कुमार अपने साथी सोनू के साथ बाइक पर सवार होकर सीतापुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हेमपुर के निकट सीतापुर से महोली की तरफ आ रहे इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के हेमपुर निवासी बृजेश सिंह की बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक पर सवार युवक छिटककर रोड पर जा गिरे और गंभीर घायल हो गए। बाइक सवारो ने हेलमेट नहीं लगाया था। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक ने सचिन (16) व बृजेशपाल सिंह (40) को मृत घोषित कर दिया है। वहीं गंभीर घायल सोनू को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# सीखने और खेलने का अनोखा अनुभव: समर कैंप विशेष

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

सेठ एम.आर.जयपुरिया स्कूल, लखीमपुर खीरी में समर कैंप 2025 के दूसरे दिन का आयोजन भी उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा से भरपूर रहा।इस दिन छात्रों को न केवल मनोरंजन का अवसर मिला, बल्कि उन्होंने कई जीवनोपयोगी कौशल भी सीखे। दूसरे दिन की शुरुआत बच्चों ने टॉय ट्रेन की सवारी के आनंद के साथ की, जिससे कैंप का वातावरण और अधिक जीवंत हो गया।बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट, आउटडोर गेम्स, टीम-बिल्डिंग गतिविधियाँ, कहानी सत्र, संगीत वर्कशॉप, और रचनात्मक कार्यशालाओं में भाग लिया। नॉन-फायर कुकिंग सत्र में उन्होंने अपने हाथों से कोल्ड कॉफी और मसाला कोक तैयार की, वहीं कुम्हार कला के तहत मिट्टी से सुंदर आकृतियाँ बनाना सीखा। रोबोटिक्स के शुरुआती ज्ञान से बच्चों को आधुनिक तकनीक की ओर झाँकने का अवसर मिला। पर्सनैलिटी डेवलपमेंट सेशन में बच्चों ने आत्मविश्वास, संवाद कौशल और टीमवर्क जैसे महत्वपूर्ण गुणों को आत्मसात किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप गुप्ता जी ने शिविर का भ्रमण किया। बच्चों के उत्साह और सक्रिय भागीदारी से अभिभूत होकर उन्होंने विद्यालय की इस पहल की प्रशंसा की। यह समर कैंप 7 से 16 वर्ष के आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

विद्यालय प्रबंधक श्री आशीष गुप्ता जी की प्रेरणा एवं प्रधानाचार्य महोदया के मार्गदर्शन में यह शिविर संपूर्ण सुरक्षा और योजनाबद्ध ढंग से संचालित किया जा रहा है। संयोजिका महोदया ने कहा, हमारा प्रयास है कि छात्र सिर्फ ज्ञान नहीं, बल्कि रचनात्मकता, सहयोग और आत्म-अनुशासन का भी अनुभव करें।

# दो अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत और तीन गंभीर रूप से घायल

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

क्षेत्र में दो अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं से पूरा क्षेत्र दहल उठा है। 10 घंटे के भीतर तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। वही तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिनाख्त करने पर शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर रविवार की रात 11 बजे करीब कस्बा गोला के तीन युवक एक बाइक पर सवार होकर मोहम्मदी से शाहजहांपुर की ओर जा रहे थे। पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी मोहम्मदी पर भर्ती कराया था डॉक्टर ने जांच के दौरान मोहल्ला भवानीपुर निवासी 24 वर्षीय आशीष शर्मा पुत्र रामनिवास शर्मा और मोहल्ला तीर्थ निवासी अजीत कश्यप पुत्र रामकुमार कश्यप 24 वर्षीय को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर शवों की पहचान करने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना में जख्मी मोहल्ला तीर्थ निवासी विकास को इलाज के लिए रेफर किया गया है। दूसरी घटना कस्बा में नेशनल हाईवे 730 ए पर सोमवार 11 बजे करीब पट्टी जाजूपुर बंडा शाहजहांपुर निवासी शिवांकर शर्मा अपनी बाइक पर पीछे मां अंजली शर्मा को बैठाकर मोहम्मदी आई हॉस्पिटल पर ऑपरेशन के लिए लेकर आ रहे थे। उनकी बाइक टेलीफोन टावर के पास पहुंचते ही पुवायां की ओर जा रहे गोरा रायपुर सिधौली शाहजहांपुर निवासी दीपू पुत्र राम प्रताप 30 वर्ष की बाइक आमने-सामने जोरदार टकराने से तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने ईलाज के दौरान दीपू पुत्र राम प्रताप को मृत घोषित कर दिया है।

और हादसे में घायल मां बेटे को इलाज के लिए शाहजहांपुर पर रेफर किया है।

सूचना पर पहुंचे परिजन के शव की पहचान करने पर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लिया है।

# ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर पूर्व सैनिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद तहसील की ओर से रविवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता एवं भारतीय सेना के सम्मान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ब्लॉक सभागार से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नगर पालिका परिषद तक पहुँच कर समापन किया गया। तिरंगा यात्रा में पूर्व सैनिकों, गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रबल करना और भारतीय सेना के अद्वितीय योगदान के प्रति सम्मान प्रकट करना था। यात्रा के मुख्य मार्ग दर्शक कृष्ण गोपाल त्रिवेदी रहे, जबकि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक राजेश्वर सिंह, अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा, महामंत्री देव प्रकाश, प्रवक्ता मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष जगदेव सिंह, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार, और कार्यालय प्रभारी गजेंद्र प्रसाद उपस्थित रहे। इनके साथ-साथ अकरम खान, महेश चंद्र वर्मा, महेश पाल, कुतुबुद्दीन, प्रमोद सिंह, चंद्रभान, जितेंद्र कुमार मिश्रा, दिलीप कुमार, रघुनंदन प्रसाद, नफीस अहमद, अनिल कुमार गुप्ता, राम हरीश मिश्रा, निरंकार वर्मा, राकेश कुमार यादव, हरपाल सिंह, गुरमेज सिंह, पी. एल. वर्मा, और प्रेम कुमार समेत अनेक पूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया।

# महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने सुनी जनसमस्याएं

**सिद्ध बाबा मेले की अव्यवस्थाओं को लेकर दिए त्वरित निदान के निर्देश**

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनसेवा को सर्वोपरि मानने वाले बरखेड़ा विधायक एवं श्री श्री महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सोमवार को श्रीपरमअक्रियधाम आश्रम, खमरिया पुल कार्यालय पर आयोजित जनतादर्शन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही दिशा-निर्देश जारी किए।

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं के साथ आश्रम पहुंचे थे। किसी ने राशन कार्ड में त्रुटियों की शिकायत की तो किसी ने विद्युत आपूर्ति, पेयजल संकट, पेंशन व आवास योजना से संबंधित समस्याएं रखीं। सभी मामलों को सुनने के बाद विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन पर निर्देशित करते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

जनतादर्शन के पश्चात स्वामी प्रवक्तानंद को क्षेत्र के नागरिकों ने माधोटांडा मार्ग स्थित माला जंगल में चल रहे प्रसिद्ध %श्री सिद्ध बाबा मेला% में दुकानों को लेकर उत्पन्न हो रही अव्यवस्थाओं और वन विभाग की ओर से की जा रही बाधाओं की जानकारी दी। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई वर्षों से यह मेला परंपरागत रूप से लगता आ रहा है, लेकिन इस बार दुकानदारों को लगाने में कठिनाई आ रही है तथा वन विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा बेवजह आपत्ति की जा रही है, जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस पर स्वामी प्रवक्तानंद ने तत्काल वन विभाग के संबंधित अधिकारी से वार्ता की और निर्देश दिए कि मेले में किसी भी श्रद्धालु या दुकानदार को कोई समस्या न हो। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सिद्ध बाबा मेला क्षेत्र की आस्था और परंपरा से जुड़ा आयोजन है, जहां व्यवस्था बनाना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेताया कि अगर किसी ने मेले में विघ्न डालने की कोशिश की, तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महामंडलेश्वर की इस तत्परता और संवेदनशीलता से प्रभावित होकर उपस्थित क्षेत्रवासियों, दुकानदारों और श्रद्धालुओं ने उनका आभार व्यक्त किया और उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर अनेक गणमान्य नागरिक, संतगण एवं क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सिटी मॉण्टेसरी इण्टर कॉलेज की मुहिम, शिक्षक व विद्यार्थी पहुँचे सलूजा नर्सिंग होम

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सिटी मॉण्टेसरी इण्टर कॉलेज के द्वारा चलाए जा रहे ''मिशन इन्ट्रैक्ट नॉलेज इज पॉवर'' के अन्तर्गत आज शिक्षक व विद्यार्थी पहुँचे शहर के प्रमुख नर्सिंग होम सलूजा नर्सिंग होम प्राइवेट लिमिटेड मेला मैदान इस दौरान विद्यार्थियों को शहर के वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमरजीत सिंह सलूजा (एक्स-आई एम ए प्रेसीडेन्ट) ने जोड़ों के दर्द व आर्थो रोग से सम्बन्धित वास्तविक परिस्थितियों, रोगियों की देखभाल और हड्डी रोग से सम्बन्धित विभिन्न विभागों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।वहीं विद्यार्थियों ने भौतिक चिकित्सक फिजियोथेरेपिस्ट डॉ0 एस.के. यादव के द्वारा विभिन्न मशीनों एमएस, एसडब्ल्यूडी, यूएसटी, आईएफटी आदि से पेशियों के दर्द, जोड़ दर्द, शारीरिक आराम के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर डॉक्टर अमरजीत सिंह सलूजा ने विद्यालय की इस मुहिम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और विद्यार्थियों का प्रोत्साहन करते हुए शिक्षकों व विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।इस मुहिम में जीव विज्ञान प्रवक्ता वी.डी. मिश्रा, गौरव भट्ट के नेतृत्व में विद्यालय की छात्रा इशिका सिंह, शुभी यादव, अंशिका जायसवाल, ईशा वर्मा, अरीबा मोबीन अंसारी, आकाश अवस्थी, मो0 सरीम आदि ने शैक्षिक भ्रमण किया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### उद्योग व्यापार मण्डल ने तुरकियों के समान का किया बहिष्कार

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल केजिला अध्यक्ष अरुण अवस्थी के नेतृत्व में व्यापारियों ने सदर चौराहे पर दुकानदारों के साथ एकत्र होकर तुर्किये के सामान का बहिष्कार किया गया। उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने दुकानदारों से सम्पर्क किया गया। तुर्किये द्वारा फलों के रूप में सेब और कपड़े व मेवा आदि भारत में आयात किया जाता है जिससे हजारों करोड़ रूपये का तुर्किये को लाभ होता है। जिसका वह दुरुपयोग हमारे दुशमन देश पाकिस्तान को मदद करने के लिए करता है साथ ही दुकानदारों से यह भी अनुरोध किया गया कि वह चीन का भी सामान न खरीदे। तुर्किये व चीन व अजरबैजान के विरुद्ध व्यापारियों के द्वारा जो देशव्यापी मुहिम चलाई जा रही है उसमें हम सभी व्यापारीगण भी राष्ट्रहित में उन अपने देश साथ हैं। तुर्किये से व्यापार बन्द करने से वह आर्थिक रूप से कमजोर पड़ेगा व 15 प्रतिशत उसकी आय प्रभावित होगी। इस अवसर परअखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी प्रवीण गुप्ता एडवोकेट नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, विजय गुप्ता, अली हुसैन, लियाकत हुसैन, शिवम गुप्ता, अमित त्रिपाठी, किशन सोनी, असद खान, आदित्य गुप्ता, राजीव सिंह, अशोक तिवारी आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।

### यूरिया के अभाव से किसान परेशान

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर में इन दिनों यूरिया का अभाव है इस कारण किसान परेशान है। जेठ के महीने में किसान के गन्ने के खेतों में नए कल्ले निकलते हैं नए निकलने वाले कल्लो को पोषण के लिए गन्ने में यूरिया के छिड़काव की आवश्यकता होती है, जिन किसानों ने खेतों में मूंग उड़द और अरहर बो रखी है उन्हें भी खेतों में डालने के लिए यूरिया की आवश्यकता है किंतु नगर में मोहम्मदी मार्ग स्थित एक दुकान को छोड़कर किसी भी दुकान पर यूरिया उपलब्ध नहीं है मोहम्मदी मार्ग स्थित स्थित खाद और पेस्टिसाइड बेचने वाला दुकानदार किसानों को यूरिया के साथ जबरदस्ती पेस्टिसाइड और अन्य उत्पाद लेने को विवश करता है अन्य किसी दुकान पर यूरिया उपलब्ध न होने के कारण किसानों की फसल चौपट हो रही है।

### तेन्दुए के हमले में युवक घायल

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** उत्तर खीरी वन प्रभाग की धौरहरा रेंज में हिंसक पशुओं के हमले थमने का नाम नही ले रहे है। वन विभाग सिर्फ ग्रामीणों को जानवरो से सतर्क रहने की सलाह देकर खानापूर्ति कर रहा है। रविवार शाम धौरहरा कस्बे के दक्षिण खेतो में हिंसक तेन्दुए ने एक किसान पर हमला कर उसे गम्भीर रुप से घायल कर दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुचे परिजनों ने उसे सीएचसी धौरहरा पहुंचाया जहा चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल को रेफर कर दिया जहाँ घायल का इलाज जारी है। रविवार की शाम करीब छ बजे क्षेत्र के नरैना बाबा मजरा जुगुनूपुर निवासी तीस वर्षीय लल्लन भार्गव पुत्र शुकई धौरहरा कस्बे के दक्षिण अपने गन्ने के खेत में खाद डालने गया था। लल्लन खाद डालकर जैसे ही खेत से बाहर निकलकर कस्बे के शुक्ला वार्ड निवासी सुरेंद्र (गाँधी ) के खेत के पास पहुंचा कि तेन्दुए ने उसपर हमला कर दिया। आसपास खेतों मे काम कर रहे किसानो के दौड़ने और शोर मचाने पर तेन्दुआ खेतो में भाग गया। किसानो की सूचना पर पहुचे परिजनों ने घायल को सीएचसी पहुंचाया जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वन क्षेत्राधिकारी एन के चतुर्वेदी ने बताया कि घायल को जल्द ही सहायता राशि दिलाई जाएगी।

# बॉर्डर पर बढ़ी सतर्कता, सुरक्षा कर्मियों ने किया पैदल मार्च

**जन एक्सप्रेस। ठूठीबारी/महराजगंज**

भारत नेपाल बार्डर से सटे ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में पीएसी बल की संयुक्त टीम ने बार्डर पर संभावित अवैध घुसपैठ, तस्करी रोकथाम व अन्य गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के उद्देश्य से क्षेत्र के पगडंडी राजाबारी, मरचहवा, लक्ष्मीपुर खुर्द, लालपुर चटिया गांवों में प्रशासनिक सुरक्षा बल तैनात रहे। गश्त का उद्देश्य क्षेत्र में शांति बनाए रखने के साथ संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखना था।



भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर के तहत बड़ी कार्रवाई के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए इंडो नेपाल बार्डर पर स्थित ठूठीबारी कोतवाली पुलिस और पीएसी बल के जवानों ने सीमावर्ती गांवों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। ठूठीबारी सीमा से लेकर कस्बे के आसपास के राजाबारी, मरचहवा, गड़ौरा व लक्ष्मीपुर खुर्द के, लालपुर, चटिया समेत सीमाई क्षेत्रों में पुलिस और पीएसी की संयुक्त टीम द्वारा पैदल मार्च किया। गश्त का उद्देश्य क्षेत्र में शांति बनाए रखने के साथ संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखना था। पैदल मार्च का नेतृत्व कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा और पीएसी कमांडर बिमलेश कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर जवानों ने आम लोगों से भी संपर्क साधा और उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी। इसके साथ उन्होंने लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि क्षेत्र में कही भी संदिग्ध व्यक्ति, अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन देने की बात कही। भारत नेपाल बार्डर की सुरक्षा की जिम्मेदारी एसएसबी जवानों पर है, पड़ोसी राष्ट्र नेपाल राष्ट्र से भारत में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्तियों, वाहनों और तस्करी की रोकथाम तथा अन्य गतिविधियों पर पैनी नजर होती है। वही पर्दे के पीछे रहने वाली खुफिया विभाग की बार्डर के प्रत्येक हल चल पर पैनी नजर होती है।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सीमा पर सुरक्षा के लिए चौकसी बढ़ा दी गई है। सीमा के सभी संवेदनशील गांव की निगरानी बारीकी से की जा रही है। पुलिस व पीएसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

## युवक को भगा ले गई दो बच्चों की मां, केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में रहने वाली दो बच्चों की मां का एक नाबालिग युवक पर दिल आ गया, उसे अपना बनाने के लिए युवक को लेकर फरार हो गई। जिस पर लड़के के परिजनों ने पुलिस कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक दो बच्चों की मां गांव के ही एक नाबालिग युवक से प्यार कर बैठी आरोप है की 16 मई की दोपहर 1 बजे उसे अपना बनाने के लिए बहला-फुसला कही लेकर फरार हो गई परिजन काफी खोजबीन किये लेकिन कुछ पता नहीं चल सका तो अनहोनी घटना होने के भय से ठूठीबारी कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। इस संबंध में ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया की आरोपी महिला पूनम दूबे के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# पुलिस और नायब तहसीलदार के सामने चले लात घूसे व ईंट-पत्थर

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

गोरखपुर के पिपराइच में पुलिस और नायब तहसीलदार के सामने दो पक्ष भिड़ गए जिसमें लात-घूंसे और ईंट-पत्थर चले। इस घटना में कई लोग घायल हुए जिनमें एक युवक का सिर फट गया। ज्वाइंटर मजिस्ट्रेट के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजस्व टीम के साथ अमवा गांव में पैमाइश करने पहुंचे थे। पैमाइश के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और मारपीट शुरू हो गई।



पिपराइच के अमवा गांव पुलिस और नायब तहसीलदार के दो पक्ष भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों तरफ से लात, घूसे और ईंट-पत्थर चलने लगे। इसमें एक युवक का सिर फट गया और कई घायल हो गए।

इस घटना के दौरान वहां मौजूद पुलिस मूक दर्शक बनकर घटना का वीडियो बनाती रही। बाद में सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह, गुलरहिया और पिपराइच थानेदार ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

सीओ ने घटना स्थल पिपराइच का बताते हुए थानाध्यक्ष को केस दर्ज करने का निर्देश दिया। इस घटना का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी प्रसारित हो रहा है। ज्वाइंटर मजिस्ट्रेट के निर्देश पर धारा 24 के तहत नायब तहसीलदार जाकिर हुसैन राजस्व टीम और पुलिस के साथ सोमवार को अमवां गांव पैमाइश करने पहुंची थी। इस दौरान वहां पर पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ के लोग जुटे थे। राजस्व टीम पैमाइश करने के बाद पत्थर गाड़ने जा रही थी। इसी बीच दोनों पक्षों कहासुनी शुरू हुई और मामला धक्का-मुक्की तक पहुंच गया। वहां मौजूद दारोगा समेत पुलिसकर्मियों ने बीच बचाव कर दोनों पक्ष को दूर कराने की कोशिश की। इसी दौरान एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के एक युवक को पीटना शुरू कर दिए और देखते ही देखते पुलिस के सामने दोनों तरफ से लात, घूसे और ईंट-पत्थर चलने लगे। इसमें एक पक्ष से रूपचंद का सिर फट गया और वह नीचे गिर गए।

वहीं धर्मेंद्र कुमार, जेठा, प्रतीक और दूसरे पक्ष के सुंदरम सिंह व इंद्रसेन सिंह को चोटे आईं। फोरलेन के किराने पुलिस के सामने चल रही इस घटना को देखने के लिए थोड़ी ही देर में लोगों की भीड़ भी जुट गई।

# 17 दिन बाद थी शादी, पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

परिजनों के अनुसार, श्याम गौड़ पुत्र रामदयाल उम्र 25 वर्ष तीन बहनों का इकलौता भाई और परिवार का एकमात्र वारिस था। घर में शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं, लेकिन इस घटना ने खुशी को मातम में बदल दिया।



खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा डोडो में सोमवार की सुबह एक युवक का शव गांव के बाहर के बगीचे में कटहल के पेड़ पर लटकता हुआ मिला। मृतक की पहचान श्याम कुमार गौड़, पुत्र रामदयाल, निवासी डोडो के रूप में हुई।

युवक की शादी अगले महीने 6 जून को होनी थी। इससे पहले उसकी मौत हो गई। घर में शादी की तैयारियां जोर शोर से चल रही थी। इसी बीच मौत के खबर से मातम फैल गया। परिजनों के अनुसार, श्याम गौड़ पुत्र रामदयाल उम्र 25 वर्ष तीन बहनों का इकलौता भाई और परिवार का एकमात्र वारिस था।

घर में शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं, लेकिन इस घटना ने खुशी को मातम में बदल दिया। शव को एक छोटे से कपड़े से पेड़ पर लटकता देख परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि शव जमीन से काफी नीचे था, जो आत्महत्या की जगह किसी साजिश की ओर इशारा करता है।

सूचना मिलते ही फिरहला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अर्चना सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा, ÷पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि यह हत्या है या आत्महत्या।

## साइबर फ्रॉड: महिला के खाते से 1.41 लाख उड़ाए

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** क्षेत्र के सेमरा नंबर एक निवासी महिला के खाते से साइबर जालसाज ने 1.41 लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने कस्टमर केयर पर बात की तो बता चला कि खाते से डिजिटल वॉलेट बनाकर रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। इधर, महिला की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ आईटी एक्ट का केस दर्ज किया है। क्षेत्र के सेमरा नंबर एक निवासी सीमा सिंह का राप्तीनगर स्थित केनरा बैंक में चालू खाता है। 11 मई को बैंक के खाते का इस्तेमाल कर जालसाज ने डिजिटल वॉलेट बनाकर इंडियन ओवरसीज बैंक के एक खाते में भेज दिया। खाते से रुपये निकलने का बैंक की ओर से कोई मैसेज भी नहीं आया। एक दिन रुपये की जरूरत होने पर खाते का बैलेंस चेक किया तो उसमें सिर्फ 77 रुपये बचे थे। इसके बाद महिला ने तत्काल कस्टमर केयर पर बात की। बताया कि डिजिटल वॉलेट बनाकर रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। पुलिस केस दर्ज मामले की छानबीन कर रही है।

# जल जीवन मिशन को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

जिलाधिकारी अनुनय झा ने जल जीवन मिशन को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से संचालित परियोजनाओं की जानकारी ली और संबंधित को आवश्यक निर्देश भी दिए। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि फेज-द्यद्य में जेएमसी की कुल 341 परियोजनाएं हैं जिनके तहत 446 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं। इसी प्रकार फेज-द्यद्यद्य में कोया की 205 परियोजनाएं हैं, जिनसे 345 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं, जबकि रिथविक की 174 परियोजनाएं हैं और उनसे 302 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं। जिलाधिकारी ने तीनों कार्यदाई संस्थाओं से ट्यूब वेल, ओएचटी, पंप हाउस निर्माण सहित अन्य बिंदुओं पर हुई प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाते हुए उन्हें पूर्ण करें। उन्होंने अगले एक माह का





लक्ष्य निर्धारित करते हुए तीनों एजेंसियों को लक्ष्य के अनुसार कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। विभिन्न परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने और अप्रैल में निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए रिथ्विक-कोया पर 01 प्रतिशत एलडी चार्ज लगाने और जीएमसी को ब्लैकलिस्ट की नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने जेएमसी और ऋत्विक-कोया को पाइपलाइन बिछाने के कार्य को तेज करने के संदर्भ में कड़ा निर्देश दिया। ड्रिलिंग, हाइड्रोटेस्टिंग, बाउंड्री वाल और सड़क अनुरक्षण आदि कार्यों को तेज करने हेतु भी तीनों एजेंसियों को निर्देशित किया। उन्होंने पूर्ण परियोजनाओं में जल्द से जल्द नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, एक्सईएन जल निगम आतिफ हुसैन, सहायक अभियंता जल निगम महेश चंद्र आजाद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हफ्ते भर में छह कौओं की मौत... चिड़ियाघर प्रशासन की बढ़ी चिंता

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

बर्ड फ्लू से बाघिन शक्ति की मौत के बाद चिड़ियाघर में लगातार कौओं की मौत ने चिड़ियाघर प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। एक सप्ताह के अंदर चिड़ियाघर में छह कौओं की मौत हो चुकी है। रविवार को भी परिसर में एक कौआ मरा मिला। चिड़ियाघर में वन्यजीवों की मौत और संक्रमण की जांच के लिए सीजेडए की केंद्रीय टीम आई है। विशेषज्ञों को आशंका है कि कौए ही संक्रमण के कैरियर बन रहे हैं। चिड़ियाघर में आए दिन हो रही कौओं की मौत ने विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी है। इस बीच दो दिन से मौसम में नरमी है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे में कौओं की मौत गर्मी की वजह से नहीं हो सकती। इस स्थिति में हिरण के बाड़े के पास लगातार तीन कौओं की मौत ने चिड़ियाघर प्रशासन को भी सकते में डाल रखा है। अब तक मरे छह कौओं का सैंपल चिड़ियाघर प्रशासन ने जांच के लिए राष्ट्रीय उच्च पशु रोग संस्थान भोपाल को भेज दिया है। माना जा रहा है कि कहीं न कहीं किसी पक्षी से ही बर्ड फ्लू का संक्रमण चिड़ियाघर के जानवरों में पहुंचा है। हालांकि, अब तक बर्ड फ्लू के कैरियर की पुष्टि न तो चिड़ियाघर प्रशासन कर पाया न ही आईवीआरआई बरेली की टीम कर पाई है। अब सभी को राष्ट्रीय उच्च पशु रोग संस्थान, भोपाल की रिपोर्ट का इंतजार है। शनिवार और रविवार को चिड़ियाघर में दो कौओं की मौत हुई है। चिड़ियाघर प्रशासन दोनों को केंद्रीय टीम को सुपुर्द करेगा। यह टीम इनकी जांच करेगी। चिड़ियाघर के उप निदेशक एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि कौए और पक्षी ही संक्रमण के कैरियर बन रहे हैं।

# एमजीयूजी: नर्सिंग पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 3,567 अभ्यर्थी

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए रविवार को दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। नर्सिंग पाठ्यक्रमों (बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग) की संयुक्त प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर के दो केंद्रों पर हुई। नर्सिंग व पैरामेडिकल संकाय और गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज केंद्र में दोनों पालियों को मिलाकर 3,567 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मलित हुए।



प्रवेश परीक्षा की विशिष्टता यह भी रही कि किंचित कारणों से प्रवेश पत्र न लाने या पहली पाली में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवेदकों के लिए सहायता केंद्र व अभिभावकों के लिए जल के साथ गुड़, पार्किंग की सुविधा, निशुल्क स्वास्थ्य जांच और किसी भी आपात स्थिति के लिए संपूर्ण चिकित्सकीय प्रबंध कर रखे थे।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह व कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों समेत सभी महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर परीक्षा के सुचारु व सुव्यवस्थित क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रवेश परीक्षा समिति के समन्वयक डॉ. शशिकांत सिंह ने बताया कि रविवार को आयोजित प्रवेश परीक्षा में पूर्वांचल के समस्त मंडलों सहित, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा और अन्य राज्यों के अभ्यर्थी भी इस परीक्षा में शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा समिति के समन्वयक ने बताया कि विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों (बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर, बीएससी ऑनर्स बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, मेडिकल बायोकेमिस्ट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, डी फार्मा व बी फार्मा एलोपैथी) में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा 21 मई आयोजित होगी। वहीं, एएनएम, डिप्लोमा लैब टेक्नीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, डायलीसिस टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, बीबीए ऑनर्स लॉजिस्टिक्स और पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 25 मई को होगी।

# रक्षित शेखर द्विवेदी बने अंडर-25 शतरंज चैंपियन

## प्रतियोगिता में अयांश सिंह बने उप विजेता

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

गोरखपुर जिला शतरंज संघ की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंडर-25 ओपेन शतरंज प्रतियोगिता का समापन रविवार को बेतियाहाता स्थित एक स्कूल में हुआ। पांच चक्रों की प्रतियोगिता में अपराजित रहते हुए रेटेड खिलाड़ी रक्षित शेखर द्विवेदी पांच अंक बनाकर ओपेन वर्ग के विजेता बने। 4.5 अंक के साथ अयांश सिंह उपविजेता रहे।

अंडर-25 वर्ग में टाइब्रेक के आधार पर चार अंक बनाकर तीसरे स्थान पर सोहम मित्तल, चौथे स्थान अंशुल कुमार और पांचवें स्थान पर अभिनव शाही रहे। अंडर-25 वर्ग में छठवें स्थान पर 3.5 अंक बनाकर शाश्वत सिंह, सातवें स्थान पर लक्ष्मी नारायण द्विवेदी, आठवें स्थान पर आदित्य कुमार गुप्ता, नौवें स्थान पर तीन अंक बनाकर अजहर इस्लाम और 10वें स्थान पर श्रेयांश श्रीवास्तव रहे।

बेस्ट अंडर-11 में प्रथम स्थान पर तीन अंक बनाकर दीपांजली श्रीवास्तव रहीं। 2.5 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर आर्यन रहे। तीसरे स्थान पर 2.5 अंक बनाकर सम्यक सिंह रहे। बेस्ट अंडर 9 में प्रथम स्थान पर 3.5 अंक बनाकर अर्यांश रहे। वहीं एक अंक बनाकर विवान पाठक दूसरे और शिव शुक्ला तीसरे स्थान पर रहे। बेस्ट अंडर-7 में तीन अंक बनाकर आरना त्रिपाठी पहले स्थान रहीं। दो अंक बनाकर कुशाग्र अग्रवाल दूसरे और एक अंक बनाकर सार्थक गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे।


सभी विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष व्यापारी कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश पुष्प दंत जैन और शतरंज संघ के सचिव जितेन्द्र सिंह ने नकद पुरस्कार और शील्ड, मेडल देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के चीफ आर्बीटर एसएनए नितेश श्रीवास्तव रहे। इस मौके पर मंजीन, राहुल द्विवेदी, अमित यादव आदि मौजूद रहे।

# बर्ड फ्लू: चिड़ियाघर पहुंची प्राधिकरण की टीम, दो दिन करेगी जांच

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से चार जानवरों की मौत के बाद रविवार को सेंट्रल जू अथॉरिटी (सीजेडए) की टीम गोरखपुर पहुंची। टीम यहां संक्रमण और अभी तक हुई जानवरों की मौतों की जांच करेगी। रविवार को टीम ने चारों जानवरों की मौत के बारे में डॉक्टरों से बातचीत की साथ ही पूरी रिपोर्ट मांगी। उधर, रविवार को भी एक कौआ मरा पाया गया।

सोमवार को टीम के सदस्य चिड़ियाघर पहुंचकर एक-एक बाड़े का निरीक्षण करने के साथ ही सभी जानवरों की सेहत जांचेंगे। चिड़ियाघर प्रशासन ने कौओं के मरने की जानकारी भी टीम से साझा की है। टीम सोमवार को कौओं के मरने वाले



स्थान का निरीक्षण करेगी। शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में जानवरों की मौत का संज्ञान लेते हुए सीजेडए दिल्ली ने चिकित्सकों की टीम गठित की है।

विज्ञापन

इसमें डिपार्टमेंट ऑफ एनिमल हसबेंडरी दिल्ली के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार तेवतिया, राष्ट्रीय उच्च पशु रोग संस्थान भोपाल से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार, आईवीआरआई बरेली के वाइल्डलाइफ हेड डॉ. एम पावड़े और सीनियर पैथोलॉजिस्ट डॉ. एम करिकलन शामिल हैं।

चार जानवरों की हो चुकी है मौत

चिड़ियाघर में एक माह के अंदर चार बड़े जानवरों की मौत हो चुकी है। 30 मार्च को पीलीभीत से रेस्क्यू कर लाए गए बाघ केसरी की मौत सबसे पहले हुई थी। इसके बाद पांच मई को मादा भेड़िया भैरवी, सात को बाघिन शक्ति और आठ मई को तेंदुआ मोना की मौत हो गई। बाघिन शक्ति की मौत का कारण बर्ड फ्लू का संक्रमण बताया गया है। इसके बाद से ही पूरे प्रदेश में चिड़ियाघर बंद है।

# डीडीयू: स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन अब 30 तक

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि विस्तारित कर दी गई है। अभ्यर्थी अब 30 मई तक आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि पिछले दो दिन में आवेदन संख्या में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है और आवेदकों की संख्या 25 हजार तक पहुंच गई है। लगभग 15 हजार आवेदकों ने अंतिम रूप से अपने फॉर्म जमा कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुरोध किया था कि अंतिम तिथि बढ़ा दी जाए। इनमें से कई ऐसे अभ्यर्थी हैं जो विभिन्न कारणों से अपना जाति प्रमाणपत्र या ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र अपडेट नहीं करा सके थे। उनके आवेदनों पर विचार करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने तिथि विस्तारित करने का निर्देश दिया। अब स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 30 मई तक फॉर्म भर सकेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी जो महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं वे भी 30 मई तक विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल ddugu admission.in पर पंजीकरण करा कर डीडीयूआरएन (डीडीयू रजिस्ट्रेशन नंबर) प्राप्त कर सकेंगे। हेल्पडेस्क को ईमेल पर मिलीं 2145 समस्याएं आवेदकों की समस्याओं और जिज्ञासाओं के समाधान के लिए प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन हेल्पडेस्क स्थापित की गई है। अभ्यर्थी अपनी समस्याएं यहां दिए गए ईमेल पर भेज सकते हैं और समस्याओं के तात्कालिक निदान के लिए दिए गए नंबरों पर फोन भी कर सकते हैं। 25 अप्रैल से शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया के बाद अब तक ऑनलाइन हेल्पडेस्क को 2145 ईमेल और 3367 फोन कॉल्स प्राप्त हुए हैं जिसमें से अधिकांश का त्वरित समाधान कर दिया गया है। सुधार के लिए मिलेगा दो दिन का मौका प्रो. हर्ष ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने फॉर्म भरते समय अपना नाम या अन्य विवरण गलत भर दिया है, उन्हें इसमें सुधार का एक अवसर दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि बीत जाने के बाद पोर्टल पर दो दिन तक त्रुटियां सुधारने के लिए करेक्शन विंडो खोली जाएगी। अभ्यर्थी उस समय इसे ठीक कर सकेंगे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा सूचना सं. | 1169-वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 16.05.2025 |
| 2 | कार्य का नाम | Sr. DEE-III/LKO के अधिकार क्षेत्र में ADEN/BSB के अधीन काशी स्टेशन पर रूकने वाली लम्बी ट्रेनों को समायोजित करने के लिए प्लेटफार्म-1 और प्लेटफार्म 2/3 के विस्तार के संबंध में विधुत कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 91,78,628.19 (इक्यानवे लाख अठहत्तर हजार छः सौ अट्ठाइस रूपये एवं उन्नीस पैसा मात्र) |
| 4 | ई निविदा की कीमत | शून्य |
| 5 | बयाना राशि | रु. 1,83,600/- (एक लाख तिरासी हजार छः सौ रूपये मात्र) |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7 | ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 10.06.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8 | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| 9 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.:1169-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ, दिनांक 16.05.2025

1458/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बीएड विभाग में करियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में सोमवार को कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार 19 मई को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय के मार्गदर्शन में बीएड. विभाग में ÷करियर अपॉर्चुनिटीज फॉर बी. एड. स्टूडेंट्स÷ विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राम रहीस द्वारा किया गया, जिनकी कार्यक्रम के आयोजन में केंद्रीय भूमिका रही। सेल के संयोजक डॉ. बसंत कुमार गुप्ता ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया । मुख्य वक्ताओं में डॉ. राम रहीस, डॉ. बसंत कुमार गुप्ता, प्रो. राघवेन्द्र सिंह एवं प्रो. श्रीप्रकाश मिश्र ने बी.एड. विद्यार्थियों के लिए शिक्षा क्षेत्र सहित विविध संभावित करियर विकल्पों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। वक्ताओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा, निजी विद्यालयों, विशेष शिक्षा, तथा डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य शिक्षक डॉ. दिनेश कुमार मौर्य, डॉ. लवकुश पाण्डेय एवं डॉ. देवेन्द्र कुमार चौहान की उपस्थिति रही । कार्यक्रम में लगभग 60 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ, जिससे उन्हें अपने करियर निर्माण हेतु प्रेरणा एवं स्पष्ट दिशा प्राप्त हुई।

## शादी के 18 दिन बाद घर पहुंची युवक की लाश

जन एक्सप्रेस । आगरा

अलीगंज रोड स्थित कंसुरी गांव के पास बाइक सवार युवक बस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। एटा के थाना बागवाला क्षेत्र में गांव कंसुरी के पास बस की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक जैथरा में किसी रिश्तेदार को छोड़कर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो गया। 18 दिन पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। गांव खड़ौआ निवासी दिनेश चंद्र ने बताया कि रविवार की शाम बेटा कुलदीप (31) बाइक से जैथरा में किसी रिश्तेदार के बीमार बालक को छोड़ने गया था। वहां से देर शाम घर लौट रहा था। जैसे ही गांव से कुछ दूरी पर अलीगंज रोड स्थित कंसुरी गांव के पास पहुंचा, बस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन के सूचित करते हुए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागवाला पहुंचाया। परिजन स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे तो चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# एमएलके कॉलेज में सात दिवसीय ग्रीष्म कालीन कार्यशाला का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर सभागार में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सात दिवसीय ग्रीष्म कालीन निःशुल्क कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । 25 मई तक चलने वाले इस कार्यशाला में चित्रकला, विपश्यना, निबंध लेखन, भाषण कौशल व योग नैतिक शिक्षा की कार्यशाला आयोजित होगी।

जानकारी के अनुसार 19 मई को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह,संस्कार भारती के दिनेश सिंह व कार्यशाला के संयोजक महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य नियंता प्रो0 सिंह ने कहा कि इस ग्रीष्मकालीन कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को नई गतिविधियों और अनुभवों से अवगत कराना था, जिनसे वे परिचित नहीं हैं और उन्हें साझा करने, टीम वर्क और भाग लेने की इच्छा जैसे कौशल विकास के साथ-साथ नई चीजों को तलाशने और आजमाने का मौका प्रदान करना है। संस्कार भारती के दिनेश जी ने कार्यशाला के बारे में विधिवत जानकारी देते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन कार्यशालाएं छात्रों को स्कूल के पाठ्यक्रम के बाहर नए विषयों को सीखने का अवसर प्रदान करती हैं। कार्यशाला के संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ चौहान ने सभी का स्वागत करते हुए सातदिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्कूल के बाहर नई चीजें सीखने, अनुभव करने और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करना है। यह कार्यशाला छात्रों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने, नए कौशल सीखने, और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने में मदद करती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक व भारी संख्या में प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने की छापेमारी



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

सोमवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने तहसील बलरामपुर के विशुनापुर में आइसक्रीम के प्रतिष्ठान पर छापामारी कर वनीला फ्लेवर आइसक्रीम( नमस्ते इंडिया ब्रांड) तथा स्ट्रॉबेरी बेरी फ्लेवर आइसक्रीम (नमस्ते इंडिया ब्रांड) का नमूना जांच संग्रहित करने की कार्यवाही की गई एवं उन्होंने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थ आदि की बिक्री पर खाद्य एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# प्राणी विज्ञान विभाग में आयोजित वर्मी कल्चर सर्टिफिकेट कोर्स का समापन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के प्राणि विज्ञान विभाग में आयोजित हो रहे वर्मी कल्चर सर्टिफिकेट कोर्स का समापन सोमवार को किया गया ।

जानकारी के अनुसार 19 मई को एमएलके पीजी कॉलेज में 2024-25 सत्र के लिए वर्मीकल्चर सर्टिफिकेट कोर्स सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पाठ्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे के विशेषज्ञ नेतृत्व और जूलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो अशोक कुमार की देखरेख में संचालित किया गया था। अशोक कुमार ने जोर देकर कहा कि इस पाठ्यक्रम में छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने न केवल उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से लैस किया है, बल्कि प्रकृति के साथ उनके संबंध को भी गहरा किया है, जिससे पर्यावरण प्रबंधन के लिए स्थायी प्रतिबद्धता को बढ़ावा मिला है। कार्यक्रम ने छात्रों को कक्षा से परे अपनी शिक्षा लेने, स्थायी प्रथाओं में परिवारों, स्थानीय व्यवसायों और समुदायों को शामिल करने में सक्षम बनाया। शिक्षाविदों में वर्मीकल्चर को एकीकृत करना शैक्षिक लक्ष्यों का समर्थन करता है जबकि छात्रों को पर्यावरण परिवर्तन के एजेंट बनने के लिए प्रेरित करता है। डॉ. सदुरु प्रकाश ने कार्यक्रम के शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डाला, इसके द्वारा प्रदान किए जाने वाले सीखने के अवसरों की विस्तृत श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए। उन्होंने बताया कि वर्मीकम्पोस्टिंग लैंडफिल में जैविक कचरे को काफी कम कर देती है, जिससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम हो जाता है और एक परिपत्र



अर्थव्यवस्था का समर्थन होता है। डॉ. आकांक्षा त्रिपाठी ने पाठ्यक्रम सामग्री पर चर्चा की, यह समझाते हुए कि छात्रों ने कीट शरीर रचना विज्ञान और व्यवहार का पता लगाया, पारिस्थितिक तंत्र के भीतर पोषक तत्वों की साइक्लिंग में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका में अंतर्दृष्टि प्राप्त की। डॉ. आनंद बाजपेयी ने वर्मीकल्चर के पर्यावरणीय लाभों पर ध्यान केंद्रित किया, विशेष रूप से स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण के अनुकूल खाद प्रथाओं में इसकी भूमिका। डॉ. संतोष तिवारी ने खाद बनाने में रासायनिक प्रक्रियाओं को समझने के मूल्य पर जोर दिया, जो अपघटन, पोषक चक्र और मिट्टी के स्वास्थ्य की छात्र समझ को बढ़ाता है। मानसी पटेल ने व्यावहारिक सीखने के महत्व पर प्रकाश डाला, जो न केवल ज्ञान में सुधार करता है बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी भी पैदा करता है। उन्होंने शैक्षिक और पारिस्थितिक दोनों लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वर्मीकल्चर को एक मूल्यवान उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया। मानसी पटेल ने जीव विज्ञान और पारिस्थितिकी में वर्मीकल्चर की वास्तविक दुनिया की प्रासंगिकता पर चर्चा की, व्यक्तियों और पर्यावरण पर इसके सकारात्मक प्रभावों को रेखांकित किया। उन्हें टिप्पणियों के आधार पर विश्लेषण और अनुकूलन करने के लिए प्रोत्साहित करना। अंत में, मानसी पटेल ने वर्मीकल्चर को एक विशाल, व्यावहारिक दृष्टिकोण के रूप में वर्णित किया, जिसमें जैविक कचरे को पोषक तत्वों से भरपूर खाद में बदलने के लिए कीड़े का उपयोग शामिल है। उन्होंने जैविक विज्ञान और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों में इसके अनुप्रयोगों और समाज और प्रकृति के लिए इसके व्यापक लाभों पर जोर दिया। डॉ. आर. बी. त्रिपाठी ने समस्या को सुलझाने की क्षमता को इंगित किया जो छात्र वर्मीकल्चर सिस्टम के प्रबंधन के माध्यम से विकसित करते हैं।

# विद्यालयों में भाजपा ने कराया प्रतियोगिताओं का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में सोमवार भाजपा की ओर मनाए जा रहे पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत सोमवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

जानकारी के अनुसार 19 मई को जिले के डीएवी इंटर कॉलेज, एमपीपी इंटर कॉलेज, गर्ल्स इंटर कॉलेज, भारतीय इंटर कॉलेज उतरौला, स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज तुलसीपुर व लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज पचपेड़वा में रंगोली, भाषण व दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीएवी इंटर कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य अजय कुमार सिंह ने दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाली रितू कनौजिया व द्वितीय स्थान ममता यादव एवं तृतीय स्थान पर अपूर्वा शर्मा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दौड़ प्रतियोगिता में 25 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रभारी प्रधानाचार्य श्री सिंह ने कहा कि पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर के सामाजिक कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर शिव प्रसाद वर्मा, शिव जगत यादव, राजेश दुबे, अवधेश पाण्डेय, अमित दीक्षित, सोमा दत्ता, विनोद वर्मा, अवधेश द्विवेदी, अर्चना श्रीवास्तव, बंदना पाण्डेय, शशांक पाण्डेय, ओम प्रकाश शुक्ल व गया प्रसाद तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री विष्णुदेव गुप्ता की अध्यक्षता में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में महिला जिलाध्यक्ष ललिता तिवारी व पूर्व नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। भारतीय इंटर कॉलेज उतरौला में शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक महेन्द्र प्रताप सिंह ने अहिल्याबाई होलकर के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज पचपेड़वा में विद्यालय प्रबंधक व मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र सिंह कलहंस ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर अपने राज्य के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ी रहीं। देश के विभिन्न मंदिरों का उन्होंने पुनर्स्थापना कराया था।

## फतेहपुर सीकरी में चोरों का धावा, ग्रामीणों ने दो को दबोचा

जन एक्सप्रेस । आगरा

आगरा के फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र के ग्राम रोझौली में चोरों ने धावा बोल दिया। जगार होने पर गांव निवासी पूर्व फौजी ने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान चाकू मारकर पूर्व फौजी और एक अन्य को घायल कर दिया। शोर सुन एकत्रित हुए ग्रामीणों ने दो चोरों को दबोच लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर तीसरे साथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। ग्राम रोझोली में पप्पू के घर में बीती रात चोर घुस आए। इस दौरान चोरों की आहट से घर वाले जाग गए। घर के सदस्यों ने शोर मचा दिया। इस पर चोरों ने भागने का प्रयास किया। पूर्व फौजी वीरी सिंह और भीमसेन ने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया। चोरों ने चाकू से हमला कर दोनों को घायल कर दिया। इस दौरान अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और दो चोरों को दबोच लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पकड़े गए चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने उनके तीसरे साथी को भी दबोच लिया।

# प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त मेधावियों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील मुख्यालय तुलसीपुर स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल मे प्रतिमाह विद्यार्थियों के मासिक टेस्ट के अंक के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी को सोमवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.डीपी सिंह ने प्रार्थना सभा मे पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य डॉक्टर डीपी सिंह ने 19 मई को बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो बच्चे इस बार मासिक टेस्ट मे किन्ही वजह से उनका नाम मासिक परीक्षा मे किसी भी स्थान नही आ पाए है वो सब विधार्थी आने वाले मासिक टेस्ट मे और अधिक परिश्रम करें और मासिक टेस्ट मे अपना नाम प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान लाने का प्रयास करें। जो बच्चे इस परीक्षा मे प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किए है वे और प्रयास करते हुए इस सूची मे अपना नाम और आने वाले यूनिट परीक्षा मे अपना नाम प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म अवकाश मे जो भी गृहकार्य विषय अध्यापक द्वारा दिया गया है उसको पूरा करते हुए छुट्टियों का भरपूर आनंद ले । प्रधानाचार्य ने सभी को ढेर सारी बधाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# अलीगढ़ में रोडवेज बस परिचालकों का हंगामा

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



उत्तर प्रदेश रोडवेज बस परिचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जहां निजी बस स्टाफ ने मारपीट की है। नोएडा 37 रूट पर मारपीट की गई।

अलीगढ़ के थाना बन्ना देवी इलाके के बुद्ध विहार डिपो में मारपीट की घटना के विरोध में परिचालक हंगामा कर रहे हैं। मारपीट की घटना नोएडा 37 रूट पर की गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बीच सड़क पर कई लोगों ने रोडवेज परिचालक के साथ मारपीट की। निजी बस चालकों ने सवारियों को लेकर मारपीट की है। मारपीट से आक्रोशित बुद्ध विहार डिपो के परिचालकों ने हड़ताल बुलाई है। बुद्ध विहार डिपो के परिचालकों के द्वारा मारपीट करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की जा रही है। अलीगढ़ में परिचालकों द्वारा जमकर हंगामा किया जा रहा है।

# देवीपाटन महंत ने नगर पालिका के 78 विकास कार्यों का किया शिलान्यास

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित आदर्श नगरपालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के अथक प्रयास से चौमुखी विकास की अग्रसर है। सोमवार को नगर पालिका परिषद में कराए जा रहे 78 विकास कार्यों का शिलान्यास देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी ने बटन दबाकर किया।

अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने 19 मई को बताया कि 15 वां वित्त एंव 02 प्रतिशत से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत 458 लाख रुपए लागत की 78 विकास कार्यों का शिलान्यास देवीपाटन पीठाधीश्वर



महंत मिथिलेश नाथ योगी एवं अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू द्वारा बटन दबाकर शिलापट खोलकर किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष तथा सभासदों द्वारा मुख्य अतिथि योगी मिथलेश नाथ का अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ तथा अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया । इस अवसर भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मिश्र, अधिशाषी अधिकारी लाल चंन्द्र मौर्य, उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष रमेश पाहवा, नगर अध्यक्ष संजय शर्मा, रामकृपाल शुक्ल, डॉ.देवेश श्रीवास्तव, जेई सिविल अविनाश यादव, जेई जल धर्मेन्द्र कुमार गौड़ सहित सभासद व गणमान्यजन उपस्थित थे।

### कैंटर ने बाइक में मारी टक्कर, भाई की मौत, बहन गंभीर

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** भाई-बहन बाइक से भांजे के जन्मदिन में शामिल होने के लिए जा रहे थे। रास्ते में कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी। भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बहन की हालत गंभीर है। कासगंज के गांव नगला थुनी से बाइक पर आ रहे दो भाई-बहनों को छर्रा-कासगंज मार्ग स्थित धनसारी पर 18 मई को कैंटर ने टक्कर मार दी। हादसे में भाई की मौत हो गई व बहन गंभीर रूप से घायल है। दोनों दादों के गांव शेखूपुर सटकना में भांजे के जन्मदिन समारोह में शामिल होने आ रहे थे। कासगंज के थाना ढोलना के गांव नगला थुनी निवासी 25 वर्षीय प्रमोद कुमार उर्फ बॉबी पुत्र मुंशीलाल अपनी छोटी बहन 15 वर्षीय लक्ष्मी के साथ थाना दादों के गांव शेखूपुर सटकना में बाइक से आ रहे थे।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 27.06.2025 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 02-DyCE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 17.05.2025 |
| 2. | निविदा संख्या | 02-DyCE-GSU-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में सरकोनी, जौनपुर सिटी एवं कुंडा हरनामगंज स्टेशनों पर लांगर लूप के प्रावधान के संबंध में टैंक लिंकिंग, बैलास्ट आपूर्ति एवं छोटे पुलों का विस्तार, मिट्टी का कार्य, ब्लैन्केटिंग व सहायक संरक्षण कार्यों के लिये शेष कार्य। |
| 4. | अनुमानित लागत | रू0 1127.84 लाख |
| 5. | धरोहर राशि | रू0 7,13,900/- |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 13.06.2025 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 27.06.2025 11:30 बजे |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1461/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बस्ती जिले में विद्युत विभाग में करोड़ों का फर्जीवाड़ा!

# मुख्यमंत्री के 'जीरो टॉलरेंस' को ठेंगा

- परिषदीय विद्यालयों में बिजली कनेक्शन के लिए 1.67 करोड़ का बिजली विभाग को हुआ था पेमेंट, कार्यवाही शून्य
- बिजली विभाग ने काम पूरा होने का दे दिया फर्जी रिपोर्ट, बेसिक शिक्षा विभाग ने कराया स्थलीय सत्यापन तो बिजली विभाग की खुली पोल
- करोड़ों का बंदर-बाट में बिजली विभाग की चुप्पी, बिजली विभाग के अधिकारी को पता ही नहीं कहा गया करोड़ों रुपया

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जीरो टॉलरेंस भ्रष्टाचार मुक्त को लेकर भले ही लाख दावे करते हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बस्ती जिले में बिजली विभाग के लापरवाह,भ्रष्ट अफसरो को मुख्यमंत्री का बिल्कुल भी डर नहीं है। ताजा मामला बस्ती जिले के बिजली विभाग से जुड़ा हुआ है। जहां विभाग के लापरवाह अफसरों के चलते परिषदीय स्कूल के नौनिहाल भीषण गर्मी में बिना लाइट पंखे के बिना पढ़ने को मजबूर है। आपको दे कि बस्ती जिले के बेसिक शिक्षा विभाग में 385 प्राइमरी स्कूलों में बिजली का कनेक्शन होना था। जिसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने 2023- 24 में करीब डेढ़ साल पहले बिजली विभाग के खाते में ई-कुबेर के माध्यम से बिजली विभाग को 1.67 करोड़ का भुगतान कर दिया था। लेकिन बिजली विभाग के लापरवाह, भ्रष्ट अफसर के चलते अभी तक 15 से 20 ही स्कूलों में कनेक्शन होने की बात सही निकली है।



### बेसिक शिक्षा विभाग के स्थलीय जांच में खुली पोल

बिजली विभाग के भ्रष्ट, लापरवाह, उदासीन,अफसरो के चलते परिषदीय विद्यालयों में छोटे-छोटे मासूम बग्चों के लिए बिजली कनेक्शन के भेजे गए 1.67 करोड रुपए बिजली विभाग ने डकार लिया जिसका कुछ पता ही नहीं। लेकिन बिजली विभाग के भ्रष्ट लापरवाह अफसरो ने कागज में ही कनेक्शन देकर बेसिक शिक्षा विभाग को रिपोर्ट्दे दिया कि उनकी तरफ से सारा काम हो चुका है। लेकिन जब बेसिक के अधिकारियों ने इसकी स्थलीय जांच कराई तो बिजली विभाग के कारनामे की पोल खुल गई,और बिजली विभाग के दावे फर्जी निकले।



"भुगतान होने के बाद भी अगर परिषदीय विद्यालय में विद्युत कनेक्शन का काम लंबित है तो यह गंभीर विषय है। यथाशीघ्र कार्यवाही के लिए बिजली विभाग के उग्च अधिकारियों को पत्राचार किया जाएगा।

-संजय शुक्ल, एडी बेसिक बस्ती



"परिषदीय विद्यालयों में कनेक्शन के लिए करोड़ो रूपये दिए जाने के बाद भी अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा बग्चे व विद्यालय स्टाफ भोग रहे है। विद्यालय में कनेक्शन होने की वजह से लाखों के कंप्यूटर स्मार्ट टीवी धूल फॉक रहे हैं। बिजली विभाग के लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होना चाहिए।

-बालकृष्ण ओझा, जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ बस्ती

### लाखों के कंप्यूटर, स्मार्ट टीवी बिजली कनेक्शन के अभाव में फॉक रहे हैं धूल

सरकार परिषदीय बग्चों के लिए भले स्मार्ट टीवी प्रोजेक्टर कंप्यूटर, तकनीकी व्यवस्था के लिए करोड़ों रुपए भले खर्च कर दिए हो लेकिन अगर विद्यालय में बिजली कनेक्शन ही नहीं है तो यह सारी व्यवस्थाएं बेकार है,जिससे परिषदीय विद्यालयों की बग्चों का भविष्य चौपट हो रहा है। इसको लेकर शिक्षक संगठन व शिक्षकों में काफी रोष है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रिका सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव,जिला उपाध्यक्ष रवीश मिश्रा,सुधीर तिवारी, जिला संगठन मंत्री विवेककांत पाण्डेय सहित तमाम लोगों ने बिजली विभाग के भ्रष्ट लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### तत्कालीन डीएम आंद्रा वामसी ने बिजली विभाग के अफसरों को लगाया था फटकार,फिर भी कार्यवाही जीरो

बेसिक शिक्षा विभाग के 385 स्कूलों में बिजली कनेक्शन में लापरवाही बरतने के मामले तत्कालीन डीएम आंद्रा वामसी ने बिजली विभाग के उग्च अधिकारियों को मीटिंग में कड़ी फटकार लगाई थी। लेकिन लापरवाह भ्रष्ट अफसरो के कान में जू नहीं रेंगा, डेढ़ साल बीतने को लेकिन कार्रवाई के नाम पर जीरो है। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी अनूप कुमार ने भी कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखा लेकिन बिजली विभाग के लापरवाह अफसरों के कान में जू नहीं रेंग रहा हैं।


### बस्ती मंडल के बिजली विभाग के चीफ अफसर का सीयूजी उठाता है उनका चपरासी, ड्राइवर! मुख्यमंत्री का आदेश बेअसर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार स्पष्ट कहा है कि सभी सरकारी अधिकारियों का सीयूजी फोन हर-हाल में उठना होगा नहीं तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। लेकिन बिजली विभाग के लापरवाह अफसर के कारनामे कुछ अलग ही है। बस्ती मंडल के बिजली विभाग के चीफ का मोबाइल नंबर 9450963898 उनका ड्राइवर या चपरासी रिसीव करता है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि जब बिजली विभाग के सबसे बड़े अधिकारी का यह हाल है तो उनके नीचे अधिकारियों का क्या हाल होगा।

# मड़ियाहूं डाकघर में सीबीआई का छापा

- रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच में जुटी स्पेशल टीम, मोबाइल किए गए जब्त
- मुख्य द्वार से लेकर पिछला दरवाजा तक बंद, दिनभर चली पूछताछ

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मड़ियाहूं तहशील स्थित प्रधान डाकघर में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब लखनऊ से आई सीबीआई की स्पेशल टीम ने अचानक छापा मार दिया। दोपहर करीब 12 बजे की गई इस कार्रवाई में डाकघर के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के मोबाइल फोन तत्काल जब्त कर लिए गए और भवन के सभी दरवाजे सीबीआई टीम द्वारा बंद कर दिए गए, जिससे अंदर किसी का आना-जाना पूरी तरह से रोक दिया गया। सूत्रों के अनुसार, मड़ियाहूं डाकघर में लंबे समय से भ्रष्टाचार और घूसखोरी की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय ग्रामीणों और उपभोक्ताओं का आरोप था कि बिना रिश्वत दिए किसी भी प्रकार की डाक संबंधी सेवा उपलब्ध नहीं कराई जाती थी। इन शिकायतों की सत्यता की जांच के लिए सीबीआई टीम ने पहले खुद को आम ग्राहक की तरह प्रस्तुत कर रिश्वत देने का प्रयास किया। इस दौरान संबंधित कर्मचारियों ने पैसे लेने का प्रयास किया, जिससे आरोपों की पुष्टि हो गई। सीबीआई टीम द्वारा डाकघर में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से गहन पूछताछ की गई। डाक अधीक्षक अंकित कुमार सिंह से भी विस्तृत पूछताछ की जा रही है। शाम करीब 6 बजे जौनपुर मुख्यालय से अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया। पूरे दिन चली इस कार्रवाई के दौरान मीडिया को भी डाकघर परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। पत्रकारों द्वारा जानकारी मांगे जाने पर अधिकारियों ने कहा, ÷जांच प्रक्रिया चल रही है, पूरी होने के बाद ही कोई आधिकारिक सूचना दी जाएगी। समाचार लिखे जाने तक सीबीआई की जांच जारी थी। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि पूछताछ के बाद क्या गिरफ्तारी होती है और रिश्वतखोरी के इस जाल में और कौन-कौन फंसता है।

# प्रभारी मंत्री के पैरों पर गिरी पीड़िता की मां, बोली मेरी बेटी को इंसाफ चाहिए



**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

बस्ती जिले की एक महिला ने सोमवार को अपनी बेटी के साथ हुए कथित अन्याय को लेकर कलेक्ट्रेट में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के सामने न्याय की गुहार लगाई,पीड़िता अपनी मां व बहन के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां मंत्री जिले के आला अधिकारियों संग समीक्षा बैठक कर रहे थे।बैठक समाप्त होने के बाद जैसे ही मंत्री बाहर निकले पीड़िता की मां रोते हुए उनके पैरों पर गिर गई और बोली, ÷मेरी बेटी के साथ अन्याय हुआ है, मंत्री जी न्याय दिलाइए।÷ पीड़िता का आरोप है कि 16 मई को वह पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र स्थित अपने घर से एक वैवाहिक कार्यक्रम में जा रही थी,रास्ते में दो युवकों ने उसे रोका,मारपीट की और जबरन गाड़ी में बैठाने की कोशिश की,विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ की और दुष्कर्म की कोशिश भी की। किसी तरह वह उनकी पकड़ से छूटकर भाग निकली और परिजनों को आपबीती सुनाई। पीड़िता का कहना है कि घटना की शिकायत के बावजूद पुलिस ने आरोपियों पर गंभीर धाराओं में कार्रवाई नहीं की,नामजद रिपोर्ट दर्ज होने और गिरफ्तारी के बावजूद आरोपियों को जल्द ही छोड़ दिया गया,उसने पुलिस पर आरोपियों को बचाने का भी आरोप लगाया। मंत्री आशीष पटेल ने मौके पर मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह से पूरे मामले की जानकारी ली। मंत्री ने निर्देश दिया कि आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए और पीड़िता को न्याय दिलाया जाए। एएसपी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। मंत्री के आश्वासन के बाद पीड़िता व उसके परिजन कलेक्ट्रेट से लौटे, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पूर्वांचल का डॉन बनने की चाहत में संतोष ने जुर्म जराइन की दुनिया में रखा कदम

- दिखने में बेहद शान्त, दिमाग से बेहद क्रूर संतोष ने खड़ा कर लिया है जुर्म की दुनिया का बड़ा नेटवर्क
- असलहा और गाड़ियों का बेहद ही शौकीन रहा मारा गया यह कुख्यात अपराधी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

कौशांबी जिले की पुलिस मुठभेड़ में मारा गया जौनपुर जनपद के खेतासराय थाना क्षेत्र के पोरई कलां गांव निवासी संतोष राजभर उर्फ राजू कोई मामूली अपराधी नहीं था। मुंबई महानगर में पेशे से ट्रक ड्राइवर की नौकरी शुरू किया तो फिर भारी भरकम ट्रेलर और कार्गो का सामान ले जाने वाली बड़ी-बड़ी नामी गिरामी कंपनियों में चालक के रूप में अपनी पकड़ बनाई तो फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

आज से 6 वर्ष पहले मुंबई कार्गो से करोड़ों रुपए की चोरी को अंजाम देने के बाद जब वह अपने गांव भाग आया तो पीछे-पीछे मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस टीम भी जौनपुर पहुंच आई। फिर उसके अपराध और जुर्म की दुनिया के बारे में पहली बार खेतासराय व इलाके के लोगों को मालूम पड़ा तो लोग दांतों तले उंगली दबा लिए।

गांव के जूनियर विद्यालय में महज मीडिल पास संतोष उर्फ राजू दिमाग से बेहद ही क्रूर और शातिर था।

लेकिन आसपास गांव के लोगों से मिलने जुलने में वह बेहद ही मधुर और गंभीर दिखता था।

घर पर रहकर खेती बाड़ी करने वाले जयप्रकाश राजभर की तीन संतानों में संतोष उर्फ राजू सबसे बड़ा था।

दूसरा भाई सरोज राजभर जिसकी शादी पड़ी थी। आज 19 मई को उसके भाई की बारात आजमगढ़ जानी थी। तीसरा छोटा भाई अनुज राजभर जो 12 वीं पास है।

इन भाइयों में एक बहन खुशबू है।

अर्टिका, सफारी स्ट्रांग, अपाचे बाईक, बुलेट और पल्सर गाड़ी से चलने वाले इस कुख्यात अपराधी के साथ हमेशा चार से छह लड़के साये की तरह चलते थे।

इन्हीं लड़कों की टीम में मृतक संतोष उर्फ राजू का शार्प शूटर उसके पूरे धंधे पर कंट्रोल रखने वाले खेतासराय थाना क्षेत्र अंतर्गत पोरई कलां गांव के बिल्कुल पड़ोसी गांव पोरई खुर्द निवासी कार्तिक राजभर पुत्र अनिल राजभर जो कौशांबी जिले में चार करोड़ के कॉपर तार लूट कांड के दौरान मौके पर मौजूद था । हालांकि पुलिस मुठभेड़ के दौरान वह और आजमगढ़ जनपद निवासी दूसरा अपराधी रंजीत मोके से भाग गया है। 50 हजार के इस फरार इनामी अपराधी पर पुलिस टीम ने इनाम की राशि बढ़ाते हुए 75 , 75 हजार कर दिया है।

पुलिस और गांव के सूत्र बताते हैं कि मृतक संतोष राजभर उर्फ राजू के साथ इलाके के आधा दर्जन युवा उसके साथ लूट छिनैती की की कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहे हैं। जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ने अब अपना नेटवर्क फैला दिया है। इस संबंध में खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय बताते हैं कि पूर्वांचल का माफिया डॉन बनने की चाहत में उसने पहली बार जुर्म की दुनिया में जब कदम रखा तो फिर कभी आज तक कभी पीछे लौट कर नहीं देखा। रातों-रात अरबपति बनने और अकूत संपत्ति जुटाने कि लालच में वह गुजरात, महाराष्ट्र, पुणे , आजमगढ़, लखनऊ और कानपुर में ट्रेलर और ट्रक से लूट की कई घटनाओं को अंजाम देने में निरंतर जुटा रहा।

### अपराध जगत से संतोष राजभर ने करोड़ों की संपत्ति बनाई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** कौशांबी जिले के कोखराज थाना पुलिस के हाथों मुठभेड़ में मारे गए जनपद जौनपुर के खेतासराय थाना क्षेत्र अंतर्गत पोरईकला निवासी कुख्यात अपराधी संतोष राजभर उर्फ राजू पुत्र जयप्रकाश ने अपराध जगत से करोड़ों की संपत्ति बनाई है। सोमवार को उसके शव का खुटहन स्थित पिलकिछा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। पिता जयप्रकाश ने उसके शव को मुखाग्नि दी। उधर पति की मौत की खबर सुनते ही संतोष की पत्नी रूबी अचेत हो गई है। उसे उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रूबी के पेट में 5 महीने का गर्भ भी है। पिछले वर्ष शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के भादी मोहल्ले में संतोष राजभर उर्फ राजू की शादी हुई थी। ऐसी ही उसकी एक संपत्ति नगर पंचायत खेतासराय के स्टेशन गली में तीन मंजिला भवन में आठ दुकानें बनी हुई है । इसे रेंट पर दिया गया है । ऊपरी हिस्से पर अभी निर्माण कार्य आधा जारी है। मृतक संतोष के किराएदार नफीस अहमद बताते हैं कि 6 महीना पहले वह इस निर्माण को खड़े होकर खुद करवा रहे थे । संतोष खेतासराय कस्बे में जब भी आता था तो सफारी स्ट्रांग और अर्टिका गाड़ी से आता था। बिल्कुल शांत, बेहद शातिर दिखने वाले इस अपराधी के साथ 4 से 6 लड़के हमेशा रहते थे। खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय का कहना है कि संतोष ने अपराध जगत से हासिल करोड़ों रुपए से जनपद जौनपुर के खेतासराय कस्बा और मुंबई महानगर में भी काफी संपत्ति बनाई है। मुंबई में जमीन की बैनामा कराने के लिए गांव से वह अपनी मां किरन देवी और पिता जयप्रकाश को हवाई जहाज से टिकट कटा कर ले गया था। वापस गांव में उसके माता-पिता आये तो जहाज से जाने की चर्चा खूब रही। परिजन बताते हैं कि 5 महीना पहले वह छोटे भाई सरोज राजभर की शादी तय होने की रस्म बरक्षा में शामिल होने के लिए पोरई कलां गांव आया था। उसके बाद मुंबई जाने की बात कह कर गया तो फिर गांव में उसकी लाश ही आई।

# मुठभेड़ में मारे गए बदमाश संतोष की हरकतों से परेशान थी पत्नी




नगर पंचायत खेतासराय के स्टेशन गली में मारे गए बदमाश संतोष का आलीशान भवन।

- देवर की शादी में भी नहीं आने को थी तैयार
- पति की मौत की खबर सुनते ही हुई बीमार, भर्ती

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

कौशांबी पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम के हाथों मुठभेड़ में मारे जा चुके कुख्यात अपराधी संतोष उर्फ राजू के गुनाह में उसके नाते, रिश्तेदार , परिजन भी कहीं न कहीं, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बराबर के भागीदार रहे हैं। क्योंकि पहली बार लाखों का हाथ मारने के बाद मुंबई क्राइम ब्रांच की पुलिस जब खेतासराय जौनपुर उसके गांव आई थी। तब इस दौरान संतोष राजभर के मामा आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र सुरहन निवासी गोविंद राजभर ने ही उसे पुलिस के हवाले किया था। को और पुलिस केस से जुड़े मामलों को उसका मामा ही देखता था। बताते हैं कि एक वर्ष तक जेल में रहने के बाद संतोष जब जमानत पर घर आया तो परिवार वाले सबसे पहले उसकी शादी तय कर दिए। उन्हें आशंका थी की शादी विवाह होने के बाद शायद वह सही रास्ते पर चल पड़े । पिछले वर्ष ही उसकी शादी हुई थी। इधर पति की मौत की खबर आते ही पत्नी रूबी की तबीयत खराब हो गई घरवाले एक चिकित्सक को दिखाएं लेकिन स्थिति गंभीर देख उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है चिकित्सा का कहना है कि महिला गर्भवती है। कई राज्यों की पुलिस के घर पर निरंतर दबिस देने और संतोष राजभर के बारे में गहराई से छानबीन करने की खबर जब पत्नी को लगी तो दोंनो में हमेशा वाद विवाद होने लगा। बात इतनी बढ़ी कि देवर की शादी में भी शामिल होने के लिए वह तैयार थीं। फिर घर के बड़े बुजुर्गों ने बहुत समझाया बुझाया तब वह यहां शादी में शामिल होने के लिए आई । सूत्र तो यह भी बताते हैं कि संतोष उर्फ राजू अपनी पत्नी को शाहगंज के भांदी स्थित ससुराल से लाने के लिए खुद गया था। वहां से विदाई करा कर अपने पैतृक गांव पोरई कलां लेकर आया। इसी 19 मई को छोटे भाई सरोज राजभर की बारात जाने और घर मे पड़ी शादी का हवाला देकर परिवार वाले उसे रोके लेकिन उसने तो किसी बड़े निशाने पर हाथ मारा था लिहाजा घरवालों की बात को नकारते हुए मुंबई में कुछ जरूरी काम होने की बात कह कर घर से निकला तो फिर वापस नहीं लौटा। इस पूरे घटना के दौरान संतोष के साथ उसका सबसे खास कार्तिक राजभर और आजमगढ़ जनपद का दूसरा साथी रंजीत राजभर साथ-साथ थे।

# पीयू के तीन छात्रों को इसरो में इंटर्नशिप का अवसर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के यू.एन.एस. इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जौनपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के तीन छात्र नितेश कुमार, दीपक यादव और प्रमन चौरसिया÷को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क, लखनऊ केंद्र में इंटर्नशिप के लिए चयनित किया गया है। यह इंटर्नशिप उनके बी.टेक पाठ्यक्रम के प्रोजेक्ट कार्य का हिस्सा है। छात्रों का यह चयन विभाग के शिक्षक डॉ. अजय कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में हुआ। जिन्होंने तकनीकी तैयारी, दस्तावेज़ प्रक्रिया और परामर्श में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. रवि प्रकाश के अकादमिक नेतृत्व ने भी इस उपलब्धि को संभव बनाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, ÷इसरो जैसी प्रतिष्ठित संस्था में चयन होना छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग ने समयबद्ध रूप से छात्रों के समस्त दस्तावेज, बायोडाटा एवं प्रोजेक्ट स्वीकृति पत्र इसरो को प्रेषित किए। इस उपलब्धि पर विभाग के शिक्षकों÷डॉ. रीतेश बरनवाल, डॉ. पी.सी. यादव, सुश्री पूनम सोनकर और डॉ. पारुल त्रिवेदी÷ने छात्रों को बधाई दी और इसे विश्वविद्यालय की एक बड़ी उपलब्धि बताया। यह इंटर्नशिप न केवल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है, बल्कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा को भी सुदृढ़ करती है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में ग्रीष्मावकाश कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय गौराबादशाहपुर जौनपुर द्वारा आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मावकाश कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवा भारती जौनपुर महिला शाखा की अध्यक्ष डॉ संध्या सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष सभासद सुमन गुप्ता, कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि टीनू सिंह शिक्षिका एवं पूर्व छात्रा ने मां शारदा के चरणों में दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश ने अतिथियों का परिचय कराते हुए कार्यशाला के संदर्भ में बताया। डॉ संध्या ने कहा इस प्रकार की कार्यशाला बालिकाओं को प्रोत्साहन के साथ-साथ आत्मरक्षा के गुण सीखने को मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के कोषाध्यक्ष एवं लायंस क्लब गोमती के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्त, डॉ विजय सिंह, विद्यालय के संरक्षक सभापति, सनी गुप्ता सहित अनेक गणमान्य बंधु उपस्थित रहे। कार्यशाला की संयोजक सुलेखा गुप्ता, सहसंयोजक कृतिका सिंह एवं प्रतीक्षा सिंह ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

- सभी अवैध पैथालॉजी और मानकों के विपरीत अस्पतालों की होगी जांच: सीएमओ
- कस्तूरबा विद्यालय का भी किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**शाहगंज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा लक्ष्मी सिंह द्वारा सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान द्वारा सीबी नाट, ओपीडी, डॉट्स केंद्र, आकस्मिक वार्ड इत्यादि का गहन जांच की गई। मरीजों के उपचार, साफ सफाई इत्यादि व्यवस्था से संतुष्ट दिखी। अधीक्षक डा फारूकी को निर्देश दिया कि मरीजों को और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाये। इस दौरान चिकित्सालय के लोगों की सांस अटकी रही। हालांकि सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद व मुस्तैद रहे। तदुपरांत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंची। वहां समय-समय पर बच्चियों के स्वास्थ्य परीक्षण का निर्देश दिया। कहां की स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नही किया जाएगा। शासन के मंशानुरूप ही कार्य को सम्पादित किया जाये। कहां नगर में अगर कोई चिकित्सालय बगैर मानक के चलता पाया गया उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। अगले सप्ताह से सभी अस्पतालों और अवैध पैथालॉजी सेंटर की जांच गहनता से की जाएगी। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाई सुनिश्चित है। कहा बिना फायर एनओसी वाले अस्पतालों पर विशेष जांच पड़ताल की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज के अधीक्षक डा रफीक फारूकी, डा जियाउल, वैक्सीन प्रबंधक अफजल, डीएमसी यूनिसेफ आशी, डा राकेश कुमार, डा आर के वर्मा, डा अमित, फार्मासिस्ट गिरीश चंद यादव सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# प्रतापगढ़ में युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**जन एक्सप्रेस।बरसठी, जौनपुर।** क्षेत्र के टकटैया गांव निवासी एक युवक की प्रतापगढ़ में सड़क दुर्घटना में रविवार को मौत हो गई। सोमवार को शव गांव आने पर परिजनों में कोहराम मच गया मृतक पांच बहनों में इकलौता भाई था। थाना क्षेत्र के टकटैया गांव निवासी 24 वर्षीय अनुराग सिंह रविवार को प्रतापगढ़ अपने बहन के यहां गया था। सवारी गाड़ी ऑटो से घर आते समय रास्ते मे स्पार्कियो गाड़ी से टक्कर हो गयी, जिसमें अनुराग की मौत हो गई। बाकी अन्य घायल हो गये। जानकारी मिलते ही परिजन समेत रिस्तेदार मौके पर पहुँच गये। सोमवार को शव गांव आने पर कोहराम मच गया। मृतक पांच बहनों में अकेला भाई था उसके माता और पिता उमाशंकर सिंह का रोरोकर बुरा हाल है।

# नाबालिक बहन की जबरन शादी कराने पर भाई ने माता, पिता, दूल्हे समेत पुजारी पर दर्ज कराया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**बरसठी।** जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के रायपुर स्थित दुर्गादेवी मंदिर पर रविवार को नाबालिग बहन की ज़बरन शादी कराये जाने पर, भाई ने अपने माता, पिता, मंदिर के पुजारी समेत पांच नामजद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। लड़की पक्ष नेवढ़िया थाना के निवासी है और दुर्गादेवी मंदिर पर लड़की की शादी करने आये थे। नेवढ़िया थाना के दलपतपुर गांव निवासी अजीत मिश्रा मुम्बई से रविवार को घर आया पहुँचा तो उसे जानकारी हुई कि 16 वर्षीय बहन की शादी दुर्गादेवी मंदिर पर भदोही जनपद के सुरियावां महादेवपुर गांव निवासी 32 वर्षीय अजित पाठक से बरसठी क्षेत्र के दुर्गादेवी मंदिर पर हो रही है। मंदिर पहुँचकर शादी का विरोध किया तो आरोप है कि दूल्हे पक्ष के साथ माता पिता और पुजारियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी, और जबरन शादी करा दिया। जिसकी जानकारी 112 नम्बर पुलिस को दिया। भाई अजित मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने पिता जितेंद्र मिश्रा, माता व पुजारी राजेश दुबे व काशीनाथ दुबे के साथ दूल्हा अजित पाठक व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# शांति भंग में चौदह लोगों का हुआ चालान

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत भिन्न भिन्न गांवों में अपराध की रोकथाम हेतु क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु कोतवाली पुलिस ने अभिनय चलाकर सोमवार को 14 लोगों को शांति भंग की धारा में चालान भेज दिया। क्षेत्र के नटौली गांव में कंकाली टोला से 45 वर्षीय रियाजु पुत्र नईम,50 वर्षीय सनुल्लाह पुत्र शमशेर ,25 वर्षीय सद्दाम पुत्र जहीर,22 वर्षीय सिराज पुत्र नईम, 24 वर्षीय परवेज पुत्र करिया,21 वर्षीय जुम्मन पुत्र बीरे ,26 वर्षीय इलियास पुत्र अच्छेलाल,व मजडिहा गांव निवासी 23 वर्षीय अर्शलान पुत्र मिस्टर,व बदोपुर गांव निवासी 24 वर्षीय अदनान पुत्र रुस्तम,22 वर्षीय रिजवान पुत्र फरियाद,19 वर्षीय आसिफ पुत्र शाहिद,व बड़ागांव निवासी 23 वर्षीय राजू पुत्र निजाम अहमद, बकुची नेवादा गांव निवासी 40 वर्षीय शकील पुत्र अहमद,भादी निवासी 58 वर्षीय रियाज अहमद पुत्र अब्दुल रहीम को रविवार की रात में कोतवाली निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह उपनिरीक्षक मुन्ना लाल शर्मा समेत हमाराहियो के साथ गिरफ्तार कर सभी को सोमवार को चालान भेज दिया गया।

# आरटीई में चयन के बाद भी सेंट्रल अकादमी बच्चों का नही ले रहा दाखिला

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी



जिले में शिक्षा विभाग की लाख कोशिशों के बावजूद भी शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत छात्रों को निजी स्कूलों में प्रवेश बड़ी मुश्किल से मिल रहा है। कभी कागजी खानापूर्ति तो कभी सत्यापन के नाम पर स्कूल प्रबंधन बच्चों को टरका दे रहे हैं। ऐसा ही मामला नगर के आवास विकास कालोनी स्थित सेन्ट्रल अकादमी स्कूल में देखने को मिल रहा है। यहां आरटीई में चयन होने के तीन महीने बाद भी स्कूल प्रबंधन इन बच्चों को एडमिशन देने को तैयार नहीं है। जबकि प्री प्राइमरी और कक्षा एक में पात्र छात्रों की सीटें आवंटित की जा चुकी हैं लेकिन अब तक उनकी प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई पिछड़ रही है और उनका भविष्य अंधकार में दिख रहा है। इन हालात में स्कूलों और बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का चक्कर काटकर थक चुके अभिभावक ने सोमवार को अपनी फरियाद लेकर जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में मुख्य विकास अधिकारी से की और उन्होंने साक्ष्य के साथ अपनी बात बताई। डीएम कार्यालय ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला और उपाध्यक्ष श्रीनिवास त्रिपाठी के साथ पहुंचे अभिभावकों ने सीडीओ को बताया कि उनके बच्चे रोज पूछते हैं कि उनका स्कूल कब खुलेगा। वह स्कूल कब जाएंगे, लेकिन इन सवालों का जवाब उनके पास भी नहीं होता। ऐसे में अभिभावकों ने यही सवाल सीडीओ से पूछे हैं। बहरहाल, लाटरी प्रकाशन के लगभग तीन माह बीत जाने के बाद भी बच्चे अब भी अपने दाखिले का इंतजार कर रहे है। वहीं, दूसरी ओर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी कार्रवाई के नाम पर नोटिस-नोटिस खेल रहे हैं। अभिभावक शिकायत लेकर पहुंचते हैं तो अधिकारी संबंधित स्कूल को नोटिस भेजकर इतिश्री कर लेते हैं। वहीं, बीएसए की ओर से जारी चेतावनी पत्रों पर स्कूल संचालकों ने गंभीरता नहीं दिखाई। अब अभिभावकों ने मजबूरन जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा मंत्री से मिलकर अपनी गुहार लगाने को मजबूर है। वहीं सीडीओ अ सुदन ने कहा कि यह बेहद संवेदनशील मामला है, निजी स्कूल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। यदि जल्द दाखिले सुनिश्चित नहीं हुए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### लॉटरी निकलने के तीन माह बाद भी...

अभिभावक पाटेष्वरी प्रसाद और शिवम् शुक्ला ने बताया कि आरटीई के अंतर्गत कार्तिक कैलाश (पंजीयन संख्या 206739) और अद्विका शुक्ला (पंजीयन संख्या 15458) का नाम सेंट्रल एकेडमी स्कूल के लिए निकली लाटरी में आया है। जिनका कक्षा यूकेजी और कक्षा एक में एडमिशन होना है। लॉटरी निकलने के तीन माह बाद भी एडमिशन नहीं हो सका। इस संदर्भ में जब सेन्ट्रल अकादमी स्कूल की प्रिंसपल संचिता श्रीवास्तव से बात की। तो उन्होंने कहा कि लेबर क्लास के बग्चों को पढ़ाने में बड़ी परेशानी होती है। विद्यालय का स्टेन्डर्ड खराब होता है। ऐसे में गरीब बग्चों के सपनों को उड़ान देने वाली भारत सरकार की योजन आरटीई पर सवालिया निशान खड़े करते हैं।

# सौतेली सास ननद सहित देवर बना मौत का कारण, महिला ने की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

शुक्लागंज उन्नाव के कोतवाली गंगाघाट की बालूघाट चौकी के अंतर्गत इंदिरा नगर मोहल्ले की रहने वाली महिला ने पारिवारिक कलह से तंग आकर खुदखुशी कि महिला के पति राजेश भारती पुत्र स्व0 मेवालाल निवासी 4/159 इन्दिरा नगर शुक्लागंज उन्नाव का है पति राजेश ने बताया कि श्रीमती विमला पत्नी स्व0 मेवालाल जो की सौतेली मां है इनका पुत्र आकाश भारती, पुत्री रुबी भारती द्वारा लम्बे समय से मकान के विवाद को उत्पन्न कर कब्जा किये जाने का प्रयास किया जा रहा था, जानकारी के अनुसार जिसमें कुछ बाहरी दलाल प्रवृत्ति की महिला रेखा गौतम व माया पत्नी अजात जिनका प्रायः थाने आना जाना रहता है जिनके द्वारा राजेश भारती के परिवारजनो के साथ असह्योग करते हुए मकान को खाली कराने का प्रयास किया जाता रहा और इसी सम्बन्ध में उपरोक्त लोगो द्वारा कई बार राजेश व उनके परिवारजनो पर हमला भी किया गया जिसकी राजेश भारती द्वारा समय पर लिखित शिकायते नगर प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन व शासन को की जाती रही है। बीते दिनांक 20.4.2025 को राजेश व परिवार पर सौतेली मां ननद और देवर द्वारा हमला किया गया था जिसकी शिकायत लिखित रुप से प्रार्थी ने प्रभारी निरीक्षक महोदय उन्नाव से की प्रार्थी की परिवारजनो द्वारा प्रशासन के सहयोग से एक लिखित समझौता इस शर्त पर कराया गया था कि दिनांक 15/5/25 तक प्रार्थी का परिवार छत पर नहीं जायेगा। इसके पश्चात छत पर दरवाजा राजेश भारती व उसके परिवार के लिए खोल दिया जायेगा। नियत तिथि तक प्रशासन द्वारा कराये गये समझौते की प्रतीक्षा की गयी नियत तिथि के पश्चात राजेश ने बताया कि प्रशासन द्वारा छत का रास्ता खुलवाये जाने का निवेदन किया गया तो प्रशासन द्वारा रोज टहलाया जा रहा था। और सौतेली मां की सहयोगियो द्वारा प्रार्थी व परिवार को प्रताडित किया जाने लगा दिनांक 18/5/25 को उपरोक्त लोगो द्वारा इतना अधिक प्रताडित किया गया जिस कारण पारिवारीक कलह से तंग आकर बिना किसी को बताये कलह से तंग आकर राजेश भारती की पत्नी संध्या ने खुद खुशी कर ली। जिस समय प्रार्थी की पत्नी संध्या आत्म हत्या की प्रार्थी घर के बाहर था प्रार्थी की पत्नी द्वारा की गई आत्म हत्या के लिए उपरोक्त लोगो की पति राजेश भारती ने जिम्मेदार ठहराते हुए कोतवाली गंगाघाट में प्रार्थना पत्र देकर सौतेली मां विमला, ननद रूबी, ओर उनकी मित्र रेखा,माया और आकाश पर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग करी जिसके चलते गंगाघाट प्रसासन द्वारा चारों महिलाओं को पकड़ा गया और आकाश जो की सौतेला भाई है वह अभी तक फरार बताया जा रहा है गंगाघाट प्रशासन द्वारा पति राजेश भारती को उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया और मुकदमा दर्ज किया गया।

# कागजो पर बिजली के लगे 250 स्विच, निरीक्षण में मिले 39



- मंत्री की गिरी गाज, समाज कल्याण अधिकारी और छात्रावास अधीक्षक निलम्बित

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी

समाज कल्याण विभाग के बने छात्रावास की मरम्मत के लिए पांच लाख रुपया आया था मगर उसका सही उपयोग नही हुआ। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कराए गए कार्यो की सूची से जब मिलान किया तो कई कार्य नही मिले। उन्होंने सरकारी धन गबन के लिए जिम्मेदार मानते समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, छात्रावास अधीक्षक मनोज कुमार को निलंबित कर मुकदमा दर्ज कराने व सहायक निदेशक समाज कल्याण अयोध्या को जांच के लिए निर्देश दिए हैं। रामनगर पीजी कालेज के एक कार्यक्रम मे आए मंत्री ने कालेज परिसर मे ही बने समाज कल्याण छात्रावास का निरीक्षण किया जो गंदा मिला। सफाई न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। फिर समाज कल्याण अधिकारी से पूंछा कि 5 लाख मरम्मत के लिए दिए गए थे उनमे क्या क्या कार्य हुआ। उन्होंने तमाम कार्य बताए तो कहा कि कार्यो की सूची रखें अभी ब्रहद जाँच करेंगे। इसके बाद वह कार्यक्रम सम्पन्न कर फिर छात्रावास आ गए और करवाए कार्यो की सूची से कार्य का मिलान करने लगे। बिजली के नए स्विच 250 लगाए बताए गए जब कि निरीक्षण मे 39 ही मिले। नए बोर्ड 71 लगवाए बताए गए मगर मिले एक भी नही। इसी प्रकार एल ई डी फंटी लाइट 30 लगाई बताई गई मिली। समाज कल्याण मंत्री बारी-बारी से छात्रावास के सभी कमरों मे गए और समाज कल्याण अधिकारी व अधीक्षक से कहा कि कार्यो की सूची से जो काम हुए उनको दिखा दे मगर दोनो दिखा नही सके और आखिर उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी, अधीक्षक को निलंबित कर एफआईआर कराने के निर्देश दिए व अयोध्या मंडल के डिपटी डायरेक्टर को गहन जांच करने को कहा। उनकी इस कार्यवाही से विभागीय अधिकारियो मे सन्नाटा पसर गया। छात्रावास में रह रहे छात्रों से भी उन्होंने कार्यो के बारे मे जानकारी ली तो बताया गया कि बोर्ड ही यंहा कल लगाया गया है। मंत्री ने बताया कि अन्य जिलों मे भी मरम्मत के लिए 5 लाख दिए गए थे जंहा रंगाई पुताई व अन्य कार्य करक्त छात्रावास सुस्ज्जित किए गए है। यंहा तो कोई काम ही नही हुआ। गड़बड़ी करने वालो पर कार्यवाही व रिकबरी भी होगी। मंत्री ने कालेज के शिक्षको की मांग पर इस छात्रावास को दस लाख रुपए और देने की घोषणा करते यह भी कहा कि ईमानदार अधिकारी को पोस्ट कर उससे बेहतर कार्य करवाया जाएगा ताकि यह अच्छा हो जाए।

# भारत का मुसलमान अब जागरूक है: वसीम राईन

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी

आज देश का मुसलमान सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से नए दौर के सवालों का सामना कर रहा है। ऐसे वक्त में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के कुछ सदस्य और नेता अलग-अलग सुर में बोलते नजर आ रहे हैं। उक्त बात सोमवार को आल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में व्यक्त की। श्री राईन ने आगे कहा कि एक ओर सांसद असदुद्दीन ओवैसी भारत की सकारात्मक छवि को लेकर विदेश यात्रा पर हैं, वहीं बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। यह दोहरी रणनीति आम मुसलमान को उलझन में डालती है और सवाल खड़े करती है कि आखिर इस तहरीक का मकसद क्या है? उन्होंने कहा कि हकीकत यह है कि 85 फीसदी पसमान्दा मुसलमान खुद को इन तहरीकों से कटे हुए महसूस करते हैं। यह आंदोलन अक्सर अशराफ तबके की सोच और हितों के इर्द-गिर्द घूमती है, जबकि असली मुद्दे शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और राजनीतिक प्रतिनिधित्व कहीं पीछे छूट जाते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत का मुसलमान अब जागरूक है, और वह केवल धार्मिक या भावनात्मक नारेबाज़ी से प्रभावित नहीं होता, बल्कि अपने बुनियादी हक़ की लड़ाई को तर्क और तथ्य के साथ आगे बढ़ाना चाहता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि हम सरकार से भी अपील करते हैं कि वक्फ जैसे संवेदनशील मसलों पर संवाद और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाए, ताकि कोई भी संशोधन मुसलमानों के अधिकारों को कुचले बिना, देशहित में हो। और साथ ही, मुस्लिम नेतृत्व से उम्मीद है कि वे एकजुट होकर, बिना वर्गीय भेदभाव के, पूरे मुस्लिम समाज की आवाज़ को बुलंद करें न कि केवल 15 फीसदी तबके के हितों तक सीमित रहें। श्री राईन ने कहा कि यह वक्त दिखावे या सियासी स्टंट का नहीं, बल्कि ज़मीन से जुड़े, साफ़ और दूरदर्शी नेतृत्व का है।

# तालाब में डूबकर युवक की मौत, मातम में बदली शादी की खुशियां

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी

शादी समारोह के दौरान एक युवक की तालाब में डूबकर मौत हो गई। जिसके बाद समारोह में मातम छा गया। मोहम्मद खलील (20) के बड़े भाई जलील की वलीमा में कार्यक्रम के बाद युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। रविवार को जलील पुत्र कलीम के वलीमा कार्यक्रम का आयोजन था। कार्यक्रम के बाद शाम को खलील हाथ धोने के लिए घर के पास स्थित तालाब के किनारे गया। वहां नल के पास पहुंचते समय उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गया। परिजनों ने तुरंत खलील को तालाब से निकाला और संयुक्त चिकित्सालय सिरौली गौसपुर ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन देर रात युवक ने दम तोड़ दिया।मृतक के चाचा मोहम्मद इब्राहिम खान ने बताया कि शादी में सभी व्यस्त थे जैसे ही भतीजे की तालाब में डूबने की जानकारी मिली तुरन्त अस्पताल लेकर पहुचे जंहा उसकी मौत हो गई।



# शादी का कार्ड बांटने गए बाइक सवारों पर पेड़ की डाल गिरी, एक की मौत

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों पर पेड़ की डाल गिर गई। जिससे एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से इलाज के बाद घर पहुंचे अधेड़ की दूसरे दिन सुबह मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।अजगैन कोतवाली क्षेत्र के छेड़ा गांव निवासी ध्वजराज (55) पुत्र स्व नन्हा की भतीजी की शादी 28 मई को तय है। जिसके कार्ड बांटने के लिए भतीजे शिवशंकर पुत्र नरपति व पड़ोस के लोकनाथ पुत्र केशन के साथ बाइक से रविवार को हसनगंज गए थे। लौटते समय हंसनगज थाना क्षेत्र के छोटाखेड़ा गांव के पास अजगैन मोहान मार्ग पर अचानक पेड़ की डाल टूटकर गिर गई। जिससे ध्वजराज गंभीर रूप से घायल हो गया। पीआरवी पुलिस ने घायल को हंसनगज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से इलाज के बाद उसे घर भेज दिया। सोमवार की सुबह करीब 8 बजे ध्वजराज की मौत हो गई। मृतक की दो विवाहित बेटियां है। पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। वह किसानी कर अपना गुजारा चलाता था। अजगैन प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# गांधीगिरी कर पुलिस ने समझाये यातायात नियम

जन एक्सप्रेस | कन्नौज

क्षेत्राधिकारी यातायात ने प्रभारी यातायात के साथ वाहन चालकों को गांधीगिरी के ज़रिए जागरूक किया। क्षेत्राधिकारी यातायात कुलवीर सिंह ने यातायात प्रभारी आफाक खान के साथ सड़कों पर गांधीगिरी करते हुए दो पहिया वाहन चालकों को और चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के पाठ पढ़ाए। पुलिस अफसर चार पहिया और दो पहिया वाहन चालकों को गुलाब के फूल देकर शर्मिंदा करते हुए और उत्साह वर्धन करते हुए दिखे। क्षेत्राधिकारी यातायात ने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया क्योंकि सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के एक्सीडेंट के समय मौत की आगोश में चले जाते हैं। कई वाहन चालकों को क्षेत्राधिकारी यातायात एवं यातायात प्रभारी द्वारा नए हेलमेट भी उपहार के तौर पर देकर वादा कराया गया कि भविष्य में बिना हेलमेट के नहीं चलेंगे। दो पहिया वाहन पर तीन सवारी और बिना हेलमेट वाहन चलाने पर चालान भी किए गए। रोडवेज बस स्टैंड के पास एक डग्गामार मोटर कैब(इको) अवैध रूप से सवारी भर रही थी जिसको क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा कोतवाली कन्नौज में सीज़ करा दिया गया। एक मोटर कैब बिना परमिशन के सीएनजी किट लगाए पायी गयी जिसका 5000 का चालान किया गया। यह अभियान सरायमीरा रोडवेज बस स्टैंड से लेकर तिर्वा क्रासिंग एवं मकरंद नगर तक चलाया गया जिसमें कुल 67 चालान किए गए।

# दो गुटों में खूनी संघर्ष, चली लाठियां और धारदार हथियार, पांच घायल, दो गम्भीर

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी

थाना टिकैतनगर क्षेत्र में सोमवार को दो अलग-अलग घटनाओं में पुरानी रंजिश और पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों मामलों में कुल पांच लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने सभी घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना थाना टिकैतनगर क्षेत्र के उफरौली गांव में सोमवार सुबह दो पड़ोसियों के बीच पुरानी रंजिश के चलते खूनी संघर्ष हो गया। शोभाराम की बकरी का बच्चा खेलते हुए गंगाराम के दरवाजे पर पहुंच गया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर गंगाराम ने धारदार हथियार से शोभाराम पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बचाव में आए शोभाराम के पुत्र निर्मल पर भी हमला किया गया।घटना की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायल शोभाराम को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस विवाद में आरोपी पक्ष के गंगाराम और ऊषा सुमन को भी मामूली चोटें आईं। पुलिस ने सभी का चिकित्सीय परीक्षण कराया है। दूसरी घटनारू पारिवारिक विवाद में बुजुर्ग महिला व पुत्र पर हमलाएक अन्य घटना में रविवार रात थाना क्षेत्र के ग्राम सिहोली मजरे जमीना में पारिवारिक विवाद के चलते 75 वर्षीय क्रांति देवी और उनके पुत्र इंदल पर लोहे की रॉड और लाठियों से हमला किया गया। पीड़िता ने बताया कि इंदल का अपनी पत्नी गीता से बीते एक सप्ताह से विवाद चल रहा था। रविवार रात जब इंदल अपनी मां के घर भोजन करने आया तो गीता अपने पुत्र जसवंत और बेटियों लक्ष्मी व सविता के साथ वहां पहुंच गई और इंदल पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची क्रांति देवी पर भी लोहे की रॉड से प्रहार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।स्थानीय लोगों की मदद से घायल मां-बेटे को अस्पताल पहुंचाया गया। कोतवाल रत्नेश पांडेय ने बताया कि दोनों मामलों में घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एहतियातन गांवों में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# कोतवाली सदर पुलिस, स्वाट एवं सर्विलांस टीम को मिली सफलता पुलिस मुठभेड़ में लुटेरे गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में उन्नाव पुलिस ने मुठभेड़ के बाद लुटेरों को गिरफ्तार किया। दिनांक 17.05.2025 को थाना दही क्षेत्रांतर्गत चैन स्नेचिंग की घटना अज्ञात बदमाशों द्वारा की गई थी।थाना दही पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 123/25 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। पुलिस टीम का गठन कर घटना के शीघ्र अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। आज दिनांक 19.05.2025 को थाना दही पुलिस, थाना कोतवाली सदर पुलिस, स्वाट एवं सर्विलांस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर करोवन - सिकंदरपुर सरोसी रोड पर कुंदन सिंह के बाग के पास उपरोक्त अभियोग से संबन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चेकिंग की जा रही थी, तभी सिकंदपुर सरोसी की ओर से आ रहे दो मोटरसाइकिल पर सवार चार व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया , जिस पर दोनों मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया । जवाबी फायरिंग में अभियुक्त 1. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व0 तिलक नि0 गड्डीपुरवा थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ हालपता भरतपुरी थाना तालकटोरा जनपद लखनऊ 2. श्रीकांत तिवारी उर्फ टीटू पुत्र राम शंकर तिवारी नि0 जुराखन खेड़ा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव के पैर मे गोली लगी एवं 3. नितिन पुत्र छुन्नालाल नि0 लोकनगर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव 4. अमन पुत्र स्व0 अमर सिंह नि0 लोकइयाखेड़ा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव को मौके से पुलिस हिरासत मे लिया गया है । दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। मौके से दो अदद अवैध तमंचे 315 बोर मय दो अदद खोखा कारतूस 315 बोर, लूटी गई चैन के दो टुकड़े व घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल पल्सर व स्पलेन्डर बरामद की गई है।




## उत्तर रेलवे
### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना संख्या :** टीआरडी-07-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-25 |
| 2. | **कार्य का नाम :** लखनऊ मंडल के लखनऊ गुड्स यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के प्रावधान के संबंध में ओएचई संशोधन कार्य। |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रु. 89,29,421.82 |
| 4. | **बयाना राशि :** रु. 1,78,600.00/- |
| 5. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह |
| 6. | **निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 12.06.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7. | **प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | **पात्रता मापदंड :** निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: **1.** निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई है **2.** निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का **30 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का **40 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान एक कार्य का **60 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। **एक समान कार्य की परिभाषा होगी:-** Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. **3.** निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

**नोटः** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबवाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**सं.: टीआरडी-07-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-25 दिनांकः 19.05.2025** **1467/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए कार्ययोजना बनाएं डीपीआरओ

जन एक्सप्रेस | कन्नौज

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में स्वच्छता समिति एवं जीरो पावर्टी व गो-आश्रय स्थलों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि 314 राजस्व ग्रामों में कचरा कलेक्शन का कार्य हो रहा हैं, इन ग्रामों को प्लास्टिक मुक्त बनाये जाने हेतु रणनीति बनाकर कार्य किया जाये। इसके साथ ही प्लास्टिक मुक्त जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करायें जाये। उन्होंनें कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत ग्रामीण अंत्येष्टि स्थल, विकास योजनान्तर्गत ग्राम पंचायतों में 11 के सापेक्ष 01 अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं, शेष 10 अंत्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य में गति लायी जाये। ओडीएफ मॉडल राजस्व ग्राम के तहत 688 चयनित राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 669 ओडीएफ ग्राम घोषित किये जा चुके हैं, शेष 19 राजस्व ग्रामों का कार्य पूर्ण कर ओडीएफ घोषित किया जाये। इसके साथ ही 77 व्यक्तिगत शौचालय की जिओ टैगिंग का कार्य भी शत-प्रतिशत पूर्ण करा लिया जाये। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि जीरो पावर्टी के अन्तर्गत आवास सर्वे के दौरान 8830 प्राप्त आवेदनों का क्रास चेकिंग करा ली जाये। ठोस एंव तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अन्तर्गत 314 राजस्व ग्रामों के ओएसआर खाते में स्वच्छता शुल्क 4430559 रूपये जमा किये गए, जिसमें 3544439.20 रूपये की धनराशि व्यय की गई तथा अवशेष 886109.80 रूपये की धनराशि पंचायत के विकास हेतु बची। कहा कि पंचायतों को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ावा देते हुये विकास कार्य किया जाये।उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अन्तर्गत गोवशों के संरक्षण एवं भरण-पोषण हेतु लाभार्थियों को 1500/- प्रतिमाह दे रही हैं। इस योजना के तहत अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये। उन्होनें खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पेयजल लाइन के दौरान टूटी सड़को एवं नालियों की मरम्मत का कार्य पूर्ण करा ले। जनसुविधा केन्द्रों पर फर्जीवाड़ा की रोकथाम हेतु निरीक्षण कर कार्रवाई की जाये, साथ ही यह भी निर्देश दिये कि अवैध स्वीमिंग पूल चलने नहीं चाहिए। अभियान चलाकर कार्रवाई की जाये।

# बाइक सवार तीन बदमाशों ने ब्लाक जा रहे कर्मचारी के साथ की लूट

जन एक्सप्रेस | उन्नाव



लखनऊ कानपुर राजमार्ग स्थित एक निर्माणाधीन यूनिवर्सिटी के सामने दिन दहाड़े बाइक सवार तीन बदमाशों ने सरकारी कर्मचारी का बैग और बाइक की चाबी लूटकर फरार हो गए। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव सहरावा निवासी सोनू पुत्र रामेश्वर पंचायती राज विभाग में ब्लॉक सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर हैं। जो कि आजकल नवाबगंज ब्लॉक से संबद्ध है। सोनू ने बताया कि वह अपने बच्चों के स्कूल सोहरामऊ से टीचर मीटिंग करके निकाला था। रास्ते में अजगैन कोतवाली क्षेत्र में राजमार्ग स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सामने एक बाइक पर सवार तीन बदमाश आए और अचानक सामने गाड़ी रोक दी। वह कुछ समझ पाता उससे पहले ही उसका बैग छीन लिया और बाइक की चाबी निकाल ली। सोनू ने बताया कि उसने उनकी फोटो खींचना चाहा तो उसका मोबाइल भी छीनने लगे लेकिन छीन नहीं पाए और आनन फानन उन्नाव की तरफ भाग गए। सोनू ने बताया कि उसके बाइक बाइक सवार आगे का युवक हेलमेट लगाया था और सबसे पीछे वाला युवक ब्लैक कलर की शर्ट पहना था। बदमाशों ने अपनी बाइक के नंबर प्लेट पर मिट्टी पोत रखी थी जिससे वह बाइक का नंबर नहीं पढ़ पाया। बैग में 5 हजार रुपए और कार्यालय से संबंधित कागजात थे।घटना की सूचना पर पुलिस बल समेत मौके पर पहुंचे अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने पीड़ित से घटना की जानकारी ली। जिसके बाद हसनगंज क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस रास्ते में लगे सीसीटीवी की फुटेज से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

# ममता बनर्जी ने औद्योगिक विकास पर दिया जोर, कहा, सिलीगुड़ी में बनेगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सिलीगुड़ी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को सिलीगुड़ी में उत्तर बंगाल व्यापार सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने राज्य के उत्तरी जिलों में औद्योगिक विकास में तेजी लाने पर जोर दिया। ममता बनर्जी ने एलान किया कि सिलीगुड़ी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए 10 एकड़ जमीन तलाश ली गई है। यह केंद्र उत्तर बंगाल में राज्य सचिवालय के पास बनाया जाएगा। केंद्र एक होटल के साथ ही व्यापारिक सम्मेलनों के आयोजन में भी मदद करेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने होमस्टे स्थापित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने डाबग्राम और फालाकाटा में औद्योगिक पार्क स्थापित करने और सिलीगुड़ी में डाटा सेंटर बनाने का भी एलान किया। उन्होंने कहा कि आवास, ग्रामीण सड़क और कटाव नियंत्रण जैसे क्षेत्रों के लिए केंद्र सरकार से धन की कमी के बावजूद राज्य सरकार अपने स्वयं के संसाधनों का उपयोग करके विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल के उद्योग जगत को सक्रिय विचारों के साथ आगे आना चाहिए। भीड़भाड़ वाले दार्जिलिंग के अलावा वैकल्पिक पर्यटन स्थलों को विकसित करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कलिम्पोंग, मिरिक और कुर्सियांग जैसे क्षेत्रों के विस्तार और विकास का प्रस्ताव रखा। चाय बागान श्रमिकों के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। सरकार उन बागानों में वैकल्पिक व्यवसाय योजनाओं का समर्थन करेगी जहां चाय की खेती नहीं होती है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ग इसे विफल करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन काम रुकेगा नहीं।

### उत्तर बंगाल में बनाएंगे चाय प्रयोगशाला

सीएम ने कहा कि दार्जिलिंग की चाय की अखंडता को बनाए रखने के लिए उत्तर बंगाल में चाय प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। ताकि दार्जिलिंग की चाय के रूप में गलत तरीके से विपणन की जा रही नकली चाय की जांच की जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल में एक कौशल एवं फैशन विश्वविद्यालय खोला जाएगा। बंगाल अब देश में उद्योग के लिए नया गंतव्य है। छह आर्थिक गलियारे बन रहे हैं।

# 'नागरिकों के अनुकूल नया ओसीआई पोर्टल, डिजिटल शासन को बढ़ावा देने में बड़ा कदम'

- भारत लगातार ओसीआई कार्डधारकों को विश्वस्तरीय आव्रजन सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है: शाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बेहतर कार्यक्षमता वाला ओसीआई पोर्टल नागरिकों के अनुकूल डिजिटल शासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए ओसीआई पोर्टल को लॉन्च किया। इसमें ऐसा इंटरफेस है, जिससे भारतीय मूल के लोगों का पंजीकरण करना अब और आसान हो गया है। अमित शाह की पोस्ट साझा को करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, बेहतर फीचर्स और कार्यक्षमता के साथ नया ओसीआई पोर्टल नागरिकों के अनुकूल डिजिटल शासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ओसीआई योजना की शुरुआत 2005 में की गई थी। यह योजना उन सभी भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) को ओसीआई के रूप में पंजीकरण की अनुमति देती है, जो 26 जनवरी 1950 को या उसके बाद भारत के नागरिक हैं या उस दिन भारत के नागरिक बनने के पात्र हैं या उनके वंशज हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने पोस्ट में कहा, आज नए ओसीआई पोर्टल का शुभारंभ किया गया, जिसमें आधुनिक यूजर इंटरफेस है, ताकि प्रवासी भारतीयों का पंजीकरण आसान हो सके। इसमें बेहतर कार्यक्षमता, मजबूत सुरक्षा और यूजर-फ्रेंडली अनुभव जैसे नए फीचर्स जोड़े गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नया ओसीआई पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति, जिसके माता-पिता, दादा-दादी, या परदादा-परदादी पाकिस्तान, बांग्लादेश या किसी अन्य ऐसे देश के नागरिक रहे हों, जिसे केंद्र सरकार आधिकारिक गजट में अधिसूचना के जरिए निर्दिष्ट करे, ओसीआई कार्डधारक के रूप में पंजीकरण के लिए पात्र नहीं होगा। शाह ने कहा कि भारत लगातार ओसीआई कार्डधारकों को विश्वस्तरीय आव्रजन सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे कि जब वे भारत आएं या यहां ठहरें, तो उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न हो। उन्होंने कहा कि अपडेटेड यूजर इंटरफेस वाला यह पोर्टल विदेश में रह रहे नागरिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए पेश किया गया है।

# साइबर अपराध के मामलों में दर्ज होगी ई-जीरो एफआईआर जल्द पकड़े जा सकेंगे अपराधी: अमित शाह



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

साइबर अपराध पर शिकंजा कसने के लिए सरकार ने नई पहल की है। सरकार ने नई ई-जीरो एफआईआर की शुरुआत की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) में दिल्ली के लिए पायलट परियोजना के तौर पर इसकी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इससे अपराधियों को पकड़ने में तेजी आएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज होने वाली 10 लाख रुपये से अधिक के साइबर अपराध की शिकायत ऑटोमैटिक एफआईआर में बदल जाएगी। यह पहल जल्द ही पूरे देश में लागू की जाएगी। अमित शाह ने %एक्स% पर लिखा कि दिल्ली के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई नई प्रणाली एनसीआरपी या 1930 पर दर्ज साइबर वित्तीय अपराधों को स्वचालित रूप से एफआईआर में बदल देगी, शुरुआत में 10 लाख रुपये की सीमा से ऊपर के अपराधों के लिए यह व्यवस्था की गई है। नई प्रणाली साइबर अपराधियों पर तेजी से कार्रवाई करते हुए जांच को आगे बढ़ाएगी। इसे जल्द ही पूरे देश में विस्तारित किया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार साइबर-सुरक्षित भारत के निर्माण के लिए साइबर सुरक्षा ग्रिड को मजबूत कर रही है। द्व4ष्ट की स्थापना गृह मंत्रालय ने नई दिल्ली में की थी। ताकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को समन्वित और व्यापक तरीके से साइबर अपराध से निपटने के लिए एक ढांचा और पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान किया जा सके। द्व4ष्ट को देश में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए नोडल विभाग बनाया गया है। यह साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई करता है।

## आदतन अपराधियों के खिलाफ राजकोट पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 60 अवैध ढांचों पर चला बुलडोजर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। राजकोट। राजकोट पुलिस ने सोमवार को 60 अवैध निर्माण ढहा दिए। ये निर्माण 38 आदतन अपराधियों से जुड़े थे, जिन पर हत्या, हत्या की कोशिश और लूट जैसे कई मामले दर्ज हैं। यह कार्रवाई गुजरात के गृह मंत्री और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के निर्देश पर की गई। उन्होंने पुलिस को आदेश दिया था कि आदतन अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने कहा, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अगुवाई में राज्य सरकार और पुलिस ने स्पष्ट फैसला लिया है कि जो कोई भी अपराध करेगा और सरकार की जमीन पर कब्जा करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# वैशाली में पार्किंग की जगह दुकान, नागरिक परेशान

- सरकारी ज़मीन पर दुकानदारी, पार्किंग की जगह बनी आमदनी का अड्डा नगर निगम की चुप्पी पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद





वैशाली सेक्टर- 4 , 5 के मुख्य बाजार में स्थित नगर निगम द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थल पर इन दिनों खुलेआम दुकानें चलाई जा रही हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों को अपनी गाड़ी खड़ी करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानों के अतिक्रमण के कारण राहगीरों और कालोनीवासियों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। शाम होते ही पूरा मुख्य मार्ग साइड पार्किंग और जाम से त्रस्त हो जाता है।ऐसा दैनिक रूप में होता है। पुलिस विभाग की तैनाती के बाद भी प्रशासनिक कवायद पूरी तरह से फेल हो गई है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि निगमकर्मियों और वसुंधरा जोनल में बैठे तथाकथित अधिकारियों की शह पर पार्किंग माफियाओं की मिलीभगत से यह अवैध कब्ज़ा करके अवैध रेहड़ियों और फुटपाथ कब्जा करके अस्थाई दुकानों का धंधा चलाया जा रहा है । इसकी शिकायत कई बार विभिन्न माध्यमों से जिला और जोनल स्तर पर किया गया लेकिन कार्यवाही केवल कागजों तक सिमट कर रह जाती है। जिससे शिकायतें दर्ज होने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### यह सिर्फ अतिक्रमण नहीं, बल्कि प्रशासन की मिलीभगत और लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है

गाजियाबाद टीम 100 के संयोजक और वरिष्ठ समाजसेवी सुनील वैद्य ने गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि सरकारी जमीनों पर पार्किंग की जगह दुकान एक संगठित अपराध है। जिसको नगर निगम और पार्किंग संचालक मिलकर कराते हैं। जिसका खामियाजा जनता को गाड़ी पार्किंग अथवा आकस्मिक सेवाओं के दौरान उठाना पड़ता है। अस्पताल और डॉक्टरों के पास इलाज कराने वाली जनता पार्किंग के बजाए मरीजों को लेकर गाड़ियों में घूमती रहती है हाथ पैर जोड़कर किसी तरह अपना कार्य निबटाती है ,लेकिन उसके बाद भी स्थायी दुकानदारों अथवा जनता की शिकायतों पर कार्यवाही करने वाला कोई नहीं है। नागरिकों ने मांग की है कि नगर निगम तत्काल संज्ञान ले और सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराए। इसके साथ ही दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निगरानी तंत्र मजबूत किया जाए।

### मासिक लाखों रुपयों का मामला कैसे बंद हो अवैध वसूली का खेल

पार्किंग और फुटपाथ पर दुकानों का संचालन के पीछे उससे होने वाली अवैध आय है। जिसके कई हिस्सेदार हैं। सबको आंखें बंद करने का तय हिस्सा मिलता है। जिसके बाद यह अवैध खेल प्रशासन की नाक के नीचे और आंख के सामने खेला जाता है। जिस दिन नगर निगम , जीडीए और पुलिस सक्रिय हो जाय जनता को फौरी राहत तुरंत मिल जाएगी। लेकिन पार्किंग माफियाओं की राजनीतिक पार्टी से संबंध और संरक्षण ऐसा है कि जनता के हितों पर कुठाराघात करने में भी कोई हिचक किसी की नहीं है। नगर निगम के क्षेत्रीय छोटे से लेकर बड़े कर्मचारी अधिकारी सबको यहां के खेल की जानकारी रहती है ,उसके बावजूद कार्यवाही के नाम पर केवल कागजी कार्यवाही ही होती है। जो नागरिकों के सिरदर्द का कारण बनता है।

### अस्पताल, क्लीनिक और बैंक फिर भी पार्किंग की सुविधा नहीं

वैशाली गाजियाबाद जनपद के सबसे महंगे इलाकों शुमार होता है। पुरानी कालोनी होने और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अनदेखी और भ्रष्टाचार की बेल की जमीनी पकड़ मजबूत होने के कारण अवैध निर्माण के कारण विकास का मास्टर प्लान कब का ध्वस्त हो चुका है। सीवर , बिजली, पानी और सड़कों की स्थिति बढ़ से बदतर हो गई है। जीडीए द्वारा व्यवसायिक प्लाटों का आवंटन और पार्किंग दोनों ही व्यवस्थित तरीके से दिए लेकिन अवैध निर्माण पर बंद आंखे और पार्किंग माफियाओं की दबंगई के आगे पूरा सिस्टम ध्वस्त हो गया है। आम जनता की सुविधाओं किए हॉस्पिटल, बैंक , चिकित्सकों के क्लिनिक व्यवसायिक प्रतिष्ठान सब कुछ खुला लेकिन पार्किंग की सुविधा नदारद होने के कारण नागरिक और व्यवसायिक ज्यादा परेशान हैं।

# फिर गिरा गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी में गमला, दो लोग बाल-बाल बचे

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में सोमवार की सुबह फिर एक गमला फ्लैट की बालकनी से नीचे आ गिरा। गमला सोसायटी के ही दो लोगों के आगे आकर गिरा जिससे वह बाल बाल बच गए। सोमवार की सुबह सोसायटी के ही रहने वाले सुभाष गर्ग और गौरव बंसल टहल रहे थे कि तभी एसपी-2 टावर के एक फ्लैट से एक गमला ठीक उनके पास आकर गिरा। कुछ दिन पहले भी गौरव बंसल एक फ्लैट के छज्जे का हिस्सा गिरने से बाल बाल बचे थे। प्रशासनिक आदेशों के बाद भी आरडब्लूए की लापरवाही सोसायटी में रहने वाले लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। सोमवार की सुबह गमला गिरने से सहमे सुभाष गर्ग और गौरव बंसल ने आरडब्लूए ऑफिस में शिकायत के साथ गमले के टुकड़े जमा कराए लेकिन स्टाफ ने टुकड़े जमा करने से मना कर दिया। सुभाष गर्ग और गौरव बंसल ने कहा है कि लोगों ने अपने घरों के बाहर एसी के आउटडोर भी लगवा रखे हैं। आरडब्लूए की पूर्व अध्यक्षा रश्मि चौधरी ने बताया कि आरडब्लूए अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है। जब मेंटिनेंस चार्ज आरडब्लूए वसूल रहा है, तो सोसायटी में इन सभी बातों का ध्यान रखने की जिम्मेदारी भी आरडब्लूए की ही है। लोगों के फ्लैट के छज्जे जर्जर होकर नीचे गिर रहे हैं। लेकिन कहीं कोई सहूलियत आरडब्लूए द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जल्द ही इन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया गया तो वो दिन दूर नहीं जिस दिन सोसायटी में कोई बड़ा हादसा होगा।

# भायंदर और मीरा रोड स्टेशनों का निरीक्षण कर सांसद नरेश म्हस्के ने दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस। मुंबई



शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने आज रेल यात्रियों की समस्याओं के निराकरण की दिशा में भायंदर और मीरा रोड स्टेशनों का निरीक्षण किया। एक तरफ जहां उन्होंने अधूरे और अव्यवस्थित कार्यों के लिए रेल अधिकारियों को डांट लगाई वहीं अच्छे काम के लिए मीरा रोड के स्टेशन मास्टर का सम्मान भी किया। इस अवसर पर उनके साथ शिवसेना 145 विधानसभा प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह, जिला प्रमुख राजु भोईर, उत्तर भारतीय जिलाध्यक्ष विद्याशंकर चतुर्वेदी , राजस्थान विभाग के जिलाध्यक्ष कपिल परमार , उप जिलाप्रमुख रामभुवन शर्मा, ब्रिसेन सिंह शिवा, रेल प्रवासी संघ के अध्यक्ष कमलेश शाह, उप शहर प्रमुख उबैद शेख, उप शहर प्रमुख संकेत पाटिल, शाखा प्रमुख महेश शिंदे व अन्य नागरिकों के साथ साथ रेल प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद नरेश म्हस्के ने सबसे पहले भायंदर स्टेशन का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने लंबी दूरी की गाड़ियों के ठहराव को लेकर बढ़ाए जा रहे प्लेटफार्मों की लंबाई का निरीक्षण कर काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। शिवसेना नेता विक्रम प्रताप सिंह द्वारा राजस्थान जाने वाली गाड़ियों तथा जौनपुर जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को भायंदर स्टेशन पर ठहराव को लेकर की गई मांग के संदर्भ में उन्होंने कहा कि इस दिशा में सकारात्मक काम चल रहा है। एस्केलेटर तथा लिफ्ट की समस्या को 10 दिनों के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। रेल यात्रियों के लिए बने टॉयलेट की गंदगी को देख बेहद नाराज हुए नरेश म्हस्के ने डीआरएम पंकज सिंह तक को खरी खोटी सुनाई। भायंदर स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद वे लोकल ट्रेन द्वारा मीरा रोड स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने पूरे स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। यहां के टॉयलेट को साफ देखकर उन्होंने स्टेशन मास्टर नरेश प्रसाद का सम्मान भी किया। म्हस्के ने कहा कि रेल यात्रियों की समस्याओं के निराकरण की दिशा में वे पिछले 3 महीने से लगातार वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्यों को गति देने का निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मीरा भायंदर के रेल यात्रियों की समस्याओं का तत्काल निराकरण होना चाहिए। उन्हें किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)